3 राजधानी
कोहिनूर सिटी पर चला बुल्डोजर

6 अभिमत
सरदार पटेल, सिंधिया और स्वराज

10 विदेश
अमेरिका ने सीरिया पर किया जवाबी हमला

11 राष्ट्रीय
केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह पहुंचे छत्तीसगढ़

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 13 अंक 153
लखनऊ, शनिवार, 25 मार्च, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



स्विस ओपन के क्वार्टर फाइनल से सिंधू बाहर
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# नई दिशा में बढ़ चला है उत्तर प्रदेश

## मोदी ने कहा- योगी सरकार ने सूबे को निराशा की पुरानी छवि से बाहर निकालने का किया काम

- पीएम ने अपने संसदीय क्षेत्र में 1,780 करोड़ से अधिक की लागत वाली 28 परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया, वाराणसी को दी रोपवे की सौगात

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश निराशा की पुरानी छवि से बाहर निकलकर आशा और आकांक्षा की नई दिशा में बढ़ चला है। मोदी शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में 1,780 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली 28 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करने के बाद एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले मोदी ने संयुक्त राष्ट्र समर्थित संगठन स्टॉप टीबी पार्टनरशिप द्वारा आयोजित वन वर्ल्ड टीबी समिट को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की वसुधैव कुटुंबकम की प्राचीन भावना आधुनिक विश्व को एकीकृत दृष्टिकोण व समाधान दे रही है तथा देश, वर्ष 2025 तक टीबी खत्म करने के लक्ष्य पर काम कर रहा है जबकि वैश्विक लक्ष्य वर्ष 2030 तक टीबी को समाप्त करने का है।

उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की उत्तर प्रदेश सरकार की सराहना की जो शनिवार को दूसरे कार्यकाल का पहला साल पूरा करने जा रही है। मोदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की उत्तर प्रदेश सरकार की सराहना करते हुए कहा कि निराशा की पुरानी छवि से बाहर निकलकर यूपी आशा और आकांक्षा की नई दिशा में बढ़ चला है। सुरक्षा और सुविधा जहां बढ़ती है वहां समृद्धि आना तय है। यही उत्तर प्रदेश में होता हुआ दिख रहा है। मोदी ने स्वयं को प्रधानमंत्री के बजाय सेवक कहते हुए कहा कि केंद्र और उत्तर प्रदेश की सरकार गरीबों की सेवा के लिए काम कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 2014 से पहले बैंक खाता खुलवाना भी एक मुश्किल भरा काम था जबकि अब देश के गरीब से गरीब व्यक्ति के पास भी जन धन बैंक खाता है, जहां सीधे सहायता राशि जमा की जाती है, छोटे किसान, कारोबारी और महिला स्वयं सहायता समूहों को आसानी से मुद्रा योजना के तहत ऋण मिल रहा है। मोदी ने विपक्ष पर प्रत्यक्ष हमला नहीं किया लेकिन उनके साथ मंच साझा कर रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर निशाना साधा। सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि देश ने कल देखा है कि किस तरह से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी ने संसदीय मर्यादा को ताक पर रखते हुए दलित, गरीब, पिछड़े और वंचितों के खिलाफ बयान दिया, और जब न्यायालय की ओर से इसे लेकर खरी खोटी सुनाई गई तो कांग्रेस नेता न्यायालय की अवमानना करने पर उतारू हो गए।

### कांग्रेस को देश से माफी मांगनी चाहिए: योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी पार्टी को गरीबों, दलितों और पिछड़ों के अपमान के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के लिए शुक्रवार को 1,780 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि देश ने कल देखा है कि किस तरह से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी ने संसदीय मर्यादा को ताक पर रखते हुए दलित, गरीब, पिछड़े और वंचितों के खिलाफ बयान दिया और जब न्यायालय की ओर से इसे लेकर खरी खोटी सुनाई गई तो कांग्रेस नेता न्यायालय की अवमानना करने पर उतारू हो गए।

न्यायालय की अवमानना करने पर उतारू हो गए।

# राहुल लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य करार

- मानहानि के मामले में सजा सुनाए जाने के बाद उठाया गया कदम बोले- भारत की आवाज के लिए लड़ रहा हूं, हर कीमत चुकाने को तैयार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को सूरत की एक अदालत द्वारा मानहानि के एक मामले में सजा सुनाए जाने के मद्देनजर शुक्रवार को उन्हें लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहरा दिया गया। इसके बाद राहुल गांधी ने कहा कि वह भारत की आवाज के लिए लड़ रहे हैं और हर कीमत चुकाने को तैयार हैं।


अयोग्य ठहराए जाने की अधिसूचना के बाद लोकसभा की वेबसाइट पर सत्रहवीं लोकसभा के लिए सांसदों की सूची में वायनाड सीट को खाली दर्शाया गया है। इस सीट से राहुल गांधी निर्वाचित हुए थे। कांग्रेस ने अयोग्य ठहराने की कार्वाई को राहुल गांधी को खामोश करने का प्रयास और लोकतंत्र के लिए काला दिन करार दिया और कहा कि वह इसके खिलाफ कानूनी और राजनीतिक लड़ाई लड़ेगी। दूसरी तरफ, भारतीय जनता पार्टी ने कहा कि यह कार्रवाई कानून के मुताबिक हुई है। लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि उनका अयोग्यता संबंधी आदेश 23 मार्च से प्रभावी होगा। अधिसूचना में कहा गया है कि उन्हें (राहुल गांधी) संविधान के अनुच्छेद 102 (1) और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 धारा 8 के तहत अयोग्य घोषित किया गया है।

### राहुल को उनके कृत्य की सजा मिली: भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता समाप्त किए जाने के फैसले को अदालत के आदेश का परिणाम बताया और इसे उचित ठहराते हुए शुक्रवार को कहा कि उन्हें उनके कृत्य की सजा मिली है। गांधी की सदस्यता समाप्त होने संबंधी अधिसूचना के सार्वजनिक होने के कुछ देर बाद ही संसद भवन परिसर में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा, गाली देने में और आलोचना करने में अंतर होता है। राहुल गांधी गाली दे रहे थे। वह कोई लोकतांत्रिक बहस नहीं कर रहे थे। ओबीसी समाज को गाली देने का काम कर रहे थे... उन्हें इस कृत्य की सजा मिली है। संवाददाता सम्मेलन के दौरान यादव के साथ केंद्रीय कानून व विधि राज्य मंत्री एस पी सिंह बघेल और भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रवक्ता व राज्यसभा सदस्य अनिल बलूनी भी मौजूद थे। यादव ने कहा कि राहुल गांधी के मामले में पूरी प्रक्रियाओं का पालन किया गया और उन्हें अवसर भी दिया गया, ताकि वह अपना पक्ष रख सकें।

## चतुर्थ कूष्मांडा



**सुरासम्पूर्णकलशं रुधिराप्लुतमेव च। दधाना हस्तपद्माभ्यां कुष्मांडा शुभदास्तु मे।**

**नवरात्रि** में चौथे दिन देवी को कुष्मांडा के रूप में पूजा जाता है। अपनी मंद, हल्की हंसी के द्वारा अण्ड यानी ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इस देवी को कुष्मांडा नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि नहीं थी, चारों तरफ अंधकार ही अंधकार था, तब इसी देवी ने अपने ईषत? हास्य से ब्रह्मांड की रचना की थी। इसीलिए इसे सृष्टि की आदि स्वरूपा या आदिशक्ति कहा गया है। इस देवी की आठ भुजाएं हैं, इसलिए अष्टभुजा कहलाइ। इनके सात हाथों में क्रमश: मण्डल, धनुष, बाण, कमल-पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं। आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जप माला है। इस देवी का वाहन सिंह है और इन्हें कुम्हड़े की बलि प्रिय है।

# जयशंकर ने भारतीय उच्चायोग की सुरक्षा में कमी पर जताई नाराजगी

- मिशन की सुरक्षा की जिम्मेदारी संबंधित देश की सरकार की होती है जिसे पूरा नहीं किया गया: विदेश मंत्रालय

**पायनियर समाचार सेवा/एजेंसियां।** नई दिल्ली/लंदन



**कथित** खालिस्तान समर्थकों द्वारा लंदन में अपने उच्चायोग पर हमले को लेकर भारत ने पहली बार उच्च स्तरीय कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि उच्चायोग को सुरक्षा प्रदान करने की जिम्मेदारी संबंधित देश की होती है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि सुरक्षा प्रदान करने के दायित्वों को पूरा नहीं किया गया। इसके अलावा, ब्रिटेन के विदेश सचिव जेम्स क्लेवर्ली द्वारा लंदन में भारतीय उच्चायोग को निशाना बनाने वाले कृत्यों की निंदा करने के एक दिन बाद ब्रिटिश संसद में भी यह मुद्दा उठा और सांसदों ने 'खालिस्तानी गुंडों' के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने भारत के राजनयिक कर्मचारियों की सुरक्षा की भी मांग उठाई। भारतीय उच्चायोग पर हमले पर कड़ी आपत्ति जताते हुए विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि यह संबंधित देश का दायित्व होता है कि वहां काम कर रहे किसी अन्य देश के राजनयिक को अपना काम करने के लिए पर्याप्त सुरक्षा दे और यह भी सुनिश्चित करे कि दूतावास या उच्चायोग के परिसर का सम्मान किया जाए। इन दायित्वों का निर्वाह नहीं किया गया। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग में तोड़फोड़ के बाद भारतीय मिशनों की सुरक्षा के बारे में पूछे जाने पर जयशंकर ने कहा कि इस संबंध में हमने ब्रिटिश सरकार के साथ बातचीत की है। बेंगलुरू में एक कार्यक्रम के दौरान जयशंकर ने यह भी कहा कि कई देशों की अपनी सुरक्षा के बारे में अलग राय है और दूसरे लोगों की सुरक्षा के बारे में अलग। हम इस स्थिति को कदापि स्वीकार नहीं करेंगे।

इसी तरह के विचार व्यक्त करते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने शुक्रवार को नई दिल्ली में कहा कि हमें उम्मीद है कि मेजबान सरकारें हमारे मिशनों और वहां काम करने वाले कर्मियों को पूरी सुरक्षा प्रदान करेंगी। हम सिर्फ आश्वासनों से संतुष्ट नहीं हो सकते। हम चाहेंगे कि दोषियों पर कार्रवाई हो। उन्होंने यह भी कहा कि लंदन और सैन फ्रांसिस्को में अपने मिशनों पर हमले के मामलों को संबंधित देशों के समक्ष मजबूती से उठाया है।

## जम्मू-कश्मीर में मिले लिथियम उपयोग से वाहन विनिर्माण में पहले पायदान पर होगा भारत



**नई दिल्ली( भाषा )।** केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि भारत जम्मू-कश्मीर में हाल ही में खोजे गए लिथियम भंडार का उपयोग करता है तो वह दुनिया में वाहन विनिर्माण के क्षेत्र में पहले पायदान पर होगा। गडकरी ने उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के शुक्रवार को आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने की जरूरत है और इलेक्ट्रिक बसें ही भविष्य हैं। उन्होंने कहा, हम हर साल 1,200 टन लिथियम आयात करते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा, हमें अब जम्मू-कश्मीर में लिथियम मिला है।

# आधा दर्जन आईएस व आठ पीसीएस अफसरों के तबादले

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** सरकार ने शुक्रवार को आधा दर्जन आईएएस और आठ पीसीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। इस फेरबदल में प्रतीक्षारत आईएसएएस किंजल सिंह को चिकित्सा शिक्षा विभाग में महानिदेशक बनाया गया है। अन्य जिन आईएएस अधिकारियों के तबादले हुए हैं उनमें प्रमुख सचिव खाद रसद तथा उपभोक्ता संरक्षण एवं बांट माप वीना कुमारी मीना को वर्तमान पद के साथ महिला कल्याण तथा बाल विकास पुष्टाहार विभाग का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग में विशेष सचिव प्रकाश बिंदु को यूपीसिडको में प्रबंध निदेशक बनाया गया है। यूपीसिडको के एमडी शिव प्रसाद प्रथम को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग में विशेष सचिव बनाया गया है। प्रतीक्षारत सुनील चौधरी को विशेष सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण बनाया गया है। विशेष सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण राधेश्याम को प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पीसीएस अधिकारियों में उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग में उप सचिव प्रियंका सिंह को एडीएम (वित्त एवं राजस्व) हरदोई बनाया गया है। जबकि एडीएम (वित्त एवं राजस्व) हरदोई वंदना सिंह को प्रियंका सिंह के स्थान पर तैनाती दी गई है।

एडीएम (वित्त एवं राजस्व) अलीगढ़ अमित कुमार भट्ट को एडीएम नगर अलीगढ़ पद पर तैनाती दी गई है। जबकि एडीएम नगर अलीगढ़ मीनू राणा को अमित भट्ट के स्थान पर भेजा गया है। एडीएम (वित्त एवं राजस्व) मुजफ्फरनगर अरविंद कुमार मिश्र को सीडीओ फर्रुखाबाद बनाया गया है। एडीएम (वित्त एवं राजस्व) कन्नौज गजेंद्र कुमार को इसी पद पर मुजफ्फरनगर में तैनाती दी गई है। नगर मजिस्ट्रेट शाहजहांपुर आशीष कुमार सिंह एडीएम (वित्त एवं राजस्व) कन्नौज बनाए गए हैं। एसडीएम बरेली वेद प्रकाश मिश्रा शाहजहांपुर में नगर मजिस्ट्रेट होंगे।

## प्रतिबंधित संगठन का सदस्य होने पर चलेगा केस : कोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**यदि** कोई व्यक्ति प्रतिबंधित संगठन का सदस्य है तो उस पर यूएपीए के तहत मुकदमा चलाया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को 2011 के अपने उस फैसले को पलटते हुए यह व्यवस्था दी है जिसमें कहा गया था कि किसी प्रतिबंधित संगठन का सदस्य मात्र होने से कोई व्यक्ति अपराधी नहीं हो जाता, जब तक कि वह हिंसा में लिप्त नहीं हो या लोगों को हिंसा के लिए न भड़काए। सर्वोच्च न्यायालय ने अब उस फैसले को कानून की दृष्टि से खराब बताया है। न्यायमूर्ति एम आर शाह, न्यायमूर्ति सी टी रविकुमार और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने दो न्यायाधीशों की एक पीठ द्वारा भेजे गए एक संदर्भ में फैसला करते हुए कहा कि किसी प्रतिबंधित संगठन का मात्र सदस्य होने से भी व्यक्ति अपराधी होगा और गैर-कानूनी गतिविधियां रोकथाम कानून (यूएपीए) के प्रावधानों के तहत उसके खिलाफ मुकदमा चलाया जाएगा।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,527 | ↓ | 398 | |
| निफ्टी | 17,000 | ↓ | 131 | |
| सोना | 59,450 | ↑ | 70 | /10g |
| चांदी | 70,500 | ↑ | 520 | /kg |

## क्विक न्यूज

### कोविड के दौरान छोड़े गए कैदी 15 दिन में समर्पण करें: कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान कारागारों में भीड़ कम करने के लिए रिहा किए गए सभी दोषियों एवं विचाराधीन कैदियों को 15 दिन में आत्मसर्मण करने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति एमआर शाह और न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार की पीठ ने कहा कि महामारी के दौरान कोरोना वायरस का संक्रमण फैलने से रोकने के लिए ऐहतियात के तौर पर आपातकालीन जमानत पर रिहा किए गए विचाराधीन कैदी आत्मसमर्पण के बाद सक्षम अदालतों से नियमित जमानत का अनुरोध कर सकते हैं। कई दोषियों और विचाराधीन कैदियों को उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार गठित उच्च अधिकार प्राप्त समिति की सिफारिशों पर वैश्विक महामारी के दौरान विभिन्न राज्यों से रिहा किया गया था।

# केंद्रीय कर्मियों व पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ता 4 फीसदी बढ़ा

- सरकार ने उज्ज्वला योजना के तहत 200 रुपए प्रति एलपीजी सिलेंडर सब्सिडी एक साल के लिए बढ़ाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को महंगाई भत्ता और महंगाई राहत चार प्रतिशत बढ़ाकर 42 प्रतिशत कर दी। इससे केंद्रीय सरकार के 47.58 लाख कर्मचारियों और 69.76 लाख पेंशनभोगियों को लाभ होगा। वहीं सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत 200 रुपए प्रति एलपीजी सिलेंडर सब्सिडी एक साल के लिए बढ़ा दी।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में पेट्रोलियम उत्पादों के दाम में वृद्धि के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है। इस पहल से 9.6 करोड़ परिवार को लाभ होगा। मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने संवाददाताओं से कहा कि महंगाई भत्ता और महंगाई राहत बढ़ने से सरकारी खजाने पर सालाना 12,815.60 करोड़ रुपए का असर पड़ेगा। कर्मचारियों को महंगाई भत्ता और पेंशनभोगियों को महंगाई राहत की अतिरिक्त किस्त एक जनवरी, 2023 से दी जाएगी।

महंगाई भत्ता और महंगाई राहत में वृद्धि स्वीकृत फार्मूले के आधार पर हुई है, जो सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित है। सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने 200 रुपए प्रति रसोई गैस सिलेंडर की सब्सिडी पीएमयूवाई के लाभार्थियों को देने को मंजूरी दी है।

## लंदन में भारतीय उच्चायोग पर प्रदर्शन को लेकर दिल्ली में केस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**लंदन** में स्थित भारतीय उच्चायोग पर बीते 19 मार्च को कथित खालिस्तानी समर्थकों के हमले के मामले में दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को केस दर्ज किया है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भारतीय दंड संहिता, गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम कानून और लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है, क्योंकि इन गैरकानूनी कृत्यों को विदेश में कथित तौर पर भारतीय नागरिकों ने अंजाम दिया। भारतीय उच्चायोग में 19 मार्च को हुई घटना पर विदेश मंत्रालय से एक रिपोर्ट मिलने पर गृह मंत्रालय ने दिल्ली पुलिस को उचित कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। गौरतलब है कि खालिस्तानी झंडे लहराते और खालिस्तान के समर्थन में नारे लगाते हुए प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने लंदन में भारतीय उच्चायोग के ऊपर फहराए गए तिरंगे को गत रविवार को उतारने का प्रयास किया था।

# नई कर व्यवस्था में सात लाख से थोड़ी अधिक आय वालों को राहत

**भाषा।** नई दिल्ली

### लोकसभा में वित्त विधेयक पारित




**लोकसभा** ने शुक्रवार को 64 आधिकारिक संशोधनों के साथ वित्त विधेयक 2023 पारित कर दिया। जिन संशोधनों को मंजूरी दी गई है, उसमें नई कर व्यवस्था को अपनाने वाले करदाताओं को कुछ राहत देने के साथ जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण का गठन तथा बॉन्ड में निवेश वाले कुछ श्रेणी के म्यूचुअल फंड से दीर्घकालीन कर लाभ को वापस लेना शामिल है। सरकार ने नई कर व्यवस्था का विकल्प चुनने वाले करदाताओं को शुक्रवार को कुछ राहत दी।

इसके लिए वित्त विधेयक में संशोधन करते हुए यह व्यवस्था दी गई है कि सात लाख रुपए की कर मुक्त आय से कुछ अधिक आय अर्जित करने वाले व्यक्तियों को केवल अतिरिक्त आय पर ही कर का भुगतान करना होगा। वित्त मंत्रालय ने कहा कि नई कर व्यवस्था एक अप्रैल से प्रभाव में आएगी। वित्त मंत्रालय ने प्रावधान को समझाते हुए कहा कि नई कर व्यवस्था के तहत यदि किसी करदाता की वार्षिक आय सात लाख रुपए है, तो उसे कोई कर अदा नहीं करना होता। लेकिन यदि आय 7,00,100 रुपए है तो इसपर 25,010 रुपए का कर देना पड़ता है। 100 रुपए की इस अतिरिक्त आय की वजह से करदाताओं को 25,010 रुपए का कर देना पड़ता है। इसीलिए संशोधन के जरिए मामूली राहत देने का प्रस्ताव किया गया है ताकि व्यक्ति जो कर अदा करे वह सात लाख की कर मुक्त आय से बढ़ी हुई आय से अधिक नहीं होना चाहिए। उपरोक्त मामले में सात लाख से अधिक आय 100 रुपए है इसलिए कर भी इतनी ही राशि पर लगना चाहिए। कर विशेषज्ञों ने गणना के हिसाब से बताया है कि व्यक्तिगत करदाता जिनकी आय 7,27,777 रुपए तक होगी उन्हें इसका प्रावधान का लाभ मिल सकता है।

अन्य संशोधनों में तकनीकी सेवाओं के लिए रॉयल्टी और शुल्क पर कर की दर को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करना शामिल है। विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच वित्त विधेयक बिना चर्चा के ध्वनिमत से पारित हुआ। विपक्षी सदस्य अडाणी समूह की कंपनियों के खिलाफ लगे आरोपों की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति की मांग कर रहे थे और इससे संबंधित नारे लिखी तख्तियों को आसन के समक्ष आकर लहरा रहे थे और नारे लगा रहे थे। वित्त विधेयक के सभी 64 संशोधन ध्वनि मत से पारित हुए। राज्यसभा में पारित होने और राष्ट्रपति से मंजूरी मिलने के बाद यह कानून का रूप ले लेगा। वित्त विधेयक में जो संशोधन किए गए हैं, उसके तहत एक अप्रैल से, बॉन्ड या निश्चित आय वाले उत्पादों में निवेश से जुड़े म्यूचुअल फंड में अल्पकालीन पूंजी लाभ कर लगेगा। अबतक निवेशकों को इस पर दीर्घकालीन कर लाभ मिलता था और इस कारण यह निवेश लोकप्रिय था। फिलहाल, बॉन्ड या निश्चित आय वाले उत्पादों से जुड़े म्यूचुअल फंड में निवेश करने वाले निवेशक तीन साल के लिए पूंजी लाभ पर आयकर चुकाते हैं। तीन साल बाद ए कोष मुद्रास्फीति के प्रभाव को हटाकर 20 फीसदी या महंगाई के प्रभाव के साथ 10 फीसदी का भुगतान करते हैं।

## राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता खत्म होने का मामला

# सामाजिक समरसता पर चोट पहुंचाने वालों के खिलाफ कड़ा संदेश



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भाजपा** प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि निरंतर जनमानस की भावनाओं के खिलाफ बयानबाजी करने वाले पूर्व सांसद राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करने का फैसला स्वागत योग्य है और भारत की समाजिक समरसता पर चोट पहुंचाने वालों के खिलाफ एक कड़ा संदेश भी है कि देश का कानून और देश का संविधान सबसे ऊपर है। उन्होंने कहा कि राज परिवार में पैदा हुए राहुल गांधी के लिए गरीब व पिछड़े वर्ग के किसी व्यक्ति का प्रधानमंत्री पद पर पहुंचना असहनीय हो रहा है और यही कारण है कि मोदी को गालियां देते-देते वह पिछड़ी जातियों को भी गालियां देने लगे हैं।

चौधरी ने कहा कि राहुल गांधी का कुतार्किक, तथ्यहीन और मनगढ़ंत आरोप लगाने का इतिहास काफी पुराना रहा है। इसके तमाम उदाहरण सबके समक्ष मौजूद हैं। चाहे वो 2019 लोकसभा चुनाव से पहले जनता को भ्रमित करने के लिए राफेल पर फैलाया गया झूठ हो, जिसके लिए उन्होंने कोर्ट की फटकार खाने के बाद बिना शर्त माफी भी मांगी। चौकीदार चोर है के नारे पर भी जनमानस की अदालत में उन्हें बुरी हार का सामना करना पड़ा। चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने न जानें कितनी बार प्रधानमंत्री पर भी निजी टिप्पणियां की हैं। न्यायालय द्वारा राहुल गांध को उनके बयानों के आधार पर सजा दिए जाने के बावजूद कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के बयान को सही बता रहे हैं, जिससे पता चलता है कि सम्पूर्ण पिछड़े वर्ग को लेकर कांग्रेस की सोच क्या है। वास्तव में कांग्रेस अभी भी राजशाही की सोच से बाहर नहीं निकल पाई है। हद तो तब हो गई जब राहुल गांधी ने ओबीसी समाज पर अभद्र और अमर्यादित टिप्पणी कर उन्हें अपमानित किया, उन्हें चोर कहा और पूरी कांग्रेस उस बयान के साथ खड़ी थी। सूरत की एक कोर्ट ने उन्हें इस मामले में दो साल की सजा सुनाई और आज राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता रद्द कर दी गई है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि अपनी जिद और निरंतर जनमानस की भावनाओं के खिलाफ बयानबाजी करने वाले राहुल गांधी और कांग्रेस से पूरा ओबीसी समाज प्रजातांत्रिक एवं लोकतांत्रिक ढंग से इस अपमान का बदला आगामी चुनाव में लेगा।

## कांग्रेस का प्रदर्शन, हिरासत में लिए गए खाबरी सहित कई नेता व कार्यकर्ता

### ● मोदी-योगी की हिटलर शाही के खिलाफ कांग्रेस पार्टी अपना आंदोलन जारी रखेगी: खाबरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** की राजधानी में शुक्रवार को राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करने पर कांग्रेस नेता आक्रोश दिखाई पड़े। कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश कार्यालय से काली पट्टी बांधकर सड़क पर मार्च निकाला और जीपीओ पर प्रदर्शन करने की कोशिश की।इस दौरान हजरतगंज चौराहे के पास कांग्रेस नेताओं और पुलिस के बीच सड़क पर झड़प हुई।

कांग्रेस नेताओं का नेतृत्व कर रहे उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द करने के निर्णय को गलत ठहराया और सड़क पर मार्च निकालते हुए गुस्सा व्यक्त करने का प्रयास किया। हजरतगंज चौराहे से पहले राजभवन के सामने शांति व्यवस्था के लिए तैनात पुलिस कर्मियों ने कांग्रेस नेताओं को रोकने का प्रयास किया। पुलिस कर्मियों ने कांग्रेसी नेताओं को बलपूर्वक रोकते हुए उन्हें पीछे खदेड़ दिया। करीब एक घंटे के राजनीतिक प्रदर्शन के बाद कांग्रेस नेताओं को ब्रज वाहन में लादकर इको गार्डन भेजा गया। बताया जा रहा है कि इस प्रदर्शन में कुछ कांग्रेस नेता मामूली रुप से चोटिल हो गए। वहीं, जीपीओ स्थित गांधी प्रतिमा पर प्रदर्शन कर रहे नेताओं में नसीमुद्दीन सिद्दकी और अन्य को भी हिरासत में लेकर ब्रज वाहन से इको गार्डन भेज दिया गया। लखनऊ के अन्य क्षेत्रों में भी कांग्रेस नेताओं ने प्रदर्शन करने का प्रयास किया लेकिन उन्हें पुलिसकर्मियों ने वापस भेज दिया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कहा कि झूठ और भ्रष्टाचार के खिलाफ राहुल गांधी द्वारा लिए गए संकल्प से पीछे नहीं हटेगी और मोदी-योगी की हिटलर शाही के खिलाफ कांग्रेस पार्टी अपना आंदोलन जारी रखेगी। भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र को खत्म करने पर आमादा है। राहुल की सदस्यता सम्बन्धी निर्णय कानूनी कम राजनीतिक ज्यादा है। आज केंद्र की भारतीय जनता पार्टी की सरकार संविधान की को ताक पर रख कर बदले की भावना से काम कर रही है। हम इसके खिलाफ डरने वाले नहीं हम गांधी को मानने वाले लोग हैं झूठ और भ्रष्टाचार के खिलाफ हमारा विरोध निरन्तर जारी रहेगा। अदानी मामले में जेपीसी जांच की मांग का आंदोलन अब जनता के बीच जाएगा।

## विपक्षी नेताओं को भाजपा सरकार झूठे केसों में फंसा रही



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष एवं नेता विरोधी दल अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा लोकतंत्र की हत्या कर रही है। हर वर्ग के साथ अन्याय हो रहा है। भाजपा संविधान का गला घोट रही है। आज कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सदस्यता गई है, इसके पहले समाजवादी पार्टी के नेता आजम खां, मोहम्मद अब्दुल्ला आजम खां की सदस्यता ली गई है। कानपुर के समाजवादी पार्टी के विधायक की सदस्यता लेने के लिए अधिकारियों को साजिश और षडयंत्र के तहत लगाया जा रहा है। भाजपा सरकार साजिश और षडयंत्र के तहत अधिकारियों से विपक्ष के नेताओं को ऐसे मुकदमों में फंसाती है, जिससे सदस्यता चली जाए। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार ने महंगाई, बेरोजगारी बढ़ायी है। कानून व्यवस्था ध्वस्त है। बिजली महंगी कर दी है। गैस सिलेण्डर महंगे हो गए हैं। सरकार के पास जनता से जुड़े मुद्दों का कोई जवाब नहीं है। भाजपा सरकार महंगाई, बेरोजगारी और उसके मित्र उद्योगपतियों ने देश का जो पैसा डुबोया है, उस पर बहस नहीं करना चाहती है। हर वर्ग के साथ अन्याय हो रहा है। भ्रष्टाचार चरम पर है। पुलिस फर्जी एनकांउन्टर करती है।

## देश की राजनीति में कांग्रेस का कोई भविष्य नहीं: केशव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भाजपा** के वरिष्ठ नेता व उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य न कहा कि देश की राजनीति में कांग्रेस का कोई भविष्य नहीं है। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में उत्तर प्रदेश में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुलेगा। कांग्रेस देश में भ्रष्टाचारियों की संरक्षक बनकर उभरना चाहती है। मौर्य शुक्रवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के अपमान को भाजपा बर्दाश्त नहीं करेगी। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी को देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी ने चार साल पहले पिछड़ा समाज के खिलाफ सार्वजनिक रूप से जो अपमानजनक बातें की थी उस संदर्भ में अदालत ने उन्हें जो सजा सुनाई है, हम उसका स्वागत करते हैं। अदालत का फैसला यह दर्शाता है कि देश का कानून और देश का संविधान सबसे ऊपर है और उसकी नजर में देश के सभी नागरिक समान हैं। अदालत का निर्णय यह भी सिद्ध करता है कि चाहे कोई कितना भी बड़ा क्यों न हो, यदि उसने अपराध किया है तो उसे सजा जरूर मिलेगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पिछड़ों के बारे में जो अनर्गल और आपत्तिजनक बातें की थीं, उसकी हम सब ने तब भी निंदा की थी, आज भी निंदा कर रहे हैं। अदालत द्वारा सजा सुनाने के बावजूद जिस तरह से राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के नेता उन अपमानजनक बातों को सही ठहरा रहे हैं, वह बताने के लिए काफी है कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं की मंशा क्या है और ओबीसी समाज के बारे में उनकी सोच क्या है। कांग्रेसी युवराज राहुल गांधी अभी भी राजशाही सोच से बाहर नहीं निकले हैं।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मेरा नाम पूनम गुप्ता के स्थान पर विवाहोपरान्त पूनम केसरवानी हो गया है अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। पूनम केसरवानी सी, 384 से0 बी0 महानगर, लखनऊ।

**सूचना**

मेरा नाम गुप्ता पूनम के स्थान पर विवाहोपरान्त पूनम केसरवानी हो गया है अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। पूनम केसरवानी सी, 384 से0 बी0 महानगर, लखनऊ।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम Lal Mani Dwivedi था जो अब बदलकर Lal Mani Dubey हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। Lal Mani Dubey S/o-Rudra Pratap Dubey 191D/19, Rajruppur, Prayagraj.

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी पुत्री न्याशा के स्कूल दस्तावेजों में मेरा नाम अमित कुमार एवं मेरी पत्नी का नाम स्मिता त्रुटिवश अंकित हो गया है। अतः दोनों नाम क्रमश : अमित कुमार गुप्ता एवं स्मिता गुप्ता स्कूल के सभी दस्तावेजों में सही कर अंकित किया जाये। अमित कुमार गुप्ता A/215, एच.ए.एल. डाउनशिप, लखनऊ-16

**सूचना**

मैं आर्मी नं0 14647626 W हवलदार दिलीप कुमार यूनिट- 463 (एफ.आर. आई.) जालंधर कैंट सूचित करते हैं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में भूलवश मेरे पुत्र का नाम भानु परताप सिंह यादव दर्ज हो गया है जो कि गलत है। उसक सही नाम भानु प्रताप सिंह यादव है। भविष्य में उसे भानु प्रताप सिंह यादव के नाम से जाना-पहचाना जाये।

**सूचना**

**सूचना**

प्रार्थी महेन्द्र प्रताप सिंह का जबलपुर से लखनऊ ट्रांसफर होने पर उसका नवीन फ्लोरिंग इंटरनेशनल शेयर फोलियो नं0 13018733 व सर्टीफिकेट नंबर 532186 के 300 शेयर 47366216 से 47366515 तक के कहीं खो गये हैं। महेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र कामता सिंह नि0 सी-157/2 आरडीएसओ, लखनऊ।

## ऊर्जा निगमों के निदेशकों के चयन मामले में उठी कार्रवाई किए जाने की मांग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**ऑल** इण्डिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन ने उप्र के ऊर्जा निगमों के निदेशक के चयन में हुए घोटाले पर गंभीर चिन्ता व्यक्त करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की है कि चयन एवं शॉर्ट लिस्टिंग में किए गए घोटाले के जिम्मेदार तत्कालीन प्रमुख सचिव ऊर्जा एवं वर्तमान में चेयरमैन एम. देवराज पर कठोर कार्रवाई की जाए। एआईपीईएफ के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि उप्र ऊर्जा निगमों के 14 निदेशकों के चयन के लिए जो शॉर्ट लिस्टिंग की उसमें मानकों के विपरीत कई योग्य अभ्यर्थियों को अनावश्यक रूप से चार्जशीट देकर लिस्ट से बाहर कर दिया गया एवं कई अयोग्य अभ्यर्थियों पर आरोप होते हुए भी आरोपमुक्त कर चयन सूची में डाल दिया गया। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ की भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति की परवाह न करके एम. देवराज द्वारा किया गया यह कृत्य अत्यन्त गंभीर मामला है। इससे उप्र ऊर्जा निगमों की छवि धूमिल हुई ही है। प्रदेश सरकार की छवि पर भी इसका प्रभाव पड़ा है। शॉर्ट लिस्टिंग एवं चयन में हुए घोटाले से बनी सूची को निरस्त करने के लिए मुख्यमंत्री के फैसले का स्वागत करते हुए फेडरेशन ने सारे मामले के दोषी अधिकारी एम. देवराज पर सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## बिजली दरों में बढ़ोत्तरी के प्रस्ताव पर सुनवाई की तिथियां जारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बिजली दरों में बढ़ोतरी के प्रस्ताव पर आम जनता की सुनवाई की तिथियां जारी हो गई हैं। नियामक आयोग बिजली दरों में बढ़ोतरी पर 10 अप्रैल को बनारस, 21 अप्रैल को लखनऊ, 27 अप्रैल को आगरा और 28 अप्रैल को ग्रेटर नोएडा में सुनवाई करेगा। प्रदेश की सभी बिजली कंपनियों की तरफ से विद्युत नियामक आयोग में दाखिल वार्षिक राजस्व आवश्यकता वर्ष 2023-24 व बिजली दर प्रस्ताव पर सुनवाई की बात सामने आते ही उपभोक्ता परिषद ने किसी भी हालत में बिजली दरों में बढ़ोतरी नहीं होने देने की बात कही है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि इस बार बिजली कंपनियों की बढ़ोतरी प्रस्ताव की सुनवाई में स्वयं भाग लेकर सभी की पोल खोलेंगे। वहां पर यह बताएंगे कि बिजली कंपनियों की तरफ से दाखिल प्रस्ताव पूरी तरह असंवैधानिक है।

## कांग्रेस ने की यंग इंडिया के बोल सीजन-3 की प्रदेश स्तर पर लांचिंग

**लखनऊ।** उप्र युवा कांग्रेस द्वारा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में 'यंग इंडिया के बोल-सीजन 3' राष्ट्रीय स्तर पर भाषण प्रतियोगिता के प्रादेशिक स्तर पर लॉन्चिंग का आयोजन किया। इस मौके पर आयोजित प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए उप्र युवा कांग्रेस पूर्वी के अध्यक्ष कनिष्क पाण्डेय ने कहा कि जनप्रिय नेता राहुल गांधी ने युवाओं के लिए राष्ट्रीय स्तर पर देश के हर प्रान्त में एक प्लेटफार्म 'यंग इण्डिया के बोल' मुहैया कराया गया है। जिसका तीसरा सीजन शीघ्र आयोजित किया जायेगा। जिसका ऑफ लाइन-ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा आम जनता की आवाज को बुलंद करने और आवाज दबाए जाने के विरूद्ध अपनी बात रखने को लेकर एक मंच युवाओं को प्रदान किया गया है। इस प्लेटफार्म के माध्यम से हर वर्ग, हर जाति एवं हर तबके का युवा अपनी बात इस म्यूट तंत्र में उठाने के लिए सशक्त होगा। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कनिष्क पाण्डेय के अलावा भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं प्रभारी उप्र आशीष शर्मा, साद खान एवं गौरव जायसवाल, युवा कांग्रेस पश्चिमी के उपाध्यक्ष मुदस्सिर जमा खां सहित युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता मौजूद रहे।

## आप व्यापार प्रकोष्ठ का प्रांतीय सम्मेलन कल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आम** आदमी पाटी व्यापार प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डॉ. छवि यादव ने कहा कि 26 मार्च को चारबाग स्थित रविंद्रालय में व्यापार प्रकोष्ठ का प्रांतीय सम्मेलन होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में सभी प्रकार के व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है लेकिन आम आदमी पार्टी ने हमेशा से व्यापारियों के हितों में आवाज उठाई और संघर्ष किया है। इसलिए प्रदेश स्तर के इस सम्मेलन में हम सभी छोटे बड़े व्यापारियों को आमंत्रित करेंगे और व्यापार एसोसिएशन एवं मंडल के प्रमुख लोगों को प्राथमिकता देकर स्टेज साझा किया जाएगा।

छवि यादव शुक्रवार को आप के प्रदेश कार्यालय पर प्रेस कांफ्रेंस कर रहीं थीं। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रुप में सांसद संजय सिंह, दिल्ली सरकार की विशेष सलाहकार रीना गुप्ता, कई विधायक और अन्य गणमान्य उपस्थित रहेंगे। इस सम्मेलन में संगठन विस्तार एवं व्यापारियों की हितों की चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि आज देश का लोकतंत्र खतरे में है। राहुल गांधी पर पत्रकारां द्वारा सवाल किए जाने पर डॉक्टर छवि यादव ने कहा कि भाजपा शासन विपक्ष की आवाज को खामोश कर देने पर तुला हुआ है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को 2 साल जेल की सजा सुनाई गई है। ठीक उसी प्रकार मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन को भी असंवैधानिक एवं निराधार रूप से जेल में बंद किया गया है जबकि लगाए गए आरोप का अभी तक कोई भी सबूत नहीं मिला है। इसलिए यह बात स्पष्ट हो जाती है कि भाजपा अपने सामने विपक्ष को देखना भी नहीं चाहती। डॉ. छवि यादव न कहा कि भाजपा का प्रथम उद्देश्य है कि विपक्ष, लोकतंत्र और सवाल करने वाले लोगों को खत्म कर दिया जाए क्योंकि केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी और राज्य में मुख्यमंत्री योगी संवैधानिक दायरे से बाहर निकलकर तानाशाही को स्थापित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पोस्टर को विवाद बनाकर न जाने कितने एफ आईआर दिल्ली में करवा दिए गए जिस पर आप सांसद संजय सिंह की अगुवाई में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जंतर-मंतर पर भारी विरोध प्रदर्शन भी किया। इस तरह भाजपा ने यह साबित कर दिया कि वह विपक्ष को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगी और झूठे इल्जाम लगाकर उन पर कार्रवाई करवाएगी।

## उर्द, मूंग व रागी के बीजों को निशुल्क बांटेगी सरकार

### ● 1.5 लाख किसान होंगे लाभान्वित 7.43 करोड़ आएगी लागत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष 2023 के दृष्टिगत जायद में मडुआ (रागी) के क्षेत्राच्छादन में वृद्धि के लिए बीज मिनीकिट वितरण कर इसकी खेती को प्रोत्साहित किया जाएगा। जायद 2023 में कृषकों को उर्द एवं मूंग के 4-4 किग्रा बीज प्रति मिनीकिट तथा मडुआ (रागी) के 3-3 किग्रा बीज प्रति मिनीकिट कृषकों को राज्य सरकार द्वारा निशुल्क वितरण कराया जाएगा। प्रदेश में कृषि विभाग के निर्धारित राजकीय कृषि बीज भण्डारों से बीज मिनीकिट कृषकों को निशुल्क वितरित किया जायेगा निशुल्क बीज मिनीकिट से प्रदेश में 1.5 लाख कृषक लाभान्वित होंगे एवं जनसामान्य के आहार में दलहन एवं मिलेट्स के उपभोग को बढ़ावा मिलेगा। वित्तीय वर्ष 2022-23 में जायद में उर्द, मूंग तथा मडुआ (रागी) के निशुल्क मिनीकिट वितरण कार्यक्रम पर 7.4365 करोड़ का व्यय किया जाएगा। प्रदेश की सतत् बढ़ती जनसंख्या के पोषण के लिए दलहनी फसलों एवं मोटे अनाज (श्री अन्न के उत्पादन) उत्पादकता में निरन्तर बढ़ाये जाने की आवश्यकता है। पोषण के दृष्टि से दलहनी फसलों में उर्द व मूंग से प्रोटीन तथा मोटे अनाजों में मडुआ (रागी-फिंगर मिलेट) से पर्याप्त मात्रा में कैल्शियम, फाइबर, मिनरल प्राप्त होता है।

## बुंदेलखंड में प्राकृतिक खेती के लिए 2.56 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति

**लखनऊ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 बुन्देलखंड के सभी विकास खंडों में प्राकृतिक खेती की योजना मद में सब्सिडी के लिए प्राविधानित धनराशि 4.30 करोड़ रुपए के सापेक्ष 2.56 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए कृषि विश्वविद्यालय, बांदा में विश्वविद्यालय परिसर में आंतरिक रोड के निर्माण के लिए पांच करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए कृषि विश्वविद्यालयों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय फैजाबाद के अर्न्तगत धान पर अनुसंधान के लिए सहायता अनुदान सामान्य (गैर वेतन) के मद में प्राविधानित धनराशि एक करोड़ के सापेक्ष तृतीय किश्त के रूप में धनराशि 25 रुपए लाख की वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है।

## देश के सबसे पसंदीदा सीएम बने योगी, विदेशों में भी मची है धूम

### ● सोशल मीडिया पर योगी आदित्यनाथ के लिए जबरदस्त क्रेज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ शनिवार को अपने दूसरे कार्यकाल का पहला साल पूरा करने जा रहे हैं। इसके साथ ही उनकी लोकप्रियता में भी गजब का इजाफा देखने को मिला है। भारत के विभिन्न राज्य के लोगों के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इंडिया के फेवरेट सीएम बनकर उभरे हैं। यही नहीं विदेशों में बसे भारतीयों में भी सीएम योगी को लेकर जबरदस्त क्रेज देखा जा रहा है। सोशल मीडिया पर लगातार सीएम योगी के समर्थन में हैशटेग ट्रेंड करता रहता है।

गुरुवार को सोशल नेटवर्किंग साइट ट्विटर पर हैशटैग इंडिया के फेवरेट सीएम ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देश का सबसे फेवरेट मुख्यमंत्री बताया गया है। इस ट्रेंड में यूपी ही नहीं तमिलनाडु, पंजाब, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, दिल्ली और उत्तराखंड के लोगों ने योगी आदित्यनाथ को सबसे बेहतरीन मुख्यमंत्री बताया है। यही नहीं जर्मनी और स्पेन से भी लोगों ने योगी को बेस्ट सीएम बताया है। सोशल मीडिया पर करोड़ों यूजर्स के बीच सीएम योगी और बदलते उत्तर प्रदेश को लेकर चर्चाएं आम हैं।

गौरतलब है कि यूपी से माफिया और गुंडाराज के खात्मे के अलावा जिस तरह से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिला सुरक्षा, शिक्षा, अपराधए इन्फ्रास्ट्रक्चर, एक्सप्रेस वे, 35 लाख करोड़ का निवेश और रोजगार के मोर्चे पर बेहतरीन प्रदर्शन किया है, उसे देखते हुए सीएम योगी को लेकर क्रेज बढ़ते हुए साफ देखा जा सकता है। इसके अलावा जिस तरह से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने दशकों से बने परसेप्शन को तोड़ते हुए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की रैंकिंग में ऊंचाइयों को हासिल किया है, उसे भी लोगों की सराहना मिल रही है। साथ ही विरासत का सम्मान और अयोध्या, काशी, मथुरा सहित चित्रकूट, नैमिष और प्रयागराज में जिस तरह मूलभूत सुविधाओं का विकास करते हुए धार्मिक पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा दिया गया है, उसे लेकर भी लोगों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लेकर सकारात्मक भाव बढ़ा है।

## खिलाड़ियों के लिए बड़ी खुशखबरी

# सभी जिलों के राजकीय स्टेडियम में लगाए जाएंगे हेल्थ एटीएम

### ● हो सकेगी 50 से ज्यादा पैरामीटर की जांच



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में खिलाड़ियों के लिए बड़ी खुशबरी है। राज्य के सभी जिलों के राजकीय स्टेडियम में हेल्थ एटीएम लगाए जाएंगे, जिससे स्टेडियम में खेलने वाले खिलाड़ी अपना हेल्थ की रूटीन चेकअप मुफ्त में करा सकेंगे। यह हेल्थ एटीएम एसजीपीजीआई से कनेक्ट रहेगा और खिलाड़ी हेल्थ एटीएम पर जाकर अपनी कई बीमारियों की जांच रिपोर्ट प्राप्त कर सकेंगे।

अपर मुख्य सचिव, खेल एवं युवा कल्याण डॉ. नवनीत सहगल ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि हेल्थ एटीएम लगने से खिलाड़ियों की 50 से ज्यादा पैरामीटर की जांच हो सकेगी। इसमें ब्लड प्रेशर, ग्लूकोज, शरीर का तापमान, ऑक्सीजन सेचुरेशन लेवल, बॉडी वॉटर, फैट, बोन मास इंडेक्स, फैट फ्री वेट, बॉडी प्रोटीन आदि का टेस्ट करवा करते हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार प्रदेश में खेल एवं खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। डॉ. सहगल ने बताया कि प्रदेश के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तैयारी कराने के लिए हेल्दी डाइट के साथ-साथ शारीरिक रूप से उनकी क्षमता में वृद्धि के लिए समय-समय पर उनका स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाना आवश्यक है। खिलाड़ियों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। खिलाड़ियों को अत्याधुनिक एवं त्वरित जांच की सुविधा देने में यह हेल्थ एटीएम काफी सहायक होंगे। सम्यक विचारोपरान्त हब एवं स्पोक मॉडल से एसजीपीजीआई, लखनऊ से समन्वय कर हेल्थ एटीएम का संचालन किया जायेगा। इसके लिए 7.95 करोड़ रुपए व्यय किया जाएगा।

**कार्यालय तहसीलदार सदर, गोण्डा**

**सार्वजनिक नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023-2024 (01.04.2023 से 31.03.2024 तक) के लिए तहसील परिसर में उप जिलाधिकारी न्यायालय के सामने बनी कैण्टीन जिसमें 01 कमरा (खुले बरामदे के बगल) व कमरे के सामने बरामदा व एक खुला बरामदा (पराग स्टाल को छोड़कर) की नीलामी वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए दिनांक 28.03.2023 को अपरान्ह 3.00 बजे तहसील सभाकक्ष में निश्चित की गयी है। विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

**तहसीलदार, सदर गोण्डा।**

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित।
स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# कोहिनूर सिटी पर चला बुल्डोजर

● बीकेटी में 10 बीघा की अवैध प्लाटिंग पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई

● स्वीकृत मानचित्र व तलपट मानचित्र प्रस्तुत नहीं कर सका आरोपी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीकेटी** में एलडीए द्वारा 10 बीघे में अवैध प्लाटिंग पर कड़ी कार्रवाई की गयी। ग्राम भैसामऊ के आस-पास कोहिनूर सिटी के नाम से अवैध प्लाटिंग पर विहित प्राधिकारी द्वारा नोटिस जारी कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। बिना स्वीकृत मानचित्र के अवैध प्लाटिंग पर प्रवर्तन टीम ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गयी।

शुक्रवार को एलडीए के प्रवर्तन टीम ने बीकेटी में आरआर इंजीनियरिंग कॉलेज के बगल में लगभग 10 बीघा जमीन पर की जा रही अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्रवाही की। जोनल अधिकारी प्रिया सिंह ने बताया कि बृजेश सिद्दीकी व अन्य द्वारा बीकेटी के ग्राम-भैसामऊ में आरआर इंजीनियरिंग कॉलेज के बगल में लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में कोहिनूर सिटी नाम से अवैध प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा है। इसके विरूद्ध विहित न्यायालय में वाद संख्या-10/2020 दर्ज किया गया था। इस मामले में विपक्षी द्वारा कोई स्वीकृत मानचित्र व तलपट मानचित्र प्रस्तुत नहीं किया गया।

स्थल पर चोरी-छिपे विकास कार्य कराते हुए प्लाटिंग का कार्य कराया जाता रहा। इस पर विहित न्यायालय द्वारा ध्वस्तीकरण आदेश पारित किये गये। इस आदेश पर सहायक अभियंता एनएन चौबे, अभियंता राजीव कुमार श्रीवास्तव व विपिन बिहारी राय द्वारा प्राधिकरण पुलिस बल के सहयोग से अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करायी गयी। सहायक अभियंता एनएन चौबे ने बताया कि निजी विकासकर्ता द्वारा स्थल पर कच्ची.पक्की सड़क, नाली, विद्युत पोल, बाउंड्रीवॉल, पार्टीशन वॉल व गेट आदि का निर्माण कराया गया था, जिसे कार्यवाही के दौरान पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया।

## लखनऊ विश्वविद्यालय के 31 छात्रों का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ** विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी संकाय के प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में चार कंपनियों में 31 छात्र-छात्राओं का प्लेसमेंट हुआ है। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि आईबीएम में बीटेक के छात्र चिरंजीव श्रीवास्तव का चयन एसोसिएट सिस्टम इंजीनियर के पद पर 4.5 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर, लर्निंग रूट्स में बीटेक की छात्रा दिव्याशी का चयन सेल्स एसोसिएट के पद पर 5.7 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर, साथ ही स्किलवर्टेक कंपनी में बीटेक के 29 छात्र.छात्राओं अभिनव, आदित्य पांडेय, अमान अली, अंकित सिंह, जतिन कश्यप, कार्तिकेय कुमार, कृष्णकांत, क्षमा दुबे, नेहा मौर्या, निखिल सोनी, रजनीश कुमार, शिवांगी, शिवानी सिंह, उत्कर्ष मेहरा, अनन्या यादव, कोमल, निशा यादव, प्रतिक्षा बाजपेयी, प्रियंका कुशवाहा, साक्षी वर्मा, सौम्या, वरुण कुमार, मोहम्मद साद, रघुवंश शर्मा, शंकर कुमार, शिवाली शर्मा, ज़ेबा, आदर्श कुमार और नितिन वर्मा का चयन बिजनेस डेवलपमेंट एसोसिएट के पद पर आधिकतम 6 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ आलोक कुमार राय एवं संकाय के डीन प्रो ए के सिंह एवं डॉ हिमांशु पाण्डेय ने चयनित छात्र. छात्राओं को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## नगर सेफसिटी के कार्यों की मण्डलयुक्त ने की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नगर** सेफसिटी के कार्यों की मंडलायुक्त द्वारा समीक्षा बैठक की गयी। मंडलायुक्त द्वारा अधिकारियों को मौके पर जाकर कंट्रोल रूम का जायजा लेने का निर्देश दिया गया। मंडलायुक्त द्वारा कंट्रोल रूम का कार्य पूरा करने के कार्य में तेजी लाने लिए कहा गया। यही नहीं उन्होंने कहा कि अन्य चौराहों के भी सीसीटीवी कैमरों को स्मार्ट सिटी के कमाण्ड रूम से जोड़ा जायेगा। मण्डलायुक्त डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में नगर सेफसिटी के कार्यों की समीक्षा बैठक की। मंडलायुक्त ने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश देते हुये कहा कि मौके पर जाकर कन्ट्रोल रूम की भौतिक स्थिति का जायजा ले लिया जाये। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारी से जानकारी लिया कि कितने प्रतिशत कन्ट्रोल रूम का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। सम्बन्धित द्वारा बताया गया कि 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण करा लिया गया है, शेष बचे हुए कार्य जल्द ही पूर्ण करा लिया गया है। उन्होंने कहा कि शहर में जो भी सीसीटीवी कैमरे लगे है उन्हें स्मार्ट सिटी के कमाण्ड रूम से जोड़ा जायेगा। इससे नगर में होने वाली आपराधिक मामलों में अंकुश लगाया जा सकेगा। बैठक के दौरान मण्डलायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम, सर्विलांस कैमरा, पोल फाउण्डेशन, कमाण्ड कन्ट्रोल सिस्टम, पावर कनेक्शन, नेटवर्क सिस्टम, कैमरा स्टालेशन आदि कार्यों को युद्ध स्तर पर कराते हुये समयम में पूर्ण करा लिया जाये।




## बुन्देलखण्ड क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ाने के लिए ऐक्शन प्लान तैयार करें: दुर्गा शंकर

● मुख्य सचिव ने पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के कार्यों की समीक्षा की

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्य** सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र ने पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में बुंदेलखंड, नैमिषारण्य में पर्यटन की संभावना और लोगों के आवागमन की संख्या बढ़ाने पर मंथन किया गया। इन क्षेत्रों में पर्यटन विकास व फुटफाल बढ़ाने के लिए कंसल्टेंट्स द्वारा किए गए अध्ययन व शोध का प्रस्तुतिकरण दिया गया।

मुख्य सचिव ने कहा कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ाने के लिए सूक्ष्म, लघु एवं दीर्घ कालिक ऐक्शन प्लान तैयार करें। हैरिटेज साइट को पीपीपी मोड पर डेस्टिनेशन होटल, रिजॉर्ट्स, म्यूजियम, फूडकोर्ट आदि के रूप में विकसित करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि कई धार्मिक स्थलों या हैरिटेज साइट को जोड़कर एक टूर पैकेज तैयार कर लोगों को भ्रमण कराया जा सकता है। इन स्थानों से संबधित त्योहारों या संस्कृति से संबंधित एक्टिविटी कराएं। लोगों को जागरूक करने व उनके अंदर इन स्थानों पर जिज्ञासा उत्पन्न करने के लिए ब्लॉग लिखवाएं और सोशल मीडिया पर व्यापक प्रचार प्रसार कराएं। इन स्थानों पर बच्चों को पिकनिक पर भेजा जा सकता है।

## पीजीआई के सीएमएस बने प्रो. संजय धीरज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पीजीआई** के निदेशक डॉ.आर.के. धीमन ने संस्थान के नये सीएमएस के रूप में एनेस्थेसिया विभाग के प्रो. संजय धीरज की नियुक्ति का आदेश जारी किया है। प्रो. धीरज कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से दो वर्ष तक सीएमएस पद के दायित्व का निर्वहन करेंगे।



### प्रथम एसजीपीजीआई पीडियाट्रिक गैस्ट्रो क्लिनिक-2023 कल से

**संजय** गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के पीडियाट्रिक गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग 26 मार्च को अपनी स्थापना के 15 वर्ष पूर्ण कर रहा है। विभाग का औपचारिक उद्घाटन 26 मार्च 2008 को प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल टीवी राजेश्वर द्वारा किया गया था। एसजीपीजीआई में पीडियाट्रिक गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग होना एक बड़ी उपलब्धि थी क्योंकि यह उत्तर प्रदेश राज्य के साथ.साथ देश का भी पहला विभाग था। विभाग 26 मार्च को अपना स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर विभाग टेलीमेडिसिन ऑडिटोरियम में दो दिवसीय प्रथम एसजीपीजीआई पीडियाट्रिक गैस्ट्रो क्लिनिक-2023 का आयोजन करेगा। इस सम्मेलन में पीडियाट्रिक गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और हेपेटोलॉजी के क्षेत्र के विभिन्न विशेषज्ञ और विद्वान भाग ले रहे हैं। सम्मेलन के लिए देश भर के साथ.साथ बांग्लादेश और नेपाल जैसे पड़ोसी देशों के 100 से अधिक पीडियाट्रिक गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट ने पंजीकरण कराया है।

### चौथा नेशनल हार्ट फेलियर कान्फ्रेंस आज से

**पीजीआई** में कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया शनिवार से सीएसआई के यूपी चैप्टर के सहयोग से दो दिवसीय चौथे राष्ट्रीय हार्ट फेल्योर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। दो दिवसीय बैठक में कई विषयों को शामिल किया जाएगा, जिसमें नई चिकित्सा और प्रौद्योगिकियां, नवीनतम शोध निष्कर्ष और इस रोग के प्रबंधन के लिए सर्वोत्तम अभ्यास शामिल हैं। यह सम्मेलन प्रतिभागिता कर रहे विशेषज्ञों को अपने साथियों के साथ नेटवर्क बनाने और अत्याधुनिक अनुसंधान और नैदानिक प्रथाओं पर चर्चा करने के लिए एक मंच भी प्रदान करेगा। इस सम्मेलन में सामान्य चिकित्सकों सहित 500 से अधिक कार्डियो वैस्कुलर विशेषज्ञों के भाग लेने की उम्मीद है। पूरे भारत के वक्ता भाग लेने वाले प्रतिनिधियों के लाभ के लिए अपने ज्ञान के आधार और अनुभव को साझा करेंगे।

# 25 क्षय रोगियों को लिया गया गोद

टीबी दिवस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से विश्व क्षय रोग दिवस पर शुक्रवार को राजभवन स्थित गाँधी सभागार में प्रमुख सचिव राज्यपाल, कल्पना अवस्थी की अध्यक्षता में राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सामुदायिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से 25 टीबी रोगियों को गोद लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रमुख सचिव राज्यपाल कल्पना अवस्थी ने बताया कि प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने 25 अगस्त 2019 को राजभवन द्वारा 21 बाल टीबी रोगियों को गोद लेकर सामुदायिक सहायता का एक अभिनव उदाहरण पेश किया। इससे पूरे देश को प्रेरणा मिली और पूरे देश ने इस परम्परा को अपनाया। प्रदेश सरकार ने भी इसे अपनी योजना में शामिल करके इसे और विस्तार दे दिया तथा बाल रोगी के साथ.साथ व्यस्क रोगियों को भी गोद लेने की योजना में शामिल कर लिया गया।

प्रमुख सचिव राज्यपाल ने कहा कि विश्व में बड़ी जनसंख्या का देश होने के कारण सर्वाधिक टीबी के रोगी भारत में हैं और भारत का वृहद् जनसंख्या वाला प्रदेश होने के कारण देश के क्षय रोगियों का सर्वाधिक प्रतिशत उत्तर प्रदेश में है। इसी क्रम में प्रमुख सचिव राज्यपाल ने जानकारी दी कि वर्ष 2022 में राजभवन में जिन 103 टीबी रोगियों को गोद लिया गया था, उनमें से 101 रोगी रोग मुक्त होकर स्वस्थ हो चुके हैं। जबकि 2 रोगी अभी चिकित्साधीन हैं। रोगियों को गोद लेने वाले अधिकारी एवं कर्मचारी निक्षयमित्र के रूप में चिह्नित हैं, जिनके द्वारा गोद लिए गए रोगियों के स्वस्थ हो जाने पर नए चिह्नित रोगी गोद दिए जाने की परम्परा जारी है। महानिदेशक चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ लिली सिंह ने बताया कि क्षय रोग इस समय विश्व स्तर पर चिंता का विषय है। आज के कार्यक्रम में राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा गोद लिए गए सभी 25 रोगी तथा बाल रोगियों के साथ उनके अभिभावक भी उपस्थित थे। सभी रोगियों को उन्हें गोद लेने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पोषण सामग्री के बैग प्रदान किए। बैग में पोषण सामग्री के साथ.साथ रोगियों को उन्हें गोद लेने वाले नि:क्षय मित्र अधिकारी और कर्मचारी का नाम एवं मोबाइल नम्बर युक्त एक कार्ड भी प्रदान किया गया। कार्ड में रोगियों द्वारा व्यवहार किये जाने और न किये जाने वाले कार्य की जानकारी के साथ.साथ नि:शुल्क जाँच और अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नम्बर भी अंकित किया गया है।

**2500 केंद्रों में है जांच व इलाज की सुविधा:** उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में मरीजों की सुविधाओं के लिए, 2500 केंद्रों टीबी जांच व इलाज की सुविधा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से लेकर मेडिकल संस्थान तक शामिल हैं। सरकारी अस्पतालों में टीबी की जांच मुफ्त हो रही है।

**बीमारी के लक्षण**

- दो हफ्ते से अधिक समय तक खांसी आना
- शाम के समय बुखार आना
- सीने में दर्द होना
- कमजोरी व थकान लगना
- बलगम में खून आना

### समय पर जांच व इलाज से रोग का होगा सफायाः पाठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**टीबी** को हराने के लिए समय पर बीमारी की पहचान जरूरी है। यह जन सहभागिता से मुमकिन है। टीबी के लक्षण और उसकी गंभीरता को जन.जन तक पहुंचाकर बीमारी को खत्म करने के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर सकते हैं। विश्व टीबी दिवस पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश से टीबी का खात्मा तय समय पर होगा।

प्रधानमंत्री के निर्देशन में टीबी मुक्त भारत बनाना है। उन्होंने कहा कि टीबी के सफाए के लिए समय पर बीमारी की पहचान जरूरी है। स्वास्थ्य विभाग इस काम को बखूबी निभा रहा है। मौजूदा समय में यूपी में करीब पांच लाख 23 हजार टीबी के मरीज हैं। करीब 8000 गर्भवती महिलाओं में टीबी के लक्षण पाए जाते हैं। एक अप्रैल 2018 से हर माह पंजीकृत टीबी मरीज के बैंक खाते में 500 रुपये भेजे जा रहे हैं। अब तक 16 लाख 18 हजार टीबी मरीजों के बैंक खाते में यह रकम भेजी जा चुकी है। कुल चार करोड़ 20 लाख का भुगतान किया जा चुका है। 19800 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर परें निक्षय दिवस मनाया जाता है। इसका मकसद मरीजों को इलाज के साथ पोषण उपलब्ध कराना है। टीबी के बैक्टीरिया को खत्म करने के लिए मरीजों को सही पोषण उपलब्ध कराना बेहद जरूरी है।

### एकेटीयू ने मनाया निक्षय दिवस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विश्व** क्षय रोग दिवस को डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ने निक्षय दिवस के रूप में मनाया। इस मौके पर कुलपति प्रो आलोक कुमार राय के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के फॉर्मेसी विभाग की ओर से वेबिनार का आयोजन किया गया। इस दौरान बतौर मुख्य वक्ता एम्स जोधपुर के प्रो रवि गौड़ ने टीबी रोग के लक्षण और बचाव के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि अधिकतर मामलों में टीबी रोगी अपने रोग को पहचान ही नहीं पाता है। यदि उसे पता चल भी जाता है तो सामाजिक धारणाओं के चलते वह रोग को छुपाता है। जिससे न केवल उसके लिए खतरा बढ़ जाता है बल्कि अन्य लोगों में भी बीमारी फैलने की संभावना रहती है। इसलिए जरूरी है कि यदि टीबी के लक्षण दिखे तो तत्काल जांच करानी चाहिए। जांच के बाद नियमित दवा खाने से यह रोग समाप्त हो जाता है। वहीं पौष्टिक आहार भी रोगी के लिए जरूरी है।

### नेशनल पीजी कालेज ने चलाया जागरूकता अभियान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नेशनल** पीजी कालेज के मानव विज्ञान विभाग द्वारा शुक्रवार को विश्व टीबी रोग दिवस पर जागरूकता अभियान एवं अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस जागरूकता अभियान को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो देवेन्द्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में, मानव विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ प्रीति सिंह ने नेतृत्व प्रदान किया। प्राचार्य द्वारा प्राकृतिक उपचार के माध्यम से रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी छात्र-छात्रों को दी गयी। इस अवसर पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा एक जन जागरूकता रैली निकाली गयी, जिसमे बैनरो तथा पोस्टरों के माध्यम से टीबी रोग के लक्षणों तथा इससे बचाव के बारे में जन मानस को जागरूक किया गयी। यह रैली नेशनल पी.जी. कॉलेज से शुरू होकर सिकंदर नगर बस्ती तक गया। बस्ती में मानव विज्ञान विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा 'टीबी है हमारा दुश्मन सतर्कता है हमारा हथियार' विषय पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी लोगों में इस रोग के प्रति जागरूकता का प्रसार किया गया तथा लोगों से सचेत रहने की अपील की। विभाग के शिक्षकों एवं छात्र-छात्रों द्वारा पोषक आहार का वितरण भी किया गया। इस दौरान डॉ प्रीति सिंह द्वारा स्थानीय निवासियों को संबोधित किया गया।

### समाज कार्य विभाग में मना निक्षय दिवस

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के समाजकार्य विभाग की दीन दयाल शोध पीठ द्वारा विश्व क्षय रोग दिवस को निक्षय दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के आयोजक प्रोफेसर अनूप कुमार भारतीय ने अपने उद्बोधन में क्षय रोगियों से बात करते हुए कहा कि हम सभी लोग जब कभी किसी समस्या से ग्रसित होते है तो हम पर आर्थिक, सामाजिक व मानसिक दबाव रहता है।



HDFC BANK
We understand your world

विधि प्रकोष्ठ : निखलेश पैलेस, 17/4ए अशोक मार्ग, लखनऊ-226001

**कब्जा सूचना परिशिष्ट iv [नियम 8(1)]**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने, एचडीएफसी बैंक लि. के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनरनिर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग सूचना दिनांकित 22–12–2022 जारी की थी, जिसमें कर्जदार(रों) 1. श्री मृत्युंजय दुबे पुत्र स्व. श्री श्रीकृष्ण दुबे (कर्जदार एवं बंधकदाता) 2. श्री जगेश्वर प्रसाद दुबे पुत्र स्व. श्री श्रीकृष्ण दुबे (कर्जदार एवं बंधकदाता) से उक्त सूचना में वर्णित अनुसार बकाया राशि रू. 8,82,099/– (रूपए आठ लाख बयासी हजार निन्यानवे मात्र) का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति के 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी। कर्जदार उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार(रों) और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 एवं 9 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा 23–03–2023 को प्राप्त कर लिया है। कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है। कर्जदार को विशेष रूप से और जनसाधारण को इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्तियों के संबंध में कोई भी संव्यवहार एचडीएफसी बैंक लि. की बकाया राशि रू. 8,82,099/– (रूपए आठ लाख बयासी हजार निन्यानवे मात्र) पर ब्याज तथा व्यय एवं प्रभारों जोड़कर तथा भुगतान की गई राशि, यदि कोई किया गया है, घटाकर शेष राशि चुकाने के बाद ही किया जा सकता है।

**अचल सम्पति का वर्णन**

प्लॉट नंबर 216 एवं 217, परिमाप 348.13 वर्ग मीटर, स्थित मौजा नटवा, टप्पा 84, परगना कांतिक, तहसील एवं जिला मिर्जापुर, उत्तर प्रदेश–231001. चौहद्दी निम्नानुसार : पूरब : गीता स्वामी आश्रम, पश्चिम : भूमि का बाकी हिस्सा, उत्तर : सरकारी रोड, दक्षिण : रास्ता।

तिथि – 23–03–2023
स्थान : मिर्जापुर

प्राधिकृत अधिकारी
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

# युवा जरूरत के अनुसार करें मोबाइल का इस्तेमाल: सहगल

● सोशल मीडिया और मोबाइल एडीक्शन से प्रभावित हो रही युवाओं की नींद: डॉ बिपिन पुरी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**किंग** जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के अटल बिहारी वाजपेयी कन्वेंशन सेंटर में शुक्रवार से यूथ.20 के तहत हेल्थ वेल बींग एंड स्पोर्ट्स–एजेंडा फॉर यूथ की थीम पर परामर्श बैठक की शुरुआत हुई। यूथ .20 के इस कार्यक्रम में कुल 6 देशों सहित देश के 12 राज्यों के हर जिले से चयनित 150 युवाओं सहित कुल 700 लोगों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुये अपर मुख्य सचिव युवा कल्याण नवनीत सहगल ने कहा कि भारत की ताकत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि हम एक मात्र एसे देश है जिससे रुस और यूक्रेन दोनों बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवा मोबाईल का सिर्फ उतना ही इस्तेमाल करे जितनी ज़रुरत हो, अगर मोबाईल पर कोई आवश्यक कार्य नही है तो उसे दूर रख दे। केजीएमयू के कुलपति डा बिपिन पुरी ने युवाओं को संबोधित करते हुये कहा कि सोशल मीडिया और मोबाईल एडीक्शन एक गंभीर विषय है जिस पर पूरे देश के युवाओं को विचार करना चाहिये । उन्होंने कहा कि मोबाईल एडीक्शन और सोशल मीडिया के अधिक इस्तेमाल से युवाओं में नींद का अभाव और तनाव है। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के निदेशक पंकज कुमार सिंह ने कहा कि पूरे विश्व की तुलना में भारत के पास कुल 800 मिलियन युवा है जो कि 66 प्रतिशत है।

# आम की फसल को कीट व रोगों से बचाने के करें उपाय: डॉ. आरके तोमर

● उद्यान निदेशक ने की भुनगा एवं मिज कीट तथा खर्रा रोग से आम की फसल को बचाने की अपील

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उद्यान** एवं खाद्य प्रसंस्करण निदेशक डॉ. आरके तोमर ने बताया कि वर्तमान में आम की फसल को मुख्य रूप से भुनगा एवं मिज कीट तथा खर्रा रोग से क्षति पहुँचने की सम्भावना रहती है। प्रदेश में आम के गुणवत्तायुक्त उत्पादन के लिये सम.सामयिक महत्व के कीट एवं रोगों का उचित समय प्रबन्धन नितान्त आवश्यक हैए क्योंकि बौर निकलने से लेकर फल लगने तक की अवस्था अत्यन्त ही संवेदनशील होती हैं।

डॉ. आरके तोमर ने बताया कि आम के बागों में भुनगा कीट कोमल पत्तियों एवं छोटे फलों के रस चूसकर हानि पहुंचाते है। प्रभावित भाग सूखकर गिर जाता है साथ ही यह कीट मधु की तरह का पदार्थ भी विसर्जित करता है जिससे पत्तियों पर काले रंग की फफूंद जम जाती है, फलस्वरूप पत्तियों द्वारा हो रहा प्रकाश संश्लेषण की क्रिया मंद पड़ जाती है। इसी प्रकार से आम के बौर में लगने वाला मिज कीट मंजरियों एवं तुरन्त बने फलों तथा बाद में मुलायम कोपलों में अण्डे देती है जिसकी सूंडी अन्दर ही अन्दर खाकर क्षति पहुंचाती हैए प्रभावित भाग काला पड़ कर सूख जाता है।

उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण निदेशक ने भुनगा एवं मिज कीट के नियंत्रण के लिए इमिडाक्लोप्रिड .3 मिली प्रति लीटर पानी या क्लोरपाइरीफास 2 मिली प्रति ली. पानी अथवा डायमेथोएट 2 मिली ली. पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव करने की सलाह दी है। इसी प्रकार खर्रा रोग के प्रकोप से ग्रसित फल एवं डंठलों पर सफेद चूर्ण के समान फफूंद की वृद्धि दिखाई देती है। प्रभावित भाग पीले पड़ जाते हैं तथा मंजरियाँ सूखने लगती हैं। इस रोग से बचाव हेतु ट्राइडोमार्फ 1.0 मिली. या डायनोकेप 1.0 मिली. ली. पानी की दर से भुनगा कीट के नियंत्रण हेतु प्रयोग किये जा रहे घोल के साथ मिलाकर छिड़काव किया जा सकता है। डॉ. तोमर ने बागवानों को यह भी सलाह दी है कि बागों में जब बौर पूर्ण रूप से खिला हो तो उस अवस्था में कम से कम रासायनिक दवाओं का छिड़काव किया जाये जिससे पर परागण क्रिया प्रभावित न हो सके।

परिशिष्ट IV-A
नियम 8(6) का नियम देखें

**अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) और नियम 9(1) के नियमों को पढ़ते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ़ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ़ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना।

सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गारेंटर (ओं) को सूचित किया जाता है की निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनांस लिमिटेड** [CIN: **L65922DL2005PLC136029**] **(सुरक्षित लेनदार द्वारा)** द्वारा **रचनात्मक कब्जा** लिया जा चुका है, को **17.04.2023** को **दोपहर 02.00 से 04.00 बजे** तक ''जहाँ है'',''जैसा है'', और ''जो कुछ भी है'' की वसूली के लिए ऋण खाता नं. **HHLBRL00424314**; के लिए **रु. 63,38,668/– (रुपये तिरसठ लाख अड़तीस हजार छह सौ अड़सठ मात्र)** के लिए **21.03.2023** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंभ शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य संबंधित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागूभावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **22.03.2023** से प्रभावी जो **रौनक जॉली** और **सिंपल जॉली** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है की वसूली के लिए बेचा जाएगा।

अचल संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य **रु. 66,00,000/– (रुपए छियासठ लाख मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट **(ईएमडी) रु. 6,60,000/– (रुपए छह लाख साठ हजार मात्र)** यानि आरक्षित मूल्य के 10%के बराबर होगा।

**अचल संपत्ति का वर्णन**

**मकान/प्लॉट नं. 107–एच का क्षेत्रफल 110.38 वर्ग मीटर, बियरिंग खसरा नं. 139 मिन, भरमपुरा पूर्वी मारूफ रेजीडेंसी गार्डन, बरेली – 243001, उत्तर प्रदेश में स्थित है।**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानि www.indiabullshomeloans.com पर दिए गए लिंक को देखे और बोली लगाने के लिए www.auctionfocus.in पर लॉग ऑन करें।

सही
दिनांक: 22.03.2023 — अधिकृत अधिकारी
स्थान: बरेली — इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनांस लिमिटेड

# रमपुरा के गांवों में पाटे जा रहे तालाब

● उतरावां की चौपाल में भाकियू नेता ने दर्ज कराई रिपोर्ट, लेखपाल को कार्रवाई के निर्देश

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**उतरावां** के रमपुरा गांव में कुछ लोग घरों की पानी निकासी के लिए बने तालाबों पर अतिक्रमण कर पाटते जा रहे हैं। जिससे भविष्य में पानी निकासी की समस्या चुनौती बन सकती है। शुक्रवार को ग्राम चौपाल में मिली शिकायत पर बीडीओ पूजा सिंह ने लेखपाल को गांव में सरकारी भूमि पर बने तालाबों पर अतिक्रमण रोंकने के निर्देश दिए हैं। भोला खेड़ा के लोगों ने नाली पर अतिक्रमण का आरोप लगाकर जलभराव की समस्या बताई। बीडीओ ने सचिव अरुण कुमार सिंह को ग्रामीणों और पुलिस के सहयोग से समस्या का निदान कराने के निर्देश दिए। डीहा गांव के लोगों ने एएनएम सेण्टर पर इलाज की सुविधा नही होने की शिकायत दर्ज कराई। चौपाल में स्वास्थ्य विभाग से मौजूद सीएचओ ने कुर्मिन खेड़ा के हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर पर नियमित ई ओपीडी चलने की जानकारी देकर ग्रामीणों से वहां आकर इलाज कराने की अपील की। शिवपुरा और रमपुरा के स्कूलों में कायाकल्प के कार्य नही कराए जाने की शिकायत पर बीडीओ ने सचिव को अविलम्ब स्कूल कायाकल्प के कार्य शुरु कराने की हिदायत दी। चौपाल में एडीओ कृषि वीरेन्द्र कुमार वर्मा एडीओ समाज कल्याण शिवशरण सिंह और एडीओ पंचायत अशोक यादव समेत अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी का निरीक्षण कर कायाकल्प के निर्देश

आंगनबाड़ी केन्द्र सैदापुर सड़क किनारे स्थित है लिहाजा बच्चों के लिए सड़क हादसे का खतरा बना रहता है। कुछ लोगों ने चौपाल में समस्या बताई। जिस पर बीडीओ पूजा सिंह ने निरीक्षण कर सचिव को आंगनबाड़ी केन्द्र में बाउण्ड्रीवाल और पोषण वाटिका बनवाकर झूले लगवाने के निर्देश दिए।

**बेहतर आवास निर्माण पर किया सम्मानित:** नरायनखेड़ा के डोरीलाल का बेघर परिवार कई वर्षो से सिर छिपाने की पक्की छत का सपना संजोए हुए था। मुख्यमंत्री आवास योजना से मदद मिली तो डोरीलाल और पत्नी ट्रिंका ने तय समय से पूर्व ही आवास व रसोई और शौचालय का निर्माण कराकर सपने को हकीकत में बदल दिया। शुक्रवार को चौपाल में बीडीओ पूजा सिंह ने लाभार्थी परिवार को सम्मानित कर आवास की चाबी सौंपी।

# छुट्टा गोवंश लोगों के साबित हो रहे जानलेवा



**मोहनलालगंज।** नगर पंचायत प्रशासन की लापरवाही से छुट्टा गोवंश लोगों के लिए जानलेवा संकट बनने लगे हैं। मुरलीनगर मोहल्ले में बीच सड़क दो नर गोवंश आपस में भिड़ गए। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो देखकर लोग जिम्मेदारों की भूमिका पर तमाम सवाल खड़े कर रहे हैं। मोहनलालगंज नगर पंचायत की गली–मोहल्लों से लेकर रायबरेली हाईवे तक छुट्टा गोवंश की समस्या लोगों के लिए मुसीबत बनने लगी है। छुट्टा गोवंश की धरपकड़ में लापरवाही की वजह से इन दिनों छुट्टा गोवंश के झुण्ड लोगों के लिए जानलेवा हादसे और किसानों के लिए फसल बर्बादी की वजह बन रहे हैं। मुरलीनगर मोहल्ले में दो गोवंश बीच सड़क भिड़ गए। गनीमत रही कि इसी बीच सड़क से गुजरा बाइक सवार बाल.बाल बच गया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो लोगों ने दांतो तले उंगली दबा ली। वहीं जागरुक लोग छुट्टा गोवंश की धरपकड़ में लापरवाही को लेकर नगर पंचायत प्रशासन पर सवाल उठा रहे हैं। इस बारे में एसडीएम हनुमान प्रसाद मौर्य का पक्ष लेने की कोशिश की गई। लेकिन सम्पर्क नही हो सका।

# बैंक ऑफ़ बड़ौदा राष्ट्रभाषा सम्मान के लिए पंजीकरण शुरू

**लखनऊ।** बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने भारतीय भाषाओं में साहित्य के लेखन को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष सम्मान 'बैंक ऑफ़ बड़ौदा राष्ट्रभाषा सम्मान' की शुरुआत की है। इच्छुक आवेदक सम्मान के लिए अपनी प्रविष्टि का पंजीकरण 7 अप्रैल 2023 तक कर सकते हैं। प्रविष्टि प्रस्तुति हेतु फॉर्म, नियम एवं शर्तें एवं अन्य प्रक्रिया संबंधी जानकारी बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध है। 'बैंक ऑफ़बड़ौदा राष्ट्रभाषा सम्मान' के अंतर्गत मूल रूप से भारतीय भाषाओं में लिखे गए उपन्यास की हिंदी में अनुवादित श्रेष्ठ कृति को सम्मानित किया जाएगा। अब बैंक ने इस सम्मान के लिए प्रविष्टियों के आमंत्रण के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया आरंभ कर दी है। यह सम्मान भारतीय भाषाओं के बीच सामंजस्य को बढ़ाने और देश में साहित्यिक अनुवाद कार्य को प्रोत्साहित करने तथा आम लोगों के लिए हिंदी में श्रेष्ठ भारतीय साहित्य उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखता है। 'बैंक ऑफ़ बड़ौदा राष्ट्रभाषा सम्मान' योजना के तहत संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल भारतीय भाषाओं में लिखे गए उपन्यास की हिंदी में अनूदित कृति सम्मान हेतु पात्र होगी। सम्मान हेतु प्रविष्टियां हिंदी अनुवादकों के साथ–साथ प्रकाशकों से भी आमंत्रित की जा रही हैं। इस सम् मान के तहत प्रति वर्ष सम्मानित उपन्यास के मूल लेखक को 21 लाख तथा उस कृति के हिंदी अनुवादक को 15 लाख तथा अन्य पांच चयनित कृतियों के लिए प्रत्येक मूल लेखक को 3 लाख तथा उसके हिंदी अनुवादक को 2 लाख की सम्मान राशि दी जाएगी।

### खेल-खेल में बच्चों को मिली पर्यावरण संरक्षण की जानकारी



**लखनऊ।** हार्नर कालेज के प्री नर्सरी के नन्हें बच्चे पर्यावरण से जुड़ने के लिए ई पार्क महानगर विस्तार में भ्रमण पर आए। इन छोटे छोटे विद्यार्थीयों ने खेल–खेल मे पार्क मे लगे फूलों का नजदीक से अवलोकन करते हुए हमारे लिए उपयोगी व मनभावन रंगो के विभिन्न प्रकार के पुष्पों, वृक्षों, पंक्षियों, तितलियों से परिचित होते हुए लघु खेलों का आनन्द लिया। इस अवसर पर जे पी सिंह अध्यक्ष संस्कृत भारतीन्यास अवधप्रान्त ने समस्त उपस्थित बच्चों को पर्यावरण संरक्षण, जीवन मे पुष्पों के महत्व तथा वृक्षों की उपयोगिता पर सरल शब्दों मे सहज वातावरण मे आत्मीयतापूर्ण ढंग से संवाद स्थापित कर खेल–खेल मे आलोकित किया। इस अवसर पर हार्नर कालेज की शिक्षिकाएं उर्सिला बानो, मानसी श्रीवास्तव, हिना शुक्ल व सृष्टि चौरसिया ने बच्चों को विभिन्न खेलों के साथ साथ पुष्पों के रंगों व नामों से परिचित कराते हुए सरल प्रश्नोत्तर से ज्ञान के साथ.साथ सामूहिक व्यहवार से हर्षोल्लास के महत्व से परिचित कराया। इस अवसर पर जे पी सिंह ने बच्चों से सरल प्रश्नोत्तर किए जिसका सभी बच्चों ने उल्लास सहित उत्तर दिया। समस्त प्रतिभागी बच्चों ने अपनी आयु के अनुसार खेल–कूद सहित विभिन्न प्रश्नोत्तरी आदि मे सहभागिता करते हुए ज्ञान व आनन्द प्राप्त किया।

परिशिष्ट IV-A
नियम 8(6) का नियम देखें

**अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) और नियम 9(1) के नियमों को पढ़ते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ़ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ़ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना।

सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गारेंटर (ओं) को सूचित किया जाता है की निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनांस लिमिटेड** [CIN: **L65922DL2005PLC136029**] **(सुरक्षित लेनदार द्वारा)** द्वारा **रचनात्मक कब्जा** लिया जा चुका है, को **17.04.2023** को **दोपहर 02.00 से 04.00 बजे** तक ''जहाँ है'',''जैसा है'', और ''जो कुछ भी है'' की वसूली के लिए ऋण खाता नं. **HLAPBRL00372197**; के लिए **रु. 1,46,97,952/– (रुपए एक करोड़ छियालीस लाख सत्तानवे हजार नौ सौ बावन मात्र)** के लिए **21.03.2023** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंभ शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य संबंधित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागूभावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **22.03.2023** से प्रभावी जो **नेहा रस्तोगी (प्रोप्राइटर, मैसर्स श्री गोल्ड्स), विवेक रस्तोगी** और **निशांत अग्रवाल** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है की वसूली के लिए बेचा जाएगा।

अचल संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य **रु. 2,50,00,000/– (रुपए दो करोड़ पचास लाख मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट **(ईएमडी) रु. 25,00,000/– (रुपए पच्चीस लाख मात्र)** यानि आरक्षित मूल्य के 10%के बराबर होगा।

**अचल संपत्ति का वर्णन**

**आवासीय प्लॉट नंबर 12ए, बंगला नंबर 13ए का हिस्सा, 201.50 वर्ग मीटर का क्षेत्रफल, सिविल लाइन्स, तहसील और जिला बरेली, बरेली –243001, उत्तर प्रदेश में स्थित है, जो निम्नानुसार परिबद्ध है:**

**पूर्व : 16 फीट 9 इंच चौड़ी सड़क, उसके बाद सुधा अग्रवाल और रूपाली का मकान**
**पश्चिम : वन विभाग की जमीन,**
**उत्तर : संजय गुप्ता एवं अन्य का मकान,**
**दक्षिण : 17 फीट 6 इंच चौड़ी सड़क, उसके बाद अशोक जी का मकान और गांधी का मकान**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानि www.indiabullshomeloans.com पर दिए गए लिंक को देखे और बोली लगाने के लिए www.auctionfocus.in पर लॉग ऑन करें।

सही
दिनांक: 22.03.2023 — अधिकृत अधिकारी
स्थान: बरेली — इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनांस लिमिटेड

# गांधी शांति पदयात्रा से दिया अहिंसा व मानवीय विकास का संदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लोक** शांति पुरस्कार विजेता डॉ अर्जुमंद ज़ैदी ने अपने तीन स्वयंसेवकों के साथ मिशन 'गांधी पीस वॉक' को बहुत सफलतापूर्वक पूरा किया। गांधी शांति पदयात्रा गांधी भवनए कोलकाता से गांधी आश्रम, बांग्लादेश तक हुई। इस पदयात्रा का उद्देश्य महात्मा गांधी के शांति संदेश और संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशन का प्रसार करना और गांधी द्वारा सिखाए गए अहिंसा के मानवीय विकास और सिद्धांतों की दिशा में योगदान देना था। यह पदयात्रा 9 मार्च को गांधी भवन कोलकाता से शुरू हुई और 15 तारीख को गांधी आश्रम, नोआखली बांग्लादेश में समाप्त हुई और 12 महत्वपूर्ण जिलों से होती हुई ढाका को पार किया। बांग्लादेश की जनता और सरकार ने बहुत गर्मजोशी से स्वागत किया। सरकार की तरफ से सुरक्षा के कई बेहतरीन इंतजाम किए गए थे। 7 दिनों के बाद वह गांधी आश्रम, नोआखली, बांग्लादेश पहुंची जो 25 एकड़ का एक सुंदर परिसर है। 16 तारीख को एक बड़ा सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें डिप्टी कमिश्नर और कई अन्य सरकारी अधिकारियों और अन्य गणमान्य लोगों ने भाग लिया। डॉ ज़ैदी के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधिमंडल को स्मृति चिन्ह और शॉल देकर सम्मानित किया गया। डॉ अर्जुमंद ज़ैदी ने बताया कि इस पदयात्रा का उद्देश्य दुनिया भर में शांति कायम करना, हमारे सीमावर्ती देशों के साथ खुशहाल पड़ोस, मैत्रीपूर्ण और शांतिपूर्ण संबंध बनाना था।

# देश के विकास के लिए गांवो को स्मार्ट बनाना होगा: केशव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बाबासाहेब** भीमराव अंबेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय में शुक्रवार को दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग उत्तर प्रदेश सरकार और बीबीएयू द्वारा संयुक्त रूप से विकलांग लोगों का पुनर्वास: प्रारंभिक पहचान और हस्तक्षेप विषय पर आयोजित होने वाली दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि केवल सिटी के स्मार्ट हो जाने से विकास नही होगा, भारत को विकास करने के लिए उसके गांवों को भी स्मार्ट बनाना पड़ेगा। उन्होंने विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से ग्राम विकास और इससे जुड़े मामलों में शोध करने और इस शोध के माध्यम से सरकार की मदद व मार्गदर्शन करने की अपील की। अपने संबोधन में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सामाजिक विकास एवं उत्थान में बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के योगदान को याद करते हुए बताया कि किस प्रकार सरकार अपने साझा प्रयासों से तथागत बुद्ध के जीवन से संबंधित विभिन्न ख्याति प्राप्त स्थानों को पंचतीर्थ योजना के तहत विकसित कर रही है। उपमुख्यमंत्री ने अपनी बात को समाप्त करते हुए विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों और छात्रों का आवाहन करते हुए कहा कि आप लोग भी स्वच्छ भारत और स्वस्थ भारत की थीम पर विश्वविद्यालय परिसर में सप्ताह में एक दिन स्वच्छता अभियान अवश्य चलाएं।

परिशिष्ट IV-A
नियम 8(6) का नियम देखें

**अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) के नियमों को पढ़ते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ़ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ़ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना।

सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गारेंटर (ओं) को सूचित किया जाता है की निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनांस लिमिटेड** [CIN: **L65922DL2005PLC136029**] **(सुरक्षित लेनदार द्वारा)** द्वारा **रचनात्मक कब्जा** लिया जा चुका है, को **29.04.2023** को **दोपहर 02.00 से 04.00 बजे** तक ''जहाँ है'',''जैसा है'', और ''जो कुछ भी है'' की वसूली के लिए ऋण खाता नं. **HLAPNOI00392431**; के लिए **रु. 2,41,69,784/– (रुपये दो करोड़ इकतालीस लाख उनहत्तर हजार सात सौ चौरासी मात्र)** के लिए **21.03.2023** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंभ शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य संबंधित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागूभावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **22.03.2023** से प्रभावी जो **अग्रांते डेवलपर्स प्रा. लिमिटेड (अपने निदेशकों के माध्यम से), अग्रांते रियल्टी लिमिटेड (अपने निदेशकों के माध्यम से), गुरनाम सिंह, बेस्ट एंड ब्राइट प्रॉपर्टी प्राइवेट लिमिटेड (अपने निदेशकों के माध्यम से), अरविंदर सिंह, युवराज सिंह, महेंद्र कौर बग्गा, रविंदर कौर** और **सतबीर सिंह के साथ सिंह इंफ्राज़ोन प्राइवेट लिमिटेड (कॉर्पोरेट गारंटर, इसके निदेशकों के माध्यम से)** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है की वसूली के लिए बेचा जाएगा।

अचल संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य **रु. 13,60,00,000/– (रुपए तेरह करोड़ साठ लाख मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट **(ईएमडी) रु. 1,36,00,000/– (रुपए एक करोड़ छत्तीस लाख मात्र)** यानि आरक्षित मूल्य के 10%के बराबर होगा।

**अचल संपत्ति का वर्णन**

**संपत्ति नं. 1**

**खसरा संख्या– 511 जमीन का क्षेत्रफल 1986.93 वर्ग मीटर (125.54 वर्ग मीटर के आच्छादित क्षेत्र के निर्माण के रूप में एक निर्मित बिल्डिंग सहित), ग्राम धोरेरा माफ़ी, महानगर कॉलोनी तहसील और जिला बरेली–243123 उत्तर प्रदेश। उक्त जमीन निम्नानुसार परिबद्ध है:**

**पूर्व : रास्ता 12 मीटर**
**पश्चिम : लैंड अर्बन डेवलपर्स खसरा नं. 695, 696**
**उत्तर : मकान नं. 107 टाइप ए और मकान नं 152**
**दक्षिण : सड़क 30 मीटर**

**संपत्ति नं. 2**

**खसरा संख्या– 695 और 696 जमीन का क्षेत्रफल 1890.78 वर्ग मीटर, ग्राम बिहरमन नगला, महानगर कॉलोनी तहसील और जिला बरेली –243123 उत्तर प्रदेश।**

**पूर्व : लैंड अर्बन डेवलपर्स खसरा नं. 511**
**पश्चिम : रास्ता पीलीभीत बाइ–पास**
**उत्तर : खसरा नं. 695, 696**
**दक्षिण : सड़क 30 मीटर**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानि www.indiabullshomeloans.com पर दिए गए लिंक को देखे और बोली लगाने के लिए www.auctionfocus.in पर लॉग ऑन करें।

सही
दिनांक: 22.03.2023 — अधिकृत अधिकारी
स्थान: बरेली — इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनांस लिमिटेड

**श्री रामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा जमीन खरीदने में कथित गड़बड़ी का मामला**

# हाईकोर्ट ने जांच की मांग वाली याचिका खारिज की

● कहा याचिका दाखिल करने के पीछे अच्छी नियत नहीं

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**अयोध्या** में श्री रामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और महर्षि रामायण विद्यापीठ ट्रस्ट द्वारा जमीन खरीदने में की गई कथित गड़बड़ी की जांच की मांग वाली याचिका को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने खारिज कर दिया है। पीठ ने कहा है कि याचिका दाखिल करने के पीछे अच्छी नियत नहीं है। जस्टिस देवेन्द्र कुमार उपाध्याय एवं जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ल की पीठ ने यह आदेश अयोध्या निवासी दुर्गा प्रसाद यादव की याचिका पर दिया है। इस याचिका में अयोध्या के पूर्व कमिश्नर एमपी अग्रवालए पूर्व डीआईजी दीपक कुमारए पूर्व जिलाधिकारी अनुज कुमार झाए पूर्व एडीएम गोरेलाल शुक्लाए पूर्व एसडीएम अर्पित गुप्ता व अन्य अधिकारियों को भी विपक्षी पक्षकार बनाया गया था। याचिका में आरोप लगाया गया था कि महर्षि रामायण विद्यापीठ ट्रस्ट व श्री रामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा जिससे जमीनें खरीदी गईं उन लोगों ने वास्तविक खाताधारकों से जमीन खरीद कर इन दोनों ट्रस्ट को बेच दिया और इस प्रक्रिया में काफी अनियमितताएं की गईं। याचिका में दोनों ट्रस्टों समेत अयोध्या जिले में तैनात तत्कालीन बड़े अधिकारियों के खिलाफ जांच की मांग की गई थी। कहा गया कि मंदिर निर्माण के लिए जमीन लेने के नाम पर उक्त ट्रस्ट और विपक्षी पक्षकारों ने खूब पैसा कमाया। सुनवाई के दौरान याचिका का राज्य सरकार की ओर से जोरदार विरोध किया गया। पीठ ने दोनों पक्षों की बहस व सरकार की ओर से पेश दस्तावेजों पर गौर करते हुए अपने आदेश में कहा है कि याचिकाकर्ता की जमीन एयरपोर्ट विस्तार के लिए ली गई थी। संभव है इससे वह नाराज हो। पीठ ने यह भी पाया कि याचिकाकर्ता के एक पड़ोसी बंशीलाल यादव ने उसके खिलाफ आपराधिक मुकदमा भी दर्ज कराया है। जिसमें आरोप है कि एयरपोर्ट के लिए जमीन देने की सहमति देने पर उसने पड़ोसी की दीवार तोड़ने के साथ–साथ उसे गाली–गलौज और धमकी भी दी थी। पीठ का कहना था कि याचिका में उठाए गए मामले में राज्य सरकार पहले से जांच करा रही है।

# काली नदी को प्रदूषित करने वाली शराब कम्पनी पर आठ लाख का जुर्माना

**लखनऊ (विसं)।** काली नदी में गंदा पानी प्रवाहित करने के मामले में सीबीआई प्रदूषण की विशेष अदालत ने मेसर्स सेन्ट्रल डिस्टलरी व ब्रेवरीज लिमिटेड को दोषी करार दिया है। विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट यशा शर्मा ने मेरठ की इस कम्पनी पर आठ लाख का जुर्माना लगाया है। इसे जल प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम की धारा 44 के तहत दोषी करार दिया है। उन्होंने अपने आदेश में कहा है कि वर्तमान में यह कम्पनी युनाइटेड स्पिरिट्स व एबीबेवइन में बंट चुकी है। लिहाजा जुर्माने की धनराशि यह दोनों कम्पनियां आधा–आधा वहन करेंगी। 27 अक्टूबर 1983 को यूपी जल प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने इस शराब फैक्टरी का निरीक्षण किया था। बोर्ड के विधि अधिकारी एके चौबे के मुताबिक जांच में पाया गया कि बगैर अनुमति यह फैक्टरी चल रही थी व इसका प्रदूषित पानी काली नदी में प्रवाहित हो रहा था। जिससे काली नदी का जल प्रदूषित हो रहा था। तब बोर्ड ने इस मामले में कम्पनी के खिलाफ परिवाद दर्ज कराया था।

### हत्यारोपी को उम्र कैद

**लखनऊ (विसं)।** हत्या के एक आपराधिक मामले में दोषी करार दिए गए मुल्जिम आशीष कुमार पांडेय को सत्र अदालत ने उम्र कैद की सजा सुनाई है। विशेष जज पुष्कर उपाध्याय ने इस पर 15 हजार का जुर्माना भी लगाया है। सरकारी वकील कृष्ण कुमार साहू के मुताबिक 20 मार्चए 2016 को अदालत के आदेश इस मामले की एफआईआर थाना इंटौजा में दर्ज हुई थी। अदालत ने यह आदेश मृतक मोहित कुमार मिश्र की बहन अलका मिश्रा की अर्जी पर दिया था। 26 जूनए 2015 की सुबह आशीष उनके भाई मोहित को अपने साथ ले गया था। शाम को वापस चौराहे पर लाकर लाकर मोटरसाईकिल से उताराए तो मोहित वहीं गिर गया। देखा कि उनके भाई के मुंह से झाग निकल रहा था और उसका शरीर नीला पड़ गया था। इल्जाम है कि मुल्जिम ने रकम के विवाद में जहर देकर मोहित की हत्या की है।

# धोखाधड़ी में पेट्रोलियम कम्पनी व उसके कर्ताधर्ताओं को सजा

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**एलपीजी** का डीलरशिप देने के एवज में करोड़ों की रकम हड़पने के मामले में मेसर्स एसबी पेट्रोलियम लिमिटेड को सीबीआई की विशेष अदालत ने दोषी करार देते हुए इस पर 50 हजार का जुर्माना लगाया है। विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट समृद्धि मिश्रा ने इस मामले में कम्पनी के कर्ताधर्ता मुल्जिम लालजी वर्मा, तहमीद अहमद फारुकी व विनय सिह को तीन वर्ष की सजा सुनाई है। साथ ही इन पर 50 हजार का जुर्माना लगाया है। वहीं आभा तिवारी, कुलदीप श्रीवास्तव व पद्माकर पांडेय को दो वर्ष की सजा सुनाई है व इन पर 20 हजार का जुर्माना लगाया है। जबकि प्रदीप पांडेय, प्रमिला पांडेय, विनोद मिश्र, आकाश मिश्र व बसंता सुकुमारन को एक वर्ष की सजा व पांच हजार के जुर्माने से दंडित किया है। अभियोजन के मुताबिक धोखाधड़ी का यह मामला वर्ष 1996 से 97 के मध्य का है। इल्जाम है कि एलपीजी का डीलरशिप देने के लिए विज्ञापन के जरिए 800 डीलरों से बतौर बुकिंग चार्ज 12 करोड़ लेकर सहायक कम्पनियों के व्यवसाय और निजी प्रयोग में लगाते हुए हड़प लिया गया। सीबीआई ने इस मामले में कम्पनी समेत 28 लोगों के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल किया था।

### युवती से छेड़छाड़ में आरोपियों को दो वर्ष की सजा

**लखनऊ (विसं)।** एक युवती से सरेराह छेड़छाड़ करने के मामले में दोषी करार दिए गए मुल्जिम अब्दुल रज्जाक व हुसैन जमाल को अदालत ने तीन वर्ष की सजा सुनाई है। न्यायिक मजिस्ट्रेट मेधा अग्रवाल ने इन पर पांच हजार का जुर्माना भी लगाया है। दो मार्चए 2015 को इस मामले की एफआईआर पीड़िता के पिता ने थाना अमीनाबाद में दर्ज कराई थी। सहायक अभियोजन अधिकारी राहुल सिंह व प्रियंका पांडेय के मुताबिक पीड़िता अमीनाबाद इंटर कालेज के सामने गली से अपने घर आ रही थी। तभी मोटरसाईकिल पर सवार मुल्जिमों ने उसके साथ छेड़खानी की।

# काशी की चर्चा देश और दुनिया में हो रही है: मोदी

**● प्रधानमंत्री ने परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया ●अब वाराणसी में इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम भी बनने जा रहा है ●आज यूपी विकास के हर क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा**

**सुशील कुमार मिश्र।** वाराणसी

**बनारस** के युवाओं को ज्यादा से ज्यादा खेलने का मौका मिले, इसके लिए यहां सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। अब वाराणसी में इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम भी बनने जा रहा है। आज यूपी विकास के हर क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है। आज बनारस का लंगड़ा आम, गाजीपुर की भिंडी, जौनपुर की मूली लंदन और दुबई के बाजारों तक पहुंच रही है। जितना ज्यादा एक्सपोर्ट होता है, उतना ज्यादा पैसा किसानों के पास पहुंचता है। विकास का जो रास्ता हमने चुना है, उसमें सुविधा भी है और संवेदना भी है। आज यहां पीने के पानी से संबंधित कई परियोजनाओं का शिलान्यास हुआ है। आज केंद्र और यूपी की सरकार गरीब की चिंता करने वाली सरकार है। गरीब की सेवा करने वाली सरकार है। मोदी खुद को आपका सेवक ही मानता है। इसी सेवाभाव से मैं यूपी की और देश की सेवा कर रहा हूं।

काशी में सरकार की योजनाओं का हजारों लोगों को लाभ मिल रहा है। 2014 से पहले लोग बैक से कर्ज लेने के बारे में नहीं सोचते थे। 2014 से पहले का वह समय याद करें, जब बैंक में खाता खुलवाने में पसीना छूट जाता था। ऋण लेने के बारे में तो आम आदमी सोच ही नहीं पाता था। अब ऐसा नहीं है। पशुपालक और किसान से लेकर रेहड़ी पटरी वाले भी बैंक से लोन लेकर अपना काम कर रहे हैं। हमारा प्रयास यही है कि देशी की आज़ादी के अमृत काल में हर भारतीय का योगदान हो।पीएम नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वाराणसी इस बात की गवाही देती है कि चुनौती चाहे कितनी ही बड़ी क्यों ना हो, जब सबका प्रयास होता है, तो नया रास्ता भी निकल ही जाता है। काशी के विकास की चर्चा देश और दुनिया में हो रही है। जो भी यहां ये जा रहा है वे नई ऊर्जा लेकर जा रहा है। 8-9 साल पहले जब काशी के लोगों ने अपने शहर के कायाकल्प का संकल्प लिया था तो बहुत लोग ऐसे थे जिन्हें आशंकाएं थी कि बनारस में बदलाव नहीं हो पाएगा काशी के लोग सफल नहीं हो पाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी में 1780 करोड़ की लागत की 28 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसके बाद पीएम ने हर-हर महादेव के साथ अपना संबोधन शुरू किया। पीएम ने अपने संबोधन की शुरूआत भोजपुरी भाषा से की। पीएम ने कहा- आप सब लोगन के हमार प्रणाम बा..ये कहते ही जनसभा में तालियां गूंजने लगीं। कल यानी 25 मार्च को योगी जी की दूसरी पाली का पहला साल पूरा होने जा रहा है। दो/तीन दिन पहले ही योगी जी ने यूपी में सबसे ज्यादा समय तक मुख्यमंत्री बने रहने का रिकॉर्ड भी बनाया है। प्रधानमंत्री 'नरेंद्र मोदी' ने हर हर महादेव के उद्घोष के साथ अपने भाषण को विराम दिया।

### सम्पूर्णानंद में सीएम योगी ने उठाया राहुल गांधी का मुद्दा

सीएम ने कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण की भावना के साथ सरकार काम कर रही है। सबका साथ और सबका विश्वास के नारे के साथ देश में काम हो रहा है। दूसरी तरफवह लोग हैं, जो गरीब, वंचित और पिछड़े के बेटे को देश के सर्वोच्च पद पर नहीं बैठने देखना चाहते हैं। देश के गरीब, वंचित, शोषित और पिछड़े लोग कांग्रेस से बदला जरूर लेंगे। आने वाले समय में देश की जनता ऐसे लोगों को स्वीकार में नहीं करेगी। सीएम योगी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का मुद्दा भी उठाया और कहा कि उन्हें माफी मांगने के लिए कहा गया तो मना कर दिया।

संपूर्णानंद विवि में पीएम मोदी से पहले सीएम योगी ने अपना संबोधन दिया। सीएम ने कहा- भारत पीएम मोदी के नेतृत्व में आज जी-20 का आयोजन कर रहा है। आज भारत दुनिया के सामने एक मिशाल बना है। भारत के लोकतंत्र को अपनाने के लिए दुनिया लालायित हो रही है। कई लोग ऐसे भी हैं जो यूपी से बाहर जाकर देश के लोकतंत्र को कटघरे में खड़ा करते हैं। सीएम ने कहा - प्रधानमंत्री जब भी काशी आते हैं तो काशी के लिए कुछ ना कुछ एक नई सौगात लेकर आते हैं। प्रधानमंत्री द्वारा काशी के लिए यहां 1780 करोड़ के परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया है। काशी नव्य और भव्य बन चुकी है। पीएम मोदी ने वाराणसी में 'स्वस्थ दृष्टि समृद्ध काशी' योजना के लाभार्थियों से मुलाकात की। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी मौजूद रहे।



पीएम मोदी ने रिमोट दबाकर 17,80 करोड़ रुपये की 28 परियोजनाओं का लोकापर्ण और शिलान्यास किया

### पीएम की जय श्री राम के जयघोष से स्वागत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ डॉ संपूर्णानंद विश्वविद्यालय पहुंचे। पीएम यहां 17,80 करोड़ रुपये की 28 परियोजनाओं का लोकापर्ण और शिलान्यास करेंगे। पीएम के पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने जय जय श्री राम के जयघोष से स्वागत किया। मंच पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल , कैबिनेट मंत्री डॉ महेंद्र नाथ पांडेय, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा, कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, राज्यमंत्री रवींद्र जायसवाल, राज्यमंत्री डॉ. दया शंकर मिश्र दयालु, विधायक नीलकण्ठ तिवारी, सौरभ श्रीवास्तव, डॉ अवधेश सिंह, टीराम, डॉ सुनील पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या मौजूद हैं।

## भारत के ये प्रयास विश्व को भी जानने चाहिए, क्योंकि ये टीबी के खिलाफ लड़ाई का एक नया मॉडल है: पीएम

**● पीएम मोदी ने बटन दबाकर राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र और उच्च रोकथाम प्रयोगशाला, वाराणसी शाखा का शिलान्यास किया**

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में वन वर्ल्ड टीबी समिट को संबोधित किया और कहा कि हमने टीबी से लड़ने किए लोगों से नि-क्षय मंत्र बनने को कहा। पीएम बोले- काशी नगरी, वो शाश्वत धारा है, जो हजारों वर्षों से मानवता के प्रयासों और परिश्रम की साक्षी रही है। कुछ समय पहले ही भारत ने 'वन अर्थ, वन हेल्थ' के विजन को भी आगे बढ़ाने की पहल की है और अब, 'वन वर्ल्ड टीबी समिट' के जरिए भारत एक और संकल्प को पूरा कर रहा है। टीबी के खिलाफ लड़ाई में, भारत ने जो बहुत बड़ा काम किया है, वो जनभागीदारी है। एक देश के तौर पर भारत की विचारधारा का प्रतिबिंब 'वसुधैव कुटुंबकम' यानी- 'होल वर्ल्ड इज वन फैमिली' की भावना में झलकता है।

पीएम मोदी ने बटन दबाकर राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र और उच्च रोकथाम प्रयोगशाला, वाराणसी शाखा का शिलान्यास किया। पीएम नरेन्द्र मोदी ने अपने सम्बोधन में कहा कि एक देश के तौर पर भारत की विचारधारा का प्रतिबिंब वसुधैव कुटुंबकम् यानी 'पूरी दुनिया एक परिवार है' की भावना में झलकता है। ये प्राचीन विचार आज आधुनिक विश्व को एकीकृत दृष्टि और एकीकृत समाधान दे रहा है। इसलिए भारत ने जी20 की भी थीम रखी है एक दुनिया एक परिवार एक भविष्य। 2014 के बाद से भारत ने जिस नई सोच और अप्रोच के साथ टीबी के खिलाफ काम करना शुरू किया, वो वाकई अभूतपूर्व है। भारत के ये प्रयास पूरे विश्व को इसलिए भी जानने चाहिए क्योंकि ये टीबी के खिलाफ वैश्विक लड़ाई का एक नया मॉडल है। बीते 9 वर्षों में भारत ने टीबी के खिलाफ लड़ाई में अनेक मोर्चों पर एक साथ काम किया है। पीएम मोदी ने देश और दुनिया के सामने 2025 के अंत तक भारत को टीबी मुक्त करने का संकल्प लिया है। अपने संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि टीबी हारेगा, भारत जीतेगा... आपने कहा कि टीबी हारेगा, दुनिया जीतेगी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को एक बार एक लेप्रोसी के उद्घाटन के लिए बुलाया गया। उन्होंने कहा कि मैं उद्घाटन के लिए नहीं जाऊंगा। मुझे तो खुशी तब होगी जब इस लेप्रोसी अस्पताल पर ताला लगाने के लिए बुलाया जाएगा। पीएम ने कहा कि वर्ष 2001 में जब मुझे गुजरात के लोगों ने सेवा का अवसर दिया। तब मुझे लगा कि गांधी जी का एक सपना अधूरा रह गया है। हमने उस पर काम किया और लेप्रोसी अस्पताल पर ताला लगाया। ठीक उसी तरह टीबी को देश से मुक्त करने के लिए हमने बीड़ा उठाया है। इसमें जनभागीदारी बहुत आवश्यक है। टीबी के मरीजों में जागरूकता की कमी है। हमने उनको जागरूक करना होगा। काशी में बीते कुछ वर्षों से स्वास्थ्य सेवाओं में बहुत विकास हुआ है। अब लोगों को इलाज के लिए दिल्ली और मुंबई नहीं जाना पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत हुई हैं। जनऔषधि केंद्र से लोगों को सस्ती दवाएं मिल रही है। भारत हर देश के साथ टीबी के लिए कंधे से कांधा मिलाकर खड़ा है। मैं आपका आभारी हूं कि इस कार्यक्रम में आने के लिए आपने मुझे आमंत्रित किया।

पीएम मोदी ने कहा कि 'वन वर्ल्ड टीबी समिट के जरिये भारत एक नया संकल्प पूरा कर रहा है। भारत का यह प्रयास टीबी के खिलाफ वैश्विक है। पिछले 9 वर्ष में भारत टीबी के लिए जनभागीदारी, इलाज के लिए नई रणनीति, नई तकनीक जैसे खेलो इंडिया, योग। इसमें सबसे महत्वपूर्ण है जनभागीदारी। भारत में टीबी को स्थानीय भाषा में क्षय कहा जाता है। विदेश से आए अतिथियों को यह जानकर आश्चर्य होगा कि भारत में टीबी मरीजों को लोग गोद ले रहे हैं। इसे भारत में निक्षय मित्र कहा जाता है। मैं आपका आभारी हूं कि आज आपने काशी के पांच लोगों को गोद लिया। टीबी मरीजों के पोषण के लिए वर्ष 2018 में डीबीटी के लिए 2000 करोड़ उनके बैंक खाते में भेजे गए। इससे करीब 75 लाख मरीजों को लाभ पहुंचा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कोई भी इलाज से छूटे नहीं इसके लिए हमने नई रणनीति पर काम शुरू किया है। उन मरीजों को आयुष्मान कार्ड से जोड़ा है। लैब की संख्या बढ़ाई है। इस कड़ी में आज हम टीबी मुक्त पंचायत की घोषणा कर रहे हैं। नई व्यवस्था के तहत अब तीन महीने ही मरीजों को दवा लेनी होगी। इससे मरीजों को सुविधा मिलेगी। मरीजों को ट्रैक करने के लिए आईसीएमआर के साथ मिलकर निक्षय पोर्टल बनाया गया है।वाराणसी के रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में सीएम योगी ने वन वर्ल्ड टीबी समिट में अपना संबोधन दिया। सीएम ने कहा- प्रदेश में सरकार ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में अच्छा काम किया है। यूपी में मृत्युदर में कमी आई है। पीएम मोदी के नेतृत्व में 2025 तक टीबी हारेगा और भारत जीतेगा। सीएम योगी ने कहा, पीएम मोदी काशी का प्रतिनिधित्व करते हैं और काशी के कायाकल्प को लेकर निरंतर संकल्पबद्ध हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने वन वर्ल्ड टीबी समिट को संबोधित किया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री बोले- भारत में हर साल 24 लाख टीबी के केस पाए जाते हैं।

# रोप-वे की सौगात पाकर गदगद हो गए काशीवासी




**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 644.49 करोड़ की लागत से बनने वाले देश के पहले रोप.वे का काशीवासियों को सौगात दिया। शुक्रवार को अपने एक दिवसीय वाराणसी दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका विधिवत शिलान्यास किया। इस रोप.वे के बनने से श्रद्धालुओंए पर्यटको के साथ.साथ स्थानीय जनमानस को भी श्री काशी विश्वनाथ मंदिर एवं दशाश्वमेध घाट आना.जाना आसान हो जाएगा। यह रोप.वे 2 साल के अन्दर बनकर तैयार हो जाएगा। प्रधानमंत्री ने डॉ संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय मैदान पर आयोजित जनसभा से पहले महत्वाकांक्षी परियोजना रोप.वे के माडल को देखा। गौरतलब हैं कि नेशनल हाई वे, रिंग रोड, फ्लाईओवर, आरओबी के बाद अब भीड़.भाड़ वाले इलाके में पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए रोप.वे चलने से वाराणसी में आने वाले देशी.विदेशी पर्यटकों के साथ स्थानीय लोगों को भी काफी राहत मिलेगी। रोप.वे के लिए बनने वाले सभी स्टेशन और ट्राली पर काशी की कलाए धर्म और संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। वाराणसी देश का पहला शहर होगा। जहां पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए रोप.वे होगा। बोलीविया और मेक्सिको के बाद विश्व में भारत तीसरा देश होगा जहां यह सुविधा मिलेगी। कैंट रेलवे स्टेशन से गोदौलिया चौराहे तक चलेगा रोप.वेए पहुंचने में 16 मिनट लगेंगे। रोप.वे की कुल दूरी 3.8 किलोमीटर, 50 मीटर ऊंचाई पर चलेंगी 150 ट्राली कार। एक ट्राली में अधिकतम 10 पैसेंजर सवार हो सकेंगे, एक घंटे में दोनों छोर से 6000 यात्री यात्रा कर सकेंगे। हर डेढ़ से दो मिनट के अंतराल पर यात्रियों के लिए ट्राली उपलब्ध रहेगी। भारत विश्व में तीसरा देश और वाराणसी पहला शहर होगा जहां पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए रोप.वे का इस्तेमाल होगा। इसे स्विट्जरलैंड की कंपनी बर्थोलेट व नेशनल हाईवे लाजिस्टिक प्रा.लि. मिलकर बनाएगी।

**● बनारस में बनेगा देश का पहला रोप-वे, प्रधानमंत्री ने किया शिलान्यास**

**● वाराणसी होगा देश का पहला शहर जहां पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए रोपवे होगा**

**● ट्राली पर देखने को मिलेगी संस्कृति की झलक**

## क्विक न्यूज

### सड़क दुर्घटनाओं में बाइक सवार तीन युवकों की मौत

**सकलडीहा/चन्दौली।** अलग अलग क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन युवकों की मौत होगयी। घटना की जानकारी होने पर परिजनो में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम कराने के बाद शव परिजनों को सौप दिया। बलुआ घाट पर शव का परिजनों ने दाह संस्कार किया। विशुनपुरा गांव के स्व. रामलाल राजभर का पुत्र 25 वर्षीय शिवकुमार उर्फ भोलाराजभर गांव के पुनवासी राजभर के पुत्र 30 वर्षीय जितेन्द्र के साथ सकलडीहा गुरूवार की देर शाम साढ़े सात बजे आ रहा था। सकलडीहा से तेज रफ्तार में पुआल लादकर जा रही ट्रैक्टर के धक्के से दोनों युवक गंभीर रूप से घायल होगये। आनन फानन में पुलिस ग्रामीणों की मदद से सीएचसी भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल भेज दिया। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। वही दूसरी ओर मरकनिया गांव के समीप दो बाइक सवार की आमने सामने टक्कर होगयी। जिसमें महरखा गांव निवासी 25 वर्षीय दुर्वाशा गौतम पुत्र रमेश की मौत होगयी। घटना के बाद परिजनो में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेज दिया। इस बाबत कोतवाल विमलेश कुमार मौर्य ने बताया कि शव का पीएम कराने के बाद परिजनो को सौप दिया गया है। कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर व क्षेत्रीय विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव ने घटना पर शोक संवेदना प्रकट करते हुए हर संभव मदद का भरोशा दिया।

### मार्ग दुर्घटनाओं में बुजुर्ग समेत दो लोग घायल

**ऊंचाहार।** कोतवाली क्षेत्र के अलग अलग स्थानों पर हुई मार्ग दुर्घटनाओं में एक बुजुर्ग समेत दो लोग घायल हो गये, जिसमें गम्भीर रूप से घायल बुजुर्ग को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पहली घटना क्षेत्र के सबीसपुर के पास की है, जहां शुक्रवार की सुबह घर के पास सड़क पार करते समय कार की टक्कर से हरिश्चंद्र 60 वर्ष निवासी सबीसपुर गम्भीर रूप से घायल हो गया, राहगीरों द्वारा उसे इलाज के लिए सीएचसी लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। दूसरी घटना लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर स्थित अरखा बाजार की है, जहां शुक्रवार की दोपहर बाद सड़क किनारे खड़े बाइक सवार सत्यप्रकाश 27 वर्ष निवासी जनवामऊ थाना नवाबगंज जनपद प्रतापगढ़ को अनियंत्रित लोडर ने टक्कर मार दी, जिससे वो गम्भीर रूप से घायल हो गया, राहगीरों की मदद से उसे सीएचसी लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज कुमार शुक्ल ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल दो लोग सीएचसी आये थे।

### जन चौपाल में आयीं दो दर्जन शिकायतें

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** शुक्रवार को विकास क्षेत्र के गुनैया व निजामुद्दीनपुर गांव में आयोजित जन चौपाल दो दर्जन से अधिक शिकायते मिली ।बीडीओ अनीस अहमद ने चौपाल में आए शिकायती पत्रों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण व सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों को दिलाने के लिए मातहत कर्मियों को निर्देश दिए हैं। गुनैया गांव में बीडीओ अनीस अहमद की अध्यक्षता में आयोजित जन चौपाल कार्यक्रम में आवास पेंशन जल निकासी सहित विभिन्न समस्याओं से संबंधित 20 शिकायतें मिली ।वही निजामुद्दीनपुर में बीटी राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में आयोजित चौपाल में पेंशन नाली व आवास की मांग जैसी समस्याओं से संबंधित दर्जन भर शिकायते मिली। खंड विकास अधिकारी अनीस अहमद ने बताया कि चौपाल में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण के निर्देश संबंधित को दिए गए हैं।

### मातृभूमि पर मरने वाले कभीं नहीं मरने पाते हैं

**सोनभद्र।** शहीद दिवस भगत सिंह सुखदेव राजगुरू के बलिदान दिवस पर शहीद स्थल प्रबंधन ट्रस्ट करारी के तत्वावधान में भारत माता पर जान लुटाने वालों के कृतित्व व्यक्तित्व पर परिचर्चा व कवि सम्मेलन का किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मधुरिमा के निदेशक व वरिष्ठ साहित्यकार अजय शेखर तथा मुख्य अतिथि संयुक्त चिकित्सा निदेशक डा. अनिल कुमार मिश्र व विशिष्ट अतिथि पारस नाथ मिश्र सुशील राही पूर्व सांसद छोटेलाल डा. वी पी सिंगला, वरिष्ठ कथाकार रामनाथ शिवेंद्र विजय शंकर चतुर्वेदी, ओम प्रकाश त्रिपाठी सदस्य किशोर न्याय बोर्ड रहे। संचालन वरिष्ठ कवि जगदीश पंथी व अशोक तिवारी ने किया। भदोही से पधारे ओज के कवि संदीप बालाजी नें मातृभूमि पर मरने वाले कभीं न मरनें पाते हैं ,महामृत्यु के जबडों से भी खींच अमरता लाते हैं सुनाया प्रतापगढ से आये राष्ट्रवाद के सजग प्रहरी डा0 रणजीत सिंह ने मां बुलाती है शीर्षक से रचना पाठ कर जयघोष के बीच राष्ट्र वंदन करते हुए हुंकार भरी। उनकी पंक्तियां अभी भी शेष है माटी का ऋण इसको चुकाऊंगा हजारों जन्म लूंगा माटी हित में जान गवाऊंगा सुनकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

### ऋचा सिंह को सीएसजेएम यूनिवर्सिटी से मिली पीएचडी की उपाधि

**रायबरेली।** बस्तेपुर निवासी ऋचा सिंह को सीएसजेएम यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में महामहिम राज्यपाल द्वारा समाजशास्त्र विषय में पी एच-डी ( डॉक्टरेट ऑफफिलॉस्फी) उपाधि से सम्मानित किया गया।उन्होंने अपना शोधकार्य कार्यरत महिलाओं में भूमिका द्वंद्व विषय पर पूर्ण किया हैं। यह शोधकार्य उन्होंने फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज रायबरेली के समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ.उदय भान सिंह के निर्देशन में पूर्ण किया हैं। ऋचा सिंह वर्तमान में फिरोजाबाद जिले के महात्मा गांधी डिग्री कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं।वह अपनी उपलब्धियों का श्रेय गुरुजनों व अपने पिता ई.श्री श्यामेंद्र प्रताप सिंह माता लक्ष्मी सिंह और अपने पति पंकज सिंह को देती हैं।

## फरार चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बीजपुर/सोनभद्र।** जनपद के पुलिस उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक बीजपुर पंकज कुमार सिंह द्वारा गठित टीम में सामिल उप निरीक्षक संजय कुमार कुमार ने शुक्रवार को बीजपुर में पंजीकृत बैंक आफ बड़ौदा ग्राहक सेवा केंद्र के संचालको के विरुद्ध दर्ज मुकदमें में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में अहम कामयाबी हासिल की धोखाधड़ी व अभिलेखों में हेराफेरी कर लाखो रुपए के गमन करने वाले दो वांछित अभियुक्त गण रोहित राज पुत्र उमा शंकर व उमाशंकर पुत्र भोला नाथ निवासीगण ग्राम सभा अंजानी टोला बखरिहवां थाना बीजपुर जनपद सोनभद्र को सुबह 09 बजकर 50 मिनट पर बकरिहवां बाजार से गिरफ्तार किया। आवश्यक कार्यवाही के उपरांत दोनों आरोपियों को पुलिस ने संबंधित न्यायालय में न्यायाधीश समक्ष पेश किया।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति की बैठक

**रायबरेली।** जिलाधिकारी श्रीमती माला श्रीवास्तव ने कहा कि स्वच्छता की सेवा अभियान के तहत गंगा के किनारे स्थित ग्रामों में जैविक कृषि पद्धति तथा जल सचयन से सम्बन्धित सिंचाई पद्धातियों को बढ़ावा देने के लिए उप निदेशक कृषि को निर्देश दिये। उन्होंने नगर पंचायत/जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिये कि कूड़ा व प्लास्टिक गंगा में प्रवाहित न हो, इस हेतु आवश्यक व्यवस्थाये सुनिश्चित की जाए तथाा नालों व नदी में कूडा न डाला जाए इसके लिए व्यापक रूप से जन जागरूकता कार्यक्रम व प्रवर्तन का कार्य कराना सुनिश्चित करें।

डीएम माला श्रीवास्तव ने बचत भवन सभागार में गुरुवार की सायं को जिला गंगा समिति बैठक की अध्यक्षता कर रहीं थीं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती पूजा यादव सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में प्रभागीय निदेशक द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि जनपद में 16 मार्च से 31 मार्च 2023 तक गंगा स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है तथा गंगा नदी को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।




डीएम ने अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत डलमऊ, नगर पालिका परिषद रायबरेली, अधिशाषी अभियन्ता जल निगम शहरी तथा ग्रामीण को निर्देश दिए कि आपस में समन्वय स्थापित कर गंगा एवं उसकी सहायक सई नदी में गिरने वाले नालों को सूचीबद्ध करते हुए नालों का शुद्धिकरण जनपद में संचालित एफ0एस0टी0पी0 संयंत्र के माध्यम से कराया जाए, बिना शुद्धिकरण के नालों का पानी गंगा एवं उसकी सहायक सई नदी में न गिरे तथा इसकी सूचना जिला गंगा समिति कार्यालय/ प्रभागीय निदेशक, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन प्रभाग, रायबरेली के कार्यालय में अवश्य प्रेषित करें इससे अगली बैठक में इसकी मॉनिटरिंग की जा सके। डीएम ने उप कृषि निदेशक को भी निर्देश दिये कि गंगा ग्रामों में जैविक कृषि पद्धति को बढ़ावा दिया जाये तथा किसानों को जैविक कृषि से होने वाले लाभों के प्रति जागरूक किया जाये।

## विकास खंड बाजार शुकुल का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

**अमेठी।** डीएम राकेश कुमार मिश्र ने आज विकास खंड बाजार शुकुल का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने विकासखंड परिसर में पुराने पेड़ों का मूल्यांकन करा कर उन्हें कटवाने के निर्देश खंड विकास अधिकारी बाजार शुकुल को दिए। इसके उपरांत उन्होंने विकासखंड परिसर में आवासीय भवनों का निरीक्षण किया एवं भवनों की खिड़की व दरवाजे एवं भवन की रंगाई व पुताई करने के निर्देश दिए। वहीं विकासखंड परिसर में सोक पिट का निर्माण कराया जा रहा थाए जिलाधिकारी ने गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने के निर्देश दिए।

इसके उपरांत उन्होंने एडीओ पंचायत कार्यालय का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने शिकायत रजिस्टर का निरीक्षण किया तथा लंबित शिकायतों को समयबद्ध व गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण कराने के निर्देश दिए वहीं उन्होंने सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण से पेंशन के लंबित मामलों व कन्या सुमंगला के लंबित मामलों को शीघ्र निस्तारित कराने के निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना अंतर्गत गठित समूह के संबंध में जानकारी ली तथा अब तक किए गए भुगतान की स्थिति की समीक्षा किया। इसके साथ ही डीएम ने विकासखंड परिसर में राजकीय कृषि बीज भंडार का निरीक्षण किया एवं किसानों को वितरित किए गए बीज के संबंध में जानकारी ली वहीं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना अंतर्गत आदि शक्ति महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित प्रेरणा कैंटीन का निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उप जिलाधिकारी मुसाफिरखाना सविता यादव, डीसी एनआरएलएम सुनील तिवारी, खंड विकास अधिकारी बाजार शुकुल अंजलि सरोज सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## श्रीराम जन्मोत्सव शोभायात्रा में शामिल होंगे नेता-अभिनेता मनोज तिवारी

**मिर्जापुर।** अखिल ब्रह्मांड के नायक करोड़ो करोड़ हिंदुओं की आस्था और विश्वास के केंद्र मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीरामजी का प्राकट्य उत्सव चैत्र शुक्ल नवमी तिथि को मनाया जायेगा। इसके पूर्व नगर के 38 वार्डों में 70 बैठके की गई है। शोभायात्रा को भव्य और दिव्य बनाने के लिए गठित विभिन्न टीमें अपने दायित्व का निर्वहन करने में लगी है। प्रदेश के सबसे बड़ा शोभायात्रा इस बार भगवान श्रीराम के भक्तों की सक्रियता से और भव्य होगा । युक्त जानकारी भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं संस्थापक मनोज श्रीवास्तव ने नगर के बरियाघाट स्थित द सिटी लान में पत्रकार वार्ता के दौरान दी। बताया कि शोभा यात्रा में दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष सांसद मनोज तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कहा कि देश और दुनिया में निवास करने वाला हिंदू समाज आदि अनादि काल से भगवान श्री राम का जन्मोत्सव मनाता आ रहा है । उसी कड़ी में जिले में भी सनातन संस्कृति में विश्वास रखने वाले हिंदू समाज प्रभु श्री राम जी के प्राकट्य दिवस को विगत अनेक वर्षो से बड़े ही धूम धाम से मनाते हैं। बताया कि इस वर्ष चैत्र शुक्ल नवमी तिथि आगामी 30 मार्च को है। श्रीराम जन्मोत्सव शोभायात्रा समिति के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रभु श्रीराम के प्राक्टय दिवस पर परंपरागत संगमोहाल से श्रीराम जन्मोत्सव शोभायात्रा निकलेगी। उसकी तैयारी में कार्यकर्ता प्राण प्राण से जुट गए है। नगर के विभिन्न स्थानों पर बैठक कर सुरक्षा प्रमुखए सज्जा प्रमुख, व्यवस्था प्रमुख, मोटरसाइकिल जन जागरण के लिए वाहन प्रमुख अभियान में लगे है। 30 मार्च के पूर्व 27 मार्च को दोपहर 2 बजे रेलवे स्टेशन से जन जागरण के लिए मोटरसाइकिल यात्रा निकलेगी। 28 मार्च को दुर्गावाहिनी की महिलाओं का स्कूटी जन जागरण यात्रा उसी रेलवे स्टेशन से दोपहर 2 बजे निकाली जाएगी। यात्रा के दौरान सैकड़ों स्वागत द्वार, पेयजल, शर्बत एवं फलाहार का वितरण किया जायेगा। कार्यक्रम संयोजक रवि शंकर साहू ने बताया कि श्रीराम जन्मोत्सव शोभा यात्रा को लेकर युवाओं में काफी उत्साह है । इस बार की शोभायात्रा ऐतिहासिक होगी । पत्रकार वार्ता में प्रमुख रुप से विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष रामचंद्र शुक्लए सर्व व्यवस्था प्रमुख महेश तिवारीए संरक्षक नन्हे तिवारीए आमोद चौधरीए शोभायात्रा समिति अध्यक्ष अनिल बरनवाल, मंत्री विनय मिश्रा अंकज, कोषाध्यक्ष राज माहेश्वरीएबजरंग दल संयोजक प्रवीण मौर्य, कार्यक्रम संयोजक रविशंकर साहू, कार्यक्रम प्रभारी मनोज दमकल, कार्यक्रम सह संयोजक शिवांशु सिंह, मोटरसाइकिल यात्रा प्रभारी प्रांजल सिंह ऋषि, सुरक्षा प्रमुख गोपाल केसरवानी, सह सुरक्षा प्रमुख पवन उमर, महिला प्रमुख संतोषी निषाद, महिला प्रभारी शिखा अग्रवाल एवं उपाध्यक्ष देवेश चौरसिया आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## टीबी बीमारी लाइलाज बीमारी नहीं नियमित इलाज से हो जाती है ठीक

**सोनभद्र।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व क्षय रोग दिवस 24 मार्च को मनाया गया। इस अवसर पर विशाल रैली का आयोजन साई हॉस्पिटल एण्ड स्कूल ऑफनर्सिंग एवं कीर्ति इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकाली गयी। मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 आर0जी0 यादव, जिला क्षय रोग अधिकारी डा0 प्रेम नाथ एवं विधायक प्रतिनिधि विकास मिश्रा द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली शहर के विभिन्न गलियों से होते हुए जिला क्षय केन्द्र पर एक गोष्ठी के रूप में बदल गया। प्रभारी मुख्य चिकित्सा डॉ आरजी यादव ने कहा कि आज से पूरे देश में टीबी मुक्त पंचायत कार्यक्रम की शुरुआत भी की जा रही है। टीबी लाइलाज बीमारी नहीं है। इससे घबराएं नहीं। समय से इलाज शुरू हो जाने और नियमित दवा का पूरा कोर्स कर लेने से यह बीमारी पूरी तरीके से ठीक हो जाती है। इलाज को बीच में छोड़ देने से यही बीमारी और गंभीर हो जाती है। गोष्ठी को जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ प्रेम नाथ ने कहा कि पीड़ित व्यक्ति के खांसने, छीकने से दूसरे स्वस्थ व्यक्ति को यह बीमारी लग जाती है। छोटे स्कूली बच्चे इस बीमारी के शिकार जल्दी हो जाते है। इधर-उधर थूकने तथा साझा तौलिया, रूमाल, चादर आदि का प्रयोग करने से भी इस बीमारी को बढ़ावा मिलता है। किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक समय से खांसी आ रही हो, शाम से बुखार चढ़ता हो, सीने में दर्द, खांसी के साथ खून आना आदि इसके प्रमुख लक्षण हैं। यदि समय पर लगातार इलाज नहीं कराया जाए तो यह बीमारी शरीर के अन्य अंगों में भी फैल जाती है। उन्होंने बताया कि पलमोनरी टीबी एक वर्ष में 8 से 10 नए रोगी बना देता है। लगातार 6 से 8 महीने तक दवा खाने से टीबी की बीमारी पूरी तरह से ठीक हो जाती है।

## विश्व टीबी दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम

**मिर्जापुर।** जनपद में शुक्रवार को विश्व टीबी दिवस मनाया गया। इस दिवस पर सभी स्वास्थ्य केंद्रों और उपकेन्द्रों पर तपेदिक यानि क्षय रोग के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। इसी क्रम में जिला मुख्यालय पर और स्कूलों में प्रभात फेरी निकली गई। अधिकतर शैक्षणिक संस्थानों में इस बीमारी के लक्षण और इलाज के बारे में जागरूक किया गया। जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ण्ण्ण्ण्डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि वर्ष 2025 तक जनपद समेत पूरे देश से क्षय रोग समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित है। इसी क्रम में शहरी और ग्रामीण दोनों इलाकों में जागरूकता संबंधी विविध गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। आज टीबी इकाइयोंए डेजिग्नेटेड माइक्रोस्कोपिक सेंटर और गांवों में सामुदायिक स्तर पर जनप्रतिनिधियों की अध्यक्षता में मैजिक शोए नुक्कड़ नाटक व अन्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## राहुल गांधी
### गांधीवाद का ढोंग

**राहुल गांधी** स्वयं को महात्मा गांधी का अनुयाई बताते हैं, लेकिन वे वास्तव में विपक्षियों के बारे में बात करते समय उनका अनुसरण नहीं करते हैं। इस प्रकार वे गांधीवाद का ढोंग कर रहे हैं। कांग्रेसी नेता गुस्सा है कि उनके पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी 2019 के एक आपराधिक मानहानि मामले में दोषी पाए गए हैं। गुरुवार को उनको दोषी ठहराते हुए सूरत की एक अदालत ने दो साल कैद की सजा दे दी। राहुल ने लफ्फाजी भरी टिप्पणी की थी कि 'सारे चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है।' निश्चित रूप से यह बहुत खराब टिप्पणी थी। आखिरकार कोई वरिष्ठ नेता बड़ी संख्या में उन लोगों की निन्दा कैसे कर सकता है जिनका सरनेम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैसा हो? इस फैसले पर पहली प्रतिक्रिया करते हुए राहुल ने महात्मा गांधी का संदर्भ देते हुए ट्वीट किया, 'मेरा धर्म सत्य व अहिंसा पर आधारित है। सत्य मेरा भगवान है और अहिंसा उस तक पहुंचने का माध्यम है-महात्मा गांधी।' लेकिन कोई रिकार्ड नहीं है कि गांधीजी ने कभी किसी को गाली दी हो। वे इतने सज्जन व्यक्ति थे कि कभी अपने विरोधियों के लिए भी कठोर शब्द प्रयोग नहीं करते थे और ऐसे में किसी को गाली देने का सवाल ही नहीं उठता है। यह इस तथ्य के बावजूद है कि कुछ विरोधी उनके जबरदस्त आलोचक थे, लेकिन इसके बावजूद विरले ही गांधीजी के किसी से हार्दिक संबंध खराब हुए हों। अंग्रेजों के खिलाफ गांधीजी के तरीकों के सर्वाधिक मुखर आलोचक सुभाष चंद्र बोस ने गांधीजी को 'राष्ट्रपिता' कहा था। इसलिए मोदी और उनकी सरकार का विरोध करने के राहुल के तरीके बिल्कुल गांधीवादी नहीं हैं। विपक्षी नेता का यह अधिकार और दायित्व है कि वह तत्कालीन सरकार की गलतियों या काम न करने के अपराधों की आलोचना, पर इसमें गालीगलौज तथा मानहानिकारक बयान व लेखन का कोई स्थान नहीं है। महात्मा गांधी कभी इस स्तर तक नहीं गिरे और इसके बावजूद उन्होंने दुनिया के सबसे बड़े उस साम्राज्य को हरा दिया जिसके राज्य में कभी सूर्य अस्त नहीं होता था।



राहुल गांधी के वकील ने अदालत से कहा, 'शिकायतकर्ता को किसी प्रकार का कष्ट या नुकसान नहीं हुआ, आरोपी को इसके पहले कभी किसी अपराध का दोषी नहीं पाया गया और उसने किसी से माफी नहीं मांगी या दया की अपील नहीं की।' इस मामले में शिकायतकर्ता सूरत पश्चिम सीट से भारतीय जनता पार्टी के विधायक पूर्णेश मोदी हैं। 'मोदी' सरनेम होने के कारण गालीगलौज का शिकार होने का उनका दावा उचित है। इसके साथ ही वे जनता के प्रतिनिधि हैं और ऐसे बयानों से अप्रभावित नहीं रह सकते हैं जो उनकी पार्टी के सर्वोच्च नेता नरेन्द्र मोदी को बदनाम करने के लिए दिए गए हों। यह सच है कि राहुल गांधी को कभी किसी अवैध काम की सजा नहीं मिली है, पर इससे उनको किसी को गाली देने का अधिकार नहीं मिल जाता है। सूरत की अदालत का फैसला न केवल कांग्रेस नेताओं, बल्कि पूरे राजनेता वर्ग को कठोर संदेश देता है कि आलोचना कभी गालीगलौज या मानहानि के स्तर तक नहीं आनी चाहिए। दुर्भाग्यपूर्ण रूप से पिछले कुछ साल में राजनीतिक बहस के स्तर में काफी गिरावट आई है। लगभग सभी पार्टियों के अनेक नेता विरोधियों पर टिप्पणियां करते समय ऐसे शब्दों का प्रयोग करते हैं जिनसे बचा जा सकता है। उदाहरणार्थ, दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल तथा उनके समर्थक ऐसे काम धड़ल्ले से करते थे, लेकिन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने मुकदमा चला कर उनको माफी मांगने को मजबूर कर दिया। अब राहुल गांधी को सजा मिलने के साथ हम उम्मीद कर सकते हैं कि राजनीति में कुछ सौम्यता व गरिमा आएगी।

# सरदार पटेल, सिंधिया और स्वराज

**उज्जैन व ग्वालियर के महाराजा जीवाजीराव माधवराव सिंधिया सरदार पटेल के मित्र बन गए और भारतीय रियासतों के एकीकरण में उनकी सहायता की।**



**अरुणेश बी. गोस्वामी**
(लेखक, एक शोध संस्थान के प्रमुख हैं)



भारत के राष्ट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद ने 13 मई, 1959 को कहा था कि सरदार पटेल की विरासत को हाशिए पर धकेला जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरदार पटेल को कैसे भुला दिया गया, लेकिन उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि जब बहुत से लोग उनको 'अनावश्यक' मान रहे थे तब भारत के प्रमुख व्यक्ति सरदार पटेल के समर्थन और प्रशंसा में खड़े हुए। ये उज्जैन व ग्वालियर के तत्कालीन महाराजा सिंधिया, यानी महामहिम महाराजा जीवाजीराव माधवराव सिंधिया थे। बाद में वे सरदार पटेल तथा उनके निकट सहयोगी वी.पी. मेनन के गहरे मित्र बन गए। उन्होंने भारत की एकता में सकारात्मक भूमिका निभाई और उनको भारत की स्वतंत्रता के बाद मध्य भारत प्रांत का पहला 'राजप्रमुख' बनाया गया।

डा. राजेन्द्र प्रसाद ने कहा था, 'संसद भवन में सरदार पटेल का चित्र भी ग्वालियर के राजकुमार का उपहार है। इसलिए हमें इस विचार से परे नहीं हटना चाहिए कि उनकी सेवायें इस कारण कम मूल्यवान हो जाती हैं क्योंकि हम उनको स्वीकार करने से हिचक रहे हैं।' सरदार पटेल के प्रति सिंधिया का आकर्षण स्वाभाविक था। महाराजा अपने पूर्वज महादजी सिंधिया से प्रभावित थे जिनको 18वीं शताब्दी के अंतिम अर्धांश में दक्षिण एशिया का सर्वाधिक महत्वपूर्ण व्यक्ति माना गया था। इतिहासकार हेनरी जार्ज कीन ने उनको पूरे एशिया का सर्वाधिक महत्वपूर्ण व्यक्ति माना है। उन्होंने ऐसे समय उप-महाद्वीप की एकता सुनिश्चित की जब न केवल अफगान, बल्कि अंग्रेज भी दिल्ली की गद्दी पर कब्जे का प्रयास कर रहे थे।

प्रख्यात राजनीतिक दार्शनिक जेम्स मिल ने स्वीकार किया था कि यदि महादजी सिंधिया और जीवित रहते तो भारत में अंग्रेजों के अस्तित्व को खतरा पैदा हो जाता। महादजी सिंधिया के निधन के बाद 'फाइनल फ्रेंच स्ट्रगल्स इन इंडिया एंड आन इंडियन सीज़' के लेखक कर्नल जार्ज ब्रूस मैलिसन ने उनको उस समय तक भारत का सर्वाधिक दूरदर्शी राजनयिज्ञ माना था। 1771 में सिंधिया ने दिल्ली पर विजय प्राप्त की और इस प्रकार महादजी सिंधिया ने अहमद शाह अब्दाली व उनके बेटे तैमूर के दुर्रानी अफगान साम्राज्य द्वारा भारत के संभावित विभाजन को रोका। उन्होंने अपने साम्राज्य का विस्तार वर्तमान उत्तरी पाकिस्तान तक किया था जिसमें लाहौर और अटक के सूबे शामिल थे। उन्होंने अंग्रेजों को वडगांव, सिरसी, प्रयागराज, कोलारस, शिवपुरी, सारंगपुर व अनेक अन्य स्थानों पर हराया। इससे भारतीयों को स्पष्ट संदेश मिला कि एकजुट होने पर वे अंग्रेजों को आसानी से हरा सकते हैं। जीवाजी अच्छी तरह जानते थे कि सरदार पटेल वास्तव में महादजी सिंधिया जैसा काम कर रहे थे। इससे उनको राष्ट्रीय एकीकरण तथा सरदार पटेल के व्यक्तित्व से जुड़ने की इच्छा हुई। 1954 में मौलाना आजाद के निधन के दो महीने बाद संसद भवन में उनका तैल चित्र लगाया गया, पर सरदार पटेल के निधन के चार साल बाद भी संसद में उनका तैल चित्र नहीं था। भारत को उनके असाधारण योगदान के बावजूद यह स्थिति निराशाजनक व संदेहास्पद थी। मौलाना आजाद का पोर्टेट लगाने के समय महाराजा सिंधिया सदन में मौजूद थे। उन्होंने गौर किया कि कैसे उनके स्वर्गीय मित्र की विरासत को हाशिए पर डाला जा रहा है। उन्होंने फौरन राष्ट्रपति राजेन्द्र प्रसाद से अनुमति मांगी और इसके बाद सरदार का चित्र संसद भवन में लगवाने की आवश्यक व्यवस्था की।

सिंधिया ने अपनी जेब से सरदार पटेल का चित्र बनवाने में काफी पैसा खर्च किया। राष्ट्रपति ने फौरन उनका चित्र संसद में लगवाने की व्यवस्था की। सरदार पटेल का चित्र लगने के समय सिंधिया ने सरदार पटेल को श्रृद्धांजलि दी। सरदार पटेल के बारे में महाराजा जीवाजीराव सिंधिया ने कहा था, 'वे ऐसे व्यक्ति थे जिनसे मैं एक समय घृणा करता था। उन्होंने मुझे डरा दिया था। लेकिन अब मैं इस व्यक्ति की प्रशंसा और उनसे प्रेम करता हूं।' सरदार पटेल ने एक बार जीवाजीराव सिंधिया को पत्र में लिखा था, 'ग्वालियर में अपने प्रवास के समय अतिथि सत्कार व प्रेम के लिए मैं आपका और सम्मानित महारानी का धन्यवाद देना चाहता हूं। सभी लोग आप दोनों द्वारा किए गए सत्कार से अभिभूत हैं। हमारे लिए अपना महल खाली करवा कर आपने पूरी तरह हमारा दिल जीत लिया है। हम हमेशा ग्वालियर यात्रा की सर्वाधिक आनन्ददायी स्मृतियां याद रखेंगे।' इन शब्दों से महाराजा जीवाजीराव सिंधिया व सरदार पटेल का एक दूसरे के प्रति प्रेम व प्रशंसा भावना प्रकट होती है।

सरदार पटेल अपनी बेटी मणिबेन के साथ महाराजा सिंधिया से मिलने ग्वालियर आए थे। सिंधिया ने सरदार पटेल को 5 दिसंबर, 1948 को मध्य भारत के पहले मेडिकल कालेज गज राज मेडिकल कालेज के उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया था। जब भोपाल जैसी रियासतें जिन्ना के साथ मिल कर भारत को तोड़ने की योजना बना रही थीं तब सिंधिया और पटेल ने भारतीय एकता पर जोर दिया था और उसके लिए काम किया था। जवाहरलाल नेहरू ने एक बार कहा था कि सिंधिया की ग्वालियर रियासत के पास स्वतं9 देश बनने की पूरी क्षमता व संसाधन मौजूद थे। लेकिन उसने कभी इस दिशा में नहीं सोचा क्योंकि नेहरू के अनुसार, महाराजा सिंधिया की भारत के प्रति देशभक्ति और सम्मान अटूट था। नेहरू का यह कथन सही था क्योंकि भारत में केवल पांच देशी रियासतें ऐसी थीं जो समुचित रूप से समृद्ध थीं तथा उनको 21 तोपों से सलामी लेने का अधिकार था। सिंधिया का ग्वालियर भी उनमें शामिल था।

महाराजा सिंधिया ने सरदार पटेल की सहायता की तथा भारत की एकता के लिए अनेक बलिदान किए। उन्होंने भारत के एकजुटता के सरदार पटेल के प्रयासों को पूरी राष्ट्रवादी भावना से समर्थन दिया। मेनन ने सरदार को सिंधिया की सहायता का दस्तावेजीकरण किया है। ऐसा उस समय हो रहा था जब अनेक देशी रियासतें, खासकर भोपाल पाकिस्तान की सहायता से अपने स्वार्थों को वरीयता दे रही थीं। मेनन ने अपनी पुस्तक 'द स्टोरी आफ द इंटीग्रेशन आफ इंडियन स्टेट्स' में लिखा था कि 21 तोपों की सलामी लेने की अधिकारी पांच बड़ी देशी रियासतों में सबसे पहले महाराजा सिंधिया ने भारत में विलय की इच्छा प्रकट की थी। उनका यह कदम देश के लिए बहुत अच्छा सिद्ध हुआ। मेनन ने जीवाजी सिंधिया के बारे में लिखा था, 'वे हमेशा समय के साथ चले। उन्होंने घोषणा की थी कि दिसंबर, 1946 तक वे एक जिम्मेदार सरकार गठित करेंगे और मई, 1947 में उन्होंने लोकप्रिय प्रतिनिधियों की अंतरिम सरकार तथा संविधान-निर्माता संस्था को फौरन समर्थन दे दिया।'


भारत सरकार को पांच सौ से अधिक देशी रियासतों के विलय से 74 करोड़ रुपये मिले। राजमाता विजयराजे सिंधिया के अनुसार इसमें से केवल महाराजा सिंधिया का योगदान 54 करोड़ रुपये था। मेनन के अनुसार, ग्वालियर के शासक फिजूलखर्ची में विश्वास नहीं रखते थे। महाराजा के उदार योगदान की प्रशंसा करते हुए सरदार पटेल ने लोकसभा में कहा था, 'पूर्व राजाओं के प्रिवी पर्स का विरोध करने वाले लोगों को यह पता नहीं है कि यह धनराशि केवल महाराजा ग्वालियर द्वारा किए योगदान के ब्याज से मिल जाएगी।' राजमाता विजयराजे सिंधिया के अनुसार सरकार को अपने खजाने से इस पर एक पैसा भी नहीं खर्च करना पड़ा था।

महाराजा सिंधिया और सरदार पटेल ने 1962 में भारत-चीन युद्ध से बहुत पहले ही चीन का खतरा भांप लिया था। वे अंतरराष्ट्रीय संबंधों में यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाने के समर्थक थे। दुर्भाग्य से भारत के एकीकरण में सरदार पटेल तथा ग्वालियर के सिंधिया परिवार के योगदान को समुचित महत्व नहीं दिया गया। लेकिन खुशी की बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की नई व्यवस्था स्वतंत्रता संग्राम तथा देश के एकीकरण के अनेकानेक अज्ञात नायकों व नायिकाओं की भूमिका को समुचित सम्मान दे रही है।

# भारत में किशिदा, रूस में जिनपिंग

> मास्को में सम्मेलन ने वैश्विक राजधानियों में अपनी भारत-प्रशांत रणनीतियों को और सक्रिय करने के लिए पर्याप्त चिंताएं उठाई हैं।

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक विदेशी मामलों पर टिप्पणीकार हैं)



इस सप्ताह ने एशिया में दो महत्वपूर्ण घटनाओं को चिन्हित किया। एशिया के दो शक्तिशाली नेताओं में से प्रत्येक ने, अलग-अलग दृष्टिकोणों के साथ, पश्चिम की ओर बढ़ते हुए क्षेत्र की भू-राजनीति को आकार देने के लिए अपने स्वयं के एजेंडे विकसित किए। पहली जापानी प्रधान मंत्री फुमियो किशिदा की नई दिल्ली की राजकीय यात्रा थी, जहां उन्होंने संशोधित इंडो-पैसिफिक रणनीति के बारे में बात की थी, जिसका एक पुराना संस्करण जापान लगभग डेढ़ दशकों से लगन से अपना रहा है। दूसरी चीनी प्रधानमंत्री शी जिनपिंग की रूसी राजधानी की राजकीय यात्रा थी, यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के बाद से किसी भी महत्वपूर्ण वैश्विक नेता की पहली बड़ी यात्रा थी, जहां यह एक बेहतर यूरेशिया के लिए चीन-रूस के बढ़ते संबंधों का दोहराव था।

कई मायनों में, जापान, विशेष रूप से, पूर्व पीएम शिंजो आबे, लगभग पंद्रह साल पहले इंडो-पैसिफिक रणनीति के लेखक थे, जब उन्होंने भारतीय और प्रशांत महासागरों को डॉट करने वाले सभी देशों के लिए कूल्हे, भविष्य पर संयुक्त रूप से व्यक्त किया था। 2007 में भारतीय संसद में अपने अब तक के प्रसिद्ध भाषण में, 'दो समुद्रों का संगम' शीर्षक से, भारत-प्रशांत क्षेत्र में कई देशों के लिए अब-स्थापित भू-राजनीतिक रणनीति का खाका तैयार किया गया था। संयोग से, उसी भाषण के दौरान, अबे एशिया में सबसे बड़े लोकतंत्रों के बीच व्यापक सहयोग के बारे में बात की। यह बिंदु बाद में क्वाड के रूप में उभरा, जिसमें अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत शामिल थे।

विभिन्न क्षेत्रीय समूहों और बहुपक्षीय मंचों के बीच के वर्षों के दौरान कई पिचों में, आबे ने मुख्य रूप से तीन स्तंभों पर आधारित एक स्वतंत्र और खुले इंडो-पैसिफिक के अपने दृष्टिकोण पर जोर देना जारी रखा। स्तंभ 1 कानून के शासन की स्थापना, वायु और समुद्र द्वारा नौवहन की स्वतंत्रता और क्षेत्र के लिए मुक्त व्यापार की आवश्यकता पर बल देता है। स्तंभ 2 सड़कों, बंदरगाहों और डिजिटल लिंकेज के निर्माण के साथ-साथ लोगों से लोगों के बीच संपर्क में वृद्धि के माध्यम से व्यापक क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा देकर आर्थिक समृद्धि पर जोर देता है। यह स्तंभ व्यापार नियमों के सामंजस्य को भी देखता है जिससे एक दूसरे की वस्तुओं और सेवाओं तक अधिक पहुंच को सुगम बनाया जा सके। तीसरा स्तंभ क्षेत्र में शांति और सुरक्षा पर केंद्रित है। इसका समुद्री सुरक्षा, कानून प्रवर्तन, आतंकी गतिविधियों की रोकथाम, खुफिया जानकारी साझा करने, आपदा राहत प्रदान करने आदि पर स्पष्ट ध्यान है। इसके बावजूद, इंडो-पैसिफिक अमेरिका और यूरोपीय संघ के विदेशियों का फोकस बनने से पहले जापान को धैर्यपूर्वक पिचिंग करने में वर्षों लग गए। नीति। 2020 में बदलती भू-रणनीतिक स्थिति के साथ इसे वह ध्यान मिला, जो चीन-एकाधिकार वाली महत्वपूर्ण आपूर्ति श्रृंखला प्रणाली पर भरोसा करने की कमजोरियों और चीन द्वारा अपनी शून्य कोविड नीति के कारण लगाए गए कठोर प्रतिबंधों को प्रदर्शित करता था। चीन नहीं था आपदा के दौरान अन्य देशों के साथ सहयोग करने को तैयार। यूक्रेन पर आक्रमण करने से ठीक पहले व्लादिमीर पुतिन की बीजिंग की राजकीय यात्रा से जापान विशेष रूप से हैरान था, जिसने रूस और चीन के बीच 'कोई सीमा नहीं दोस्ती' स्थापित की।



यह लगभग एक क्षण था, जिसने दुनिया को रूस और चीन का समर्थन करने वाले और अमेरिका और पश्चिमी सहयोगियों के नेतृत्व वाले ब्लॉकों में तेजी से विभाजित किया। हालांकि अभी तक शीत युद्ध का 21वीं सदी का संस्करण नहीं है, यह दरार कुछ वर्षों तक वैश्विक मामलों को निर्देशित करती रहेगी। चीन-रूस साझेदारी ने चीन को भी सशक्त बनाया है, क्योंकि यह बहुपक्षीय मंचों के माध्यम से अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य रूस का उपयोग कर सकता है। इस बीच, यूक्रेन पर रूसी आक्रमण को देखते हुए, चीन कई पड़ोसी देशों (भारत सहित) के साथ एकतरफा बदलती भौगोलिक सीमाओं के संबंध में अपनी रणनीति का पुनर्मूल्यांकन कर सकता है। इसलिए, दो-राज्यों का दौरा महत्व रखता है, पहले के रूप में, आसियान जैसे क्षेत्रीय समूहों के साथ सहयोग बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए भारत और जापान को एक खुले सुरक्षित, पारदर्शी नियम-आधारित इंडो-पैसिफिक के लिए अपनी सगाई को गहरा करने की प्रतिबद्धता को दोहराता है। इसने जापान की इंडो-पैसिफिक रणनीति के लिए भारत की केंद्रीयता पर जोर दिया, विशेष रूप से एक वर्ष में जब जापान जी-7 की अध्यक्षता कर रहा है और भारत के पास जी-20 प्रेसीडेंसी है, जो सहयोग और भविष्य की रोड मैपिंग के लिए दो महत्वपूर्ण मंच हैं। मास्को में सम्मेलन ने वैश्विक राजधानियों में अपनी भारत-प्रशांत रणनीतियों को और सक्रिय करने के लिए पर्याप्त चिंताएं उठाई हैं।

## आप की बात

### राहुल को सजा

**राहुल** गांधी को मानहानि केस में 2 साल की सजा दिए जाने पर कांग्रेस ने पूरे देश में प्रदर्शन शुरू कर दिए हैं। जिस संविधान ने राहुल गांधी को सांसद बनाया है उसी संविधान के अंतर्गत दिये गए सजा के फैसले को लेकर सड़कों पर धमाल मचाना व संसद को ठप करना कहां तक उचित है? देश के भीतर व बाहर अंतर्राष्ट्रीय मंच तक पर राहुल गांधी के बयान सदैव विवादास्पद रहे हैं। यह बात अलग है कि उन्हें उनकी गलत बयानी पर पहली बार सजा मिली है। और उनकी अकड़ तो आप देखिए कि वे अपने विवादित भाषण पर माफी तक मांगने को तैयार नहीं है। क्योंकि उन्हें अपनी पार्टी वालों पर भरोसा है कि वे देश और संसद में धमाल मचा कर विकट स्थिति पैदा कर देंगे। मगर यह पाकिस्तान नहीं जहां इमरान खान को गिरफ्तारी वारंट के बावजूद गिरफ्तार नहीं किया जा सका। क्योंकि उनके अनुयाई सेना और पुलिस पर हमले कर रहे थे। बेहतर यही है कि राहुल गांधी की संसद सदस्यता निरस्त हो और 6 वर्ष के लिए वे चुनाव लड़ने के अयोग्य घोषित किया जाए उससे पूर्व ही वे अपने विवादित भाषण के लिए माफी मांग कर स्थिति को संभाल लें। कांग्रेस पार्टी भी विचार करे कि वह राहुल नाम का बोझ कब तक ढोती रहेगी।

**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### कश्मीरी पंडितों को सुरक्षा

**कश्मीर** के बारामुला जिले में प्रधानमंत्री रोजगार पैकेज के तहत नौकरी पाने वाले विस्थापित कश्मीरी पंडितों के रहने के लिए बनाई जा रही है कालोनियां जिनमें कश्मीरी पंडितों को रहने के लिए सुरक्षित जगह दी जाएगी। इसके अंतर्गत यहां पर कुल 320 फ्लैट बनना है जिसमें से अब तक 160 के लगभग फ्लैट इस माह के अंत तक बनने की पूरी उम्मीद है। अधिकांश फ्लैट उन कर्मचारियों को मिलेंगे जिन्हें सरकार अपनी ओर से नौकरियां देंगी। पेशेवर कर्मचारियों ने सरकार की इस योजना का भरपूर स्वागत किया है। यदि घाटी में किराए पर रह रहे सभी विस्थापित कर्मचारियों को इस योजना के अंतर्गत यहां आवास मिलते हैं तो यह अधिकांश कश्मीरी पंडितों की सुरक्षा की दृष्टि से यह एक अच्छा कदम होगा। इससे कश्मीर की जनता में भारत सरकार के प्रति विश्वास मजबूत हुआ है। पाकिस्तान व भारत में उसके समर्थक अपनी जड़ें खो चुके राजनेता अब मजबूरी में बदली स्थितियां स्वीकार कर रहे हैं। हाल में महबूबा मुफ्ती को भगवान शंकर पर जल चढ़ाते देखना अत्यन्त आश्चर्यजनक था। उम्मीद करनी चाहिए कि सरकार जल्द चुनाव कराएगी।

**मनमोहन राजावत राज,** शाजापुर

### पक्षियों की देखभाल

**पक्षियों** का ध्यान रखना आवश्यक है। घरों में फुदकने वाली गौरैया मौसम के पूर्व आकलन का संकेत देती आई है। सुबह होने के पूर्व चहकना व बारिश आने के संकेत के रूप में धूल में लोटना आदि माना गया। चित्रकारी में तो सबसे पहले बच्चों को चिड़िया बनाना सिखाया जाता है। गौरेय्या इंसानों की सदैव मित्र रही और घर की सदस्य भी। क्यों न हम गौरैया व अन्य पक्षियों के लिए छांव, पानी, दाना की व्यवस्था कर पुण्य कमांए। कई किसान अपने खेत के कुछ हिस्सों में ज्वार-बाजरा भी लगाते है उनका उद्देश्य गौरैया को दाना कराना भी होता है। गौरेय्या की सेवा से मन को सुकून मिलता है। दाना पानी और रहवास की सुविधा करने पर फिर से घरों में फुदक सकती है। गौरेय्या के साथ अन्य छोटे पक्षियों को भी गर्मियों में सुरक्षा प्रदान करना परिवार के साथ समाज का भी काम है। इससे बच्चों को पर्यावरण संरक्षण की शिक्षा भी मिलेगी क्योंकि पक्षियों का संरक्षण भी पर्यावरण संरक्षण का महत्वपूर्ण अंग है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने कार्यक्रम मन की बात में इसकी अपील कई बार कर चुके हैं।

**संजय वर्मा,** धार

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**


## फरमाया



**मैं** भारत की आवाज के लिए लड़ रहा हूं। मैं कोई भी कीमत चुकाने को तैयार हूं।
- **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता



**राहुल** गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त होना चौंकाने वाला है और देश बहुत कठिन दौर से गुजर रहा है।
- **अरविंद केजरीवाल**
आप प्रमुख



**यह** मोदी सरकार की प्रतिशोध, धमकी और धमकी की राजनीति का एक और बड़ा उदाहरण है। हम कानूनी और राजनीतिक रूप से लड़ेंगे।
- **जयराम रमेश**
कांग्रेस नेता

# मेले में व्यापार न हो प्रभावित: वेद गुप्ता

● **अयोध्या विधायक ने व्यापारियों की समस्याओं को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक**



**अयोध्या।** नगर विधायक अयोध्या वेद गुप्ता ने आज व्यापारियोंए फेरी वालों आदि की समस्याओं को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सिंचाई विभाग गेस्ट हाउस में बैठक की। आज विधायक को जब ज्ञात हुआ की फेरी वालोंएपटरी दुकानदारोंए आदि को मुख्य मार्गोंएराम की पैड़ीए स्नान घाट आदि से हटाया जा रहा है तो इसको लेकर वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक सिंचाई विभाग गेस्ट हाउस में की। उन्होंने सभी को सख्ती से निर्देश दिए कि किसी भी रूप में व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं होगा। अगर इनको हटाना ही आवश्यक है तो इनके लिए एक विशेष क्षेत्र का सृजन किया जाए जिससे ये सब मेले में अपना व्यापार कर सकें। इसी कड़ी में उन्होंने स्नान घाटों से माला फूल प्रसाद बेचने वालों के लिए भी एक उचित स्थान बनाने का निर्देश दियाए ताकि मेले से किसी भी गरीब छोटे तबके के दुकानदार का व्यापार ना प्रभावित होए और वह भी अपने परिवार का लालन पालन कर सकें। विधायक अयोध्या ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लकड़ी की बैरिकेडिंग किसी भी प्रकार में स्वीकार नहीं की जाएगीए पूरी कोशिश करें कि लोहे की बैरिकेडिंग लगाई जाए ताकि किसी भी प्रकार की समस्या या दुर्घटना मेला अवधि में ना हो। इसके अलावा साफ सफाई का विशेष ध्यान चूने का छिड़काव फागिंग आदि की व्यवस्था लगातार करने, प्रकाश व्यवस्थाए घाटों पर उचित सुरक्षा सहित यातायात के ऊपर भी विधायक श्री गुप्त ने मंत्रणा की। इस अवसर पर एडीएम सिटी एसपी सिटी सहायक नगर आयुक्त सीओ सिटी सिंचाई विभाग के अधिकारी, पीडब्ल्यूडी के अफसर, पंकज गुप्ता संजय गुप्ता वाह बालकृष्ण वैश्य मौजूद रहे।

**26 मार्च को आयोजित होगा युवा उत्सव:** श्रावस्ती। जिला युवा अधिकारी कोमल ने बताया है कि भारत के 150 जनपदों में युवा उत्सव के आयोजन श्रृंखला अन्तर्गत जनपद श्रावस्ती में उक्त कार्यक्रम दिनांक 26 मार्च को चौधरी राम बिहारी बुद्ध इण्टर कालेजए कटरा श्रावस्ती में आयोजित किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम का आयोजन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालयए भारत सरकार के अधीनस्थ स्वायत्त संगठन नेहरू युवा केन्द्र श्रावस्ती द्वारा जिला प्रशासन के समन्वय एवं सहयोग से किया जायेगा। कार्यक्रम में जनपद के समस्त 15 से 29 आयु वर्ग के युवा प्रतिभाग करेंगे। युवा उत्सव कार्यक्रम अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमध्प्रतियोगिताओं के साथ.साथ युवाओं के आकर्षण एवं उनके ज्ञानवर्धन हेतु एवं युवाओं को विभिन्न विभागों की कार्यशैली एवं योजनाओं से सम्बन्धित जानकारी हेतु प्रदर्शनी भी लगायी जायेगी।

## वार्षिक परीक्षा की तैयारी को लेकर किया गया निरीक्षण

**प्रयागराज।** विद्या भारती से संबद्ध काशी प्रांत के रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज राजापुर प्रयागराज के प्रधानाचार्य बांके बिहारी पांडेय की अध्यक्षता में 26 मार्च को विद्यालय में संपन्न होने वाली वृहद प्रवेश परीक्षा और वार्षिक परीक्षा की तैयारी हेतु बैठक आयोजित हुई। विद्या भारती के अधिकारियों द्वारा वार्षिक परीक्षाओं का निरीक्षण भी किया गया। विद्यालय के संगीताचार्य एवं मीडिया प्रभारी मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि 26 मार्च 2023 को सुबह नौ बजे से साढ़े ग्यारह बजे तक संपन्न होने वाली प्रवेश परीक्षा में लगभग एक हजार छात्र छात्राओं के बैठने की एवं परीक्षाओं को सकुशल संपन्न कराने की व्यवस्था हेतु प्रधानाचार्य ने समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा परीक्षा शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न हो इसकी विधिवत रचना के बारे में जानकारी प्रदान की। वार्षिक परीक्षाओं के निरीक्षण हेतु प्रांतीय संगठन मंत्री एवं प्रधानाचार्य का आगमन भी विद्यालय प्रांगण में हुआ।

# बच्चों को परोसें मोटे अनाजों से बने व्यंजन: डीएम

● **ईट राइट मेले में दिखे मोटे अनाज से बने खाद्य उत्पाद**



**गोंडा।** शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने गीता इण्टरनेशनल स्कूल में मोटे अनाज पर आधारित 'ईट राइट मिलेट्स मेले' का आयोजन किया। जिसका उद्घाटन जिलाधिकारी डा0 उज्ज्वल कुमार ने किया। मेले में मोटे अनाज से बने खाद्य उत्पादों के आकर्षक स्टाल भी सजाये गए। मेले में आने वाले आमजन को मोटे अनाज के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने भी मेले में लगे स्टालों का अवलोकन किया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि पहले लोग मोटे अनाजों का सेवन करते थे और निरोगी रहते थे, परंतु आज की पीढ़ी मोटे अनाजों से दूर होती जा रही है। इसी वजह से आजकल लोगों में सुगर, डायबीटीज आदि बीमारियां होने की सम्भावनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी देशवासियों को मोटे अनाजों का सेवन करने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने सभी अभिभावकों से कहा कि सभी लोग अपने बच्चों को भी मोटे अनाजों से बने व्यंजन जरूर दें। साथ ही उनमें मोटे अनाज खाने की आदत डालें। मेले में खाद्य सुरक्षा सुरक्षा विभाग के मंडलीय सहायक आयुक्त खाद्य अजय कुमार जायसवाल, गोंडा के सहायक आयुक्त खाद्य विनय कुमार सहाय, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी हितेंद्र मोहन त्रिपाठी तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार, युगल किशोर, संतोष कुमार, जय प्रकाश, दीपक पटेल, जनपद के प्रमुख खाद्य कारोबारियों में नानक स्वीट्स, गौरी स्वीट्स, अन्नपूर्णा स्वीट्स, अमित मिष्ठान्न भंडार, खुराना बेकर्स, शुक्ला दही बड़ा, कालानी नमकीन, नारायण नमकीन, देवा डोसा तथा आनंद समोसा ने बढ़-चढ़ कर अपने उत्पादों के साथ भाग लिया।

# शारीरिक रूप से स्वस्थ्य रहने के लिए पोषण युक्त भोजन जरूरी: डॉ. मुकेश

● **समाजकार्य विभाग में मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन**

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि के समाज कार्य विभाग में शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं सिफ्सा के सहयोग से मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय, अयोध्या के मनोचिकित्सक डॉ. मुकेश कुमार पाठक ने छात्र छात्राओं को बताया कि मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए व्यायामए अच्छी नींद के लिए पोषण युक्त भोजन जरूरी है। मानसिक स्वास्थ्य ही हमारे जीवन की सफलता का आधार है। इसे अपने दिनचर्या में शामिल करना होगा। कार्यक्रम समाज कार्य विभाग के समन्वयक एवं सिफ्सा के नोडल अधिकारी डॉण् दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य प्रबंधन के लिए अपने जीवन शैली में बदलाव जाने की जरूरत है। उन्होंने छात्रों को संतुलित खानपान, नियमित व्यायाम, तनाव मुक्त जीवन अपनाएं जाने पर बल दिया। समाजकार्य विभाग में स्थित क्यू क्लब में बीबीए, बीसीए के 50 छात्र.छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। अगले बैच के कार्यशाला का आयोजन 27 मार्च 2023 को होगा। संचालन डॉ. प्रभात सिंह द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन पल्लव पांडे ने किया। प्रशिक्षण के उपरांत सभी छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। विवेक सिंह, प्रज्ञा पांडे, डॉ. जितेंद्र श्रीवास्तव, अश्वनी कुमार सीमा तिवारी, स्वतंत्र त्रिपाठी, अंकुर वर्मा, आदित्य सिंह, राजेश कुमार, स्नेहा मिश्रा अरुणा, शीतल मिश्रा, अंजली भारती, नियता मिश्रा, आयुषी गुप्ता सहित अन्य प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य इकाइयों और स्कूलों में निकाली प्रभातफेरी

● **विश्व टीबी दिवस पर आयोजित हुए कार्यक्रम**

**प्रयागराज।** जिले में शुक्रवार को विश्व टीबी दिवस मनाया गया। इस दिवस पर जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों और उपकेन्द्रों पर तपेदिक यानि क्षय रोग के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। स्वास्थ्य इकाइयों और स्कूलों में प्रभात फेरी निकली गई। साथ ही गोष्ठी जागरूकता कार्यक्रम किये गए। अधिकतर शैक्षणिक संस्थानों में टीबी जैसी बीमारी के लक्षण और इलाज के बारे में जागरूक किया गया। जनपद स्तर से रैली को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आशु पाण्डेय और जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अरुण कुमार तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली सीएमओ कार्यालय से निकलकर जिलाधिकारी कार्यालय से होते हुए कटरा मनमोहन पार्क ट्रैफिक चौराहा होते हुए जिला क्षय नियंत्रण केंद्र पर समाप्त हुई। इसके बाद सभी प्रतिभागी जनपद वाराणसी में चल रहे प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में ऑनलाइन प्रतिभाग किया गया। ऑनलाइन कार्यक्रम समापन के बाद सीएमओ सभागार में गोष्ठी हुई। जिला क्षय रोग अधिकारी कार्यालय में सात मरीजों को लायन्स क्लब एंजिल्स बीस मरीजों को मेडिकल कालेज और बीस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर गोद लेकर पोषण किट वितरित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशु पाण्डेय ने कहा कि वर्ष इस वर्ष की थीम एस वी कैन एंड टीबी निर्धारित की गयी है और हम मिलकर इसे पूरा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि 2025 तक जनपद समेत पूरे देश से क्षय रोग समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित है। इसी क्रम में शहरी और ग्रामीण दोनों इलाकों में जागरूकता संबंधी विविध गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। आज टीबी इकाइयों डेजिग्नेटेड माइक्रोस्कोपिक सेंटर और गांवों में सामुदायिक स्तर पर जनप्रतिनिधियों की अध्यक्षता में प्रभात रैली गोष्ठी जागरूकता एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। प्रयास क्षय रोग मुक्त ग्राम पंचायतें बनाना है। उन्होंने कहा कि आज वर्ड टीबी डे मनाने का उद्देश्य ही यही है कि लोगों को इस बीमारी के बारे में पूरी तरह जागरूक किया जाए और लक्षण वाले या संक्रमित व्यक्ति का तत्काल इलाज शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि बताया कि इस साल विश्व क्षय रोग दिवस की थीम है। हां हम टीबी खत्म कर सकते हैं। यह थीम तभी सार्थक होगी। जब इस रोग की समाप्ति के लिए समाज का हर व्यक्ति सहयोग करे। अधिकाधिक लोग निक्षय मित्र के रूप में क्षय रोगियों को गोद लें और उन्हें क्षय रोग से स्वस्थ बनाने में सहयोग करें। उन्होंने बताया कि इसके मद्देनजर अब हर माह की 15 तारीख को एकीकृत निक्षय दिवस मनाया जा रहा है। इन दिवस पर तत्काल जांच और तत्काल इलाज शुरू करने की व्यवस्था है। इससे लोगों को काफी फायदा हो रहा है। क्षय रोग के नोडल अधिकारी डॉ अरुण कुमार तिवारी ने जनपदवासियों से सक्षम लोगों और संस्थाओं से टीबी मरीजों को गोद लेने की अपील की है।

## प्रदेश सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम: डीएम

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने बताया है कि 25 मार्च को प्रदेश सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के विशेष अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में विविध कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जनपद के प्रभारी मंत्रीध्राज्यमंत्री नगर विकासए शहरी समग्र विकासए नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन विभागए उ0प्र0 सरकार राकेश राठौर प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बताया कि राज्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ करेंगे। तत्पश्चात् विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का अवलोकन भी करेंगे। वह अपरान्ह 11 से 12 बजे तक लखनऊ में आयोजित माननीय मुख्यमंत्री जी के प्रेसवार्ता का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के जनप्रतिनिधियों के साथ सुनेगें।

## क्विक न्यूज

### एक निरीक्षक व 11 उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले

**गोंडा।** जिले में कानून-व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त रखने व जनहित के मद्देनजर अपनी तेज-तर्रार कार्यशैली व स्वच्छ छवि के लिये चर्चित पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने एक निरीक्षक सहित 11 उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षक गोविंद कुमार को देहात कोतवाली से अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक नगर कोतवाली, 11 उपनिरीक्षकों में से राकेश सिंह को पुलिस लाइन से प्रभारी न्यायालय सुरक्षा, रमेश कुमार को पुलिस लाइन से थाना मोतीगंज, राजीव यादव को थाना उमरी बेगमगंज, मृत्युंजय यादव को चौकी प्रभारी पिपरा बाजार थाना खरगूपुर, महेंद्र प्रताप सिंह को चौकी प्रभारी पिपरा बाजार से चौकी प्रभारी एससीपीएम थाना कोतवाली नगर, राकेश कुमार को चौकी प्रभारी मंगुरा बाजार (थाना उमरीबेगमगंज), वीरेंद्र कुमार को थाना परसपुर, उपनिरीक्षक बीरबल को थाना इटियाथोक, अवधेश यादव को थाना इटियाथोक, अभिषेक वर्मा को थाना खोडारे एवं रवि प्रकाश यादव को थाना छपिया भेजा है।

### किसानों की आय दोगुनी करने के लिए शासन कटिबद्ध

**जलालपुर अंबेडकर नगर।** किसानों की आय दोगुनी करने के लिए शासन प्रशासन पूरी तरह कटिबद्ध है वह तरह.तरह की योजनाएं चलाकर किसानों को लाभान्वित करने का काम किया जा रहा हैं उक्त बातें एसडीएम हरिशंकर लाल ने शुक्रवार को ब्लाक परिसर स्थित कृषि बीज गोदाम पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के अंतर्गत किसानों को उड़द का मिनी किट वितरण करते हुए कही, शासन व प्रशासन की तरफसे किसानों के हित के लिए तरह.तरह की योजनाएं चलाकर उनको लाभान्वित करने का काम किया जा रहा है दलहनी फसलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार की तरफसे 4 किलो की मात्रा में उड़द बीज का मिनी किट का वितरण किसान आशुतोष, शर्मिला देवी, महेंद्र सिंह, रेहाना, दिनेश दुबे, सुनील कुमार, मनमोहन, जियालाल, मित्रसेन बर्मा, वीरेंद्र कुमार, दिनेश कुमार सहित कई दर्जन लोगों को मिनी किट का वितरण किया गया।

### जलवायु परिवर्तन खेती के लिए बड़ी चुनौती

**अयोध्या।** विश्व मौसम विज्ञान दिवस के अवसर पर बदलते जलवायुवीय परिदृश्य में फसलोत्पादन की चुनौतियां विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. वेदप्रकाश ने कहा कि मौसम का पूर्वानुमान लगाना बहुत महत्वपूर्ण है। कृषि जगत के अलावा तूफान, ओलावृष्टि, चक्रवात आदि से होने वाली क्षति को कम करने में मदद मिलती है। मौसम वैज्ञानिक डा. सीताराम मिश्रा ने बताया कि गत वर्ष तापमान सामान्य से 6.7 डिग्री सेंटीग्रेड अधिक होने के कारण गेहूं का उत्पादन 20.25 प्रतिशत तक उत्पादन प्रभावित हुआ।

### पूर्व प्रधान की शिकायत डीएम से की

**जलालपुर अंबेडकर नगर।** जलालपुर तहसील क्षेत्र के भियांव विकासखंड के मरहरा गांव में पूर्व प्रधान द्वारा अपने और अपने पति के नाम से चेक काटने की शिकायत भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष स्वामीनाथ यादव ने डीएम से किया है भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया है कि पूर्व प्रधान ने अपने पति सदशिव अपने नाम से चेक काट कर भुगतान करा लिया। पूर्व प्रधान अपने कार्यकाल में पूनम इंटरप्राइजेज इंटरलॉकिंग ईट उद्योग के नाम वित्तीय वर्ष 2016-17, 2017, 2018, 2018, 2019 में स्वयं तथा अपने फर्म व अपने पति को अवैध तरीके से भुगतान कर अपार संपत्ति अर्जित कर लिया है।

### तमंचे के साथ गिरफ्तार, भेजा जेल

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** जलालपुर कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान गंगस्टर के आरोपी को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के कर्बला कासिमपुर बाजार के नहर की पटरी पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने राकेश पुत्र बखेडू निवासी रेवई थाना जलालपुर को एक आदत तमंचा 315 बोर दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की उल्लेखनीय है कि राकेश के ऊपर जलालपुर थाने में लूट हत्या और गंगस्टर के तहत मुकदमा पंजीकृत है राकेश शातिर लूटेरा किस्म का है जिसे पुलिस ने पकड़ने में सफलता प्राप्त की इस संबंध में कोतवाल संत कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफतार कर जेल भेजा गया।

### आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उठाए कदम

**प्रयागराज।** लोगों को उनकी विविध आय की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक अतिरिक्त आय स्ट्रीम बनाने में सक्षम बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया। एक अभिनव दीर्घकालिक बचत उत्पाद है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफइंश्योरेंस ने आईसीआईसीआई प्रू गोल्ड लांच किया है। आजीवन आय की गारंटी प्राप्त करने के अलावा उत्पाद में जीवन बीमा घटक परिवार को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर अमित पलटा ने कहा बढ़ती महंगाई कई उपभोक्ताओं को अपने पेशे से प्राप्त आय के अलावा गारंटीकृत आय का एक अतिरिक्त स्रोत बनाने के लिए प्रेरित कर रही है।

## राजकीय मेडिकल कालेज में डायलिसिस की शुरूआत

**टाण्डा अम्बेडकरनगर।** महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर में आने वाले मरीजों को एक और सौगात मिली है। कॉलेज में डायलिसिस की व्यवस्था शुरू हो गयी है। इसके शुरुआत होने से आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को इलाज में विशेष लाभ व फायदा मिलेगा। राजकीय मेडिकल कॉलेज में डायलिसिस की व्यवस्था आज से शुरू हो गयी। कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. अमीरुल हसन फीता काट कर इसका शुभारंभ किया। शुरुआती दौर में डायलिसिस की दो मशीने लगाई गई हैं।जहां पर आयुष्मान और गरीबी रेखा से नीचे के मरीजों का डायलिसिस मुफ्त में होगा। चिकित्सा अधीक्षक डॉ बृजेश ने बताया कि अभी दो मशीने चालू हुई हैं और 363 रुपये की शुल्क पर मरीजों का डायलिसिस होगा जबकि आयुष्मान और गरीबी रेखा के नीचे का राशन कार्ड धारकों का मुफ्त होगा। इस दौरान डॉ मुकेश राना, डॉ उदय भान, डॉ आर के गौतम और विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रयागराज जंक्शन पर चला सघन टिकट चेकिंग अभियान

● **बिना टिकट, अनियमित रूप से यात्रा व गंदगी करते 494 यात्री से वसूला जुर्माना**



चेकिंग करते रेल अधिकारी।

**प्रयागराज।** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक प्रयागराज शशिभूषण एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक द्वितीय हिमांशु शुक्ला के निर्देशन में प्रयागराज स्टेशन पर किलाबंदी कर टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें 494 यात्रियों से जुर्माना के रूप में 329230 रुपये वसूल किये गये। रेल उपयोगकर्ताओं के लिए आरामदायक यात्रा और बेहतर सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए प्रयागराज मण्डल टिकट रहित और अनियमित यात्रा अंकुश लगाने के लिए अपने विभिन्न स्टेशनों पर तथा ट्रेनों में किलाबंदी कर विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाता रहता है। पीआरओ अमित सिंह ने बताया कि इसी क्रम में 23 मार्च को सहायक वाणिज्य प्रबंधक प्रयागराज दिनेश कुमार एवं मण्डल मुख्य टिकट निरीक्षक दिवाकर शुक्ला के नेतृत्व में प्रयागराज रेलवे स्टेशन पर किलाबंदी कर टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान में इस रूट से गुजरने वाली सभी सवारी गाड़ियों समेत रेलवे स्टेशन की भी चेकिंग की गयी। जिसमें 223 यात्रियों को बिना टिकट पकड़ा गया और जुर्माना स्वरूप 194430 रुपये वसूल किए गए। वहीं दूसरी तरफअन्य केसों 271 लोगों को पकड़ कर उनसे 134800 रुपये जुर्माना वसूल किया गया। पूरे अभियान में कुल 11 ट्रेनों को चेक किया गया। इस दौरान उप मुख्य टिकट निरीक्षक बीकेश कुमार सहित अन्य चेकिंग स्टाफमौजूद रहे।

# डॉ देवेंद्र, नरेंद्र और डोना इंद्रानी को यूथ आइकॉन अवार्ड

**अम्बेडकरनगर।** होम्योपैथिक चिकित्स्को का दो दिवसीय सेमिनार बर्नेट होम्योपैथी के द्वारा नागपुर में के सुरेश भट्ट ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। इस सेमिनार में होम्योपैथी चिकित्सको का समागम रहा। इसमें पदम् श्री लोकप्रिय गायक कैलाश खेर के हाथों द्वारा अकबरपुर के युवा होम्योपैथ चिकित्सक डॉ देवेंद्र सोनी डॉ नरेंद्र सोनी डॉ डोना इंद्रानी को सम्मानित किया गया। यह सम्मान इन डॉक्टर्स को होम्योपैथी के प्रति सेवा भाव और होम्योपैथी चिकित्सा मे उत्कृष्ट एवं कुशल कार्य के लिए नवाजा गया।



इस मौके पर भारत सरकार में सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे समेत राजनीतिक एवं सिनेमा जगत की कई नामचीन हस्तियां हिमेश रेशमिया, पद्मश्री हेलन, पद्मश्री आशा परिख, कॉमेडी के जादूगर असरानी, पेंटल मशहूर टीवी एंकर रोहित रॉय और देश के चर्चित आई आर एस अधिकारी समीर बनखडे जी की और देश भर के तमाम होम्योपैथिक पुरोधा चिकित्सक डॉ रामजी सिंह डॉ. बी न सिंह, डॉ पी के शुक्ला, डॉ आर शंकरन डॉ एस एम सिंह, डॉ. नितीश चंद्र दूबे डॉ राजन श्रीवास्तव, डॉ. विलास डांग्रे आदि इस समागम मे शामिल हुए। बताते चले की इससे पहले भी यह पुरस्कार इन डॉक्टर्स को होम्यो यूथ 2022 आठवाँ राष्ट्रीय होम्योपैथी सम्मेलन लखनऊ में सम्मानित किया गया और उसके बाद हाल ही में बनारस के ताज गंगेश होटल मे आयोजित होम्योपैथी गौरव सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। वापस लौटे चिकित्सकों से मिलकर लोग खुशी जताई रहें हैं। बधाई एवं शुभकामनाओं का तांता लगा हुआ है।

# दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी प्रयास करें अधिकारी: जिलाधिकारी

● **सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में एक्सईएन पीडब्लूडी अनुपस्थित रहने पर डीएम ने जताई नाराजगी**



समीक्षा करते जिलाधिकारी

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी संदीप कुमार की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है कि जनपद के मुख्य चौराहों पर यातायात के समुचित व्यवस्था हेतु ट्रैफिक लाईट की व्यवस्था करायी जाय तथा सुरक्षा के दृष्टिकोण से मेहदावल बाईपास का चौडीकरण किया जाय। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक ब्लैक स्पॉट पर टेबल टॉप रम्बल स्ट्रिप बनाया जाय एवं सीट बेल्ट व हेलमेट का पालन करने हेतु प्रचार-प्रसार किया जाय तथा सीट बेल्ट व हेलमेट का प्रयोग न करने वालों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही भी की जाय। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिरुद्ध कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी खलीलाबाद रमेश चंद्र, पुलिस क्षेत्राधिकारी यातायात अंबरीश भदौरिया, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी डा0 आन्जनेय सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक मनमोहन शर्मा, सहायक अभियन्ता (पीडब्ल्यूडी), अधिशाषी अभियन्ता (नेशनल हाइवे), अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद विनय कुमार मिश्र सहित संबंधित अधिकारी एवं यातायात निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

## सही समय पर टीबी का इलाज संभव: कुलपति

**संवाददाता।** मिल्कीपुर अयोध्या

**आचार्य** नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में विश्व टीबी दिवस ;निक्षय दिवसद्ध के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक किया गया। परिसर चिकित्सालय द्वारा सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कुलपति ने छह टीबी मरीजों को पोषण पोटली देकर उन्हें टीबी से लड़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने कहा की अगर मरीज सही समय पर अपना उपचार कराएं तो टीबी का इलाज संभव है। उन्होंने कहा कि टीबी से बचाव के लिए अपने इम्युनिटी सिस्टम को मजबूत करना होगा। टीबी के मरीजों को साफसफाई पर ध्यान देना चाहिए साथ ही कम रोशनी वाली जगहों से बचना चाहिए। कुलपति ने टीबी के मरीजों से समय पर दवा खाने की अपील करते हुए उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डा. नमिता जोशी ने प्रस्तुतिकरण कर टीबी के लक्षणए सावधानी एवं उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभी भी टीबी के सबसे अधिक मामले भारत में हैं और इसको जड़ से खत्म करने के लिए सभी को सामने आना होगा। उन्होंने बताया कि एचआईवी के मरीजों, शराब एवं तंबाकू का सेवन करने वाले लोगों को टीबी के संक्रमण का खतरा अधिक रहता है। इससे पूर्व कुलपति ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का आयोजन चिकित्सालय परिसर की प्रभारी अधिकारी डा. नमिता जोशी की देखरेख में हुआ। कार्यक्रम का संचालन डा. जेबा जमाल एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रज्ञा पांडेय ने किया। इस मौके पर समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, शिक्षक, वैज्ञानिक, कर्मचारी एवं छात्र.छात्राएं मौके पर मौजूद रहे।

# वार्षिक प्रगति रिपोर्ट के साथ टैब साइकिल व घड़ी पुरस्कार मिला

**संतकबीरनगर।** सूर्या इंटरनेशनल एकेडमी में सत्र 2022-23 का जारी हुआ वार्षिक परीक्षा परिणाम तथा रैंकर्स विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधतंत्र ने टैब, साइकिल और घड़ी प्रदान कर किया पुरस्कृत। शिक्षा व्यक्ति के मस्तिष्क को उच्च स्तर तक विकसित करने का कार्य करती है और शिक्षा का उच्च स्तर सामाजिक और व्यक्तिगत रूप से मनुष्य का महत्वपूर्ण पहचान बनाने में मदद करता है। पुरस्कार विद्यार्थियो के मनोबल को न केवल बढ़ाता है बल्कि आगे सर्वश्रेष्ठ करने के लिए प्रेरित करता है इस विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता के स्तर से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और बच्चों को शिक्षा से संबंधित सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी जिससे उनका चतुर्दिक विकास हो सके-डॉ. उदय प्रताप चतुर्वेदी (प्रबंध निदेशक) विद्यालय ही वह स्थान है जहां से बच्चों को जिंदगी में सफल व्यक्ति बनने के गुणों के बारे में पढ़ाया और सिखाया जाता है। सविता चतुर्वेदी (प्रबंध निदेशिका) सूर्या इंटरनेशनल एकेडमी में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। विद्यालय में कक्षा प्लेवे से लेकर कक्षा 9वीं एवं 11वीं तक के छात्र-छात्राओं का वार्षिक परीक्षा परिणाम अभिभावकों को दिखाकर रिपोर्ट कार्ड प्रदान किया गया तथा रैंकर्स विद्यार्थियों को टैब, साइकिल और घड़ी प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य रविनेश श्रीवास्तव, विद्यालय प्रबंधतंत्र और अनुशासन की जमकर तारीफकी।



रैंकर को साइकिल प्रदान करते प्रबन्धक।

विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. उदय प्रताप चतुर्वेदी ने कहा कि शिक्षा व्यक्ति के मस्तिष्क को उच्च स्तर तक विकसित करने का कार्य करती है और शिक्षा का उच्च स्तर सामाजिक और व्यक्तिगत रूप से मनुष्य का महत्वपूर्ण पहचान बनाने में मदद करता है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के उपप्रधानाचार्य श्री शरद त्रिपाठी एवं वरिष्ठ शिक्षक सर्वश्री नितेश द्विवेदी, अष्टभुजा त्रिपाठी, राकेश चौधरी, बलराम उपाध्याय, आशुतोष पाण्डेय एवं शिक्षिका तपस्या रानी सिंह, अर्चना सिंह, प्रतिभा श्रीवास्तव, बबीता त्रिपाठी, अर्चना त्रिपाठी, पलक श्रीवास्तव, पल्लवी त्रिपाठी इत्यादि लोगों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# बाढ़, सूखे और लू से निपटने की तैयारी

## सम्भावित बाढ़ को देखते हुए तैयार करें कारगर और प्रभावी कार्ययोजनाः डीएम

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**खीरी** में संभावित बाढ़, सूखा एवं हीट वेव की स्थिति से निपटने के लिए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अफसरों के साथ गुरुवार की देर शाम सम्बन्धित विभागों द्वारा की जाने वाली तैयारियों के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट में बैठक ली। बैठक में डीएम ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि बाढ़ से सम्बन्धित अपने-अपने विभाग की कार्ययोजना बना लें, जिससे संभावित बाढ़ के दौरान राहत एवं बचाव कार्यो के प्रभावी संचालन हेतु कार्ययोजना को अन्तिम रूप दिया जाए। जिले में संभावित बाढ़ की स्थिति के दृष्टिगत डीएम ने सभी सम्बन्धित एसडीएम को निर्देश दिया कि बाढ़ चौकियों, बाढ़ राहत केन्द्रों, बाढ़ शरणालयों, लंगर स्थलों के चयन, तहसील अन्तर्गत उपलब्ध सरकारी व गैर सरकारी नावों, मल्लाहों, गोताखोरों की उपलब्धता का जायजा लेकर प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए। पुलिस विभाग को निर्देश दिया कि संभावित बाढ़ के दौरान कानून एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत प्रभावी पेट्रोलिंग के साथ-साथ आपात स्थिति में एनडीआरएफ व फ्लड पीएसी से समन्वय के लिए कार्ययोजना तैयार कर लें। बैठक के दौरान एडीएम को निर्देश दिया कि संभावित बाढ़ के दौरान राहत सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कारगर एवं प्रभावी कार्ययोजना तैयार करें। बाढ़ राहत सामग्री का समय से टेंडर कर लिया जाए। बाढ़ के दौरान प्रभावित क्षेत्रों स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था के लिए जलनिगमए बाढ़ के दौरान प्रभावित लोगों के लिए स्वच्छ शौचालय की व्यवस्था हेतु डीपीआरओ, बाढ़ से पूर्व प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं का टीकाकरण तथा उपचार हेतु स्वास्थ्य कैम्पों का आयोजन तथा बाढ़ के दौरान पशुओं के लिए चारा-भूसा की उपलब्धता हेतु सीवीओ को प्रभावी कार्ययोजना तैयार किये जाने के निर्देश दिए। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने बाढ़ से पूर्व प्रभावित क्षेत्रों में लोगों के उपचार, टीकाकरण, फागिंग, एण्टी-लार्वा का छिड़काव, बाढ़ के दौरान, बाढ़ के उपरान्त संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए आवश्यक दवाओं, सर्पदंश रोधक तथा अन्य लॉजिस्टिक हेतु समय से कार्ययोजना तैयार के लिए सीएमओ को निर्देशित किया। बैठक में संभावित सूखा एवं हीटवेव से निपटने के लिए तैयारियों पर भी गहन मंथन हुआ। डीएम ने कहा कि हीट वेव की कार्ययोजना 15 अप्रैल तक अवश्य तैयार कर ली जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को उनके उत्तरदायित्व समझाएं, एवं जरूरी निर्देश दिए। समस्त संबंधित अधिकारियों द्वारा हीटवेव योजना का अनुपालन सुनिश्चित करवाया जाए। बैठक में एडीएम संजय कुमार सिंह, सभी एसडीएम , तहसीलदार, नगरीय निकायों के अधिशासी अधिकारी, डीपीआरओ सौम्यशील सिंह, सीवीओ डॉ सोमदेव सिंह, सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## पुलिस ने गिरफ्तार किए चार शातिर अभियुक्त

**निघासन-खीरी।** स्थानीय पुलिस ने दो टीमें गठित कर चार वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। सीओ राजेश कुमार के पर्यवेक्षण एवं नवागत प्रभारी निरीक्षक प्रभातेश कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में निघासन पुलिस बल द्वारा अलग-अलग टीमें गठित कर वारंटी अभियुक्त गण रहीमुल्ला पुत्र ईदी ए अल्ताफपुत्र शेरमुल्ला निवासी रायपुर , राजू पुत्र फ्कीरा कहार निवासी ग्राम दुलही तथा मैकूलाल पुत्र राम आसरे निवासी सहते पुरवा को गिरफ्तार करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। उक्त अभियान के अंतर्गत टीम एक में चौकी प्रभारी ढखेरवा बाबूराम, हेड कांस्टेबल जयचंद्र, हेड कांस्टेबल राजबहादुर तथा कांस्टेबल योगेश कुमार रहे जबकि टीम दो में हल्का चार के इंचार्ज सब इंस्पेक्टर राममिलन यादव, हेड कांस्टेबल लवकुश यादव तथा कांस्टेबल प्रभात कुमार शामिल रहे ।

# सिधौली में बिसवां तिराहे पर बनेगा मां ललिता देवी द्वार

संवाददाता। सीतापुर

**पौराणिक** तीर्थ नगरी नैमिषारण्य स्थित मां ललिता देवी के नाम पर सीतापुर के सिधौली में बिसवां तिराहे पर भव्य मां ललिता द्वार बनाया जाएगा। इस बावत राज्य पर्यटन विभाग द्वारा भेजे गए प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस भव्य द्वार के निर्माण पर 57 लाख 13 हजार का खर्च आएगा। लखनऊ क्षेत्र पयर्टक उपनिदेशक कल्याण सिंह के अनुसार अब सिधौली से ही नैमिष धाम के विकास की झलक दिखाई देगी। इस द्वार के बारे में बताते हैं कि इसे बेहद खूबसूरती देते हुए डिजाइन किया गया है, जिसमें तमाम मूर्तियों के अतिरिक्त कलाकत्रियों को भी पिरोया जाएगा। साथ ही इसे रंग बिरंगी लाइटों से भी सजाया जाएगा।

## आज होगी दिशा की बैठक

**सीतापुर।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक शनिवार को आयोजित की जाएगी। विकास भवन सभागार में होने वाली इस बैठक की अध्यक्षता सीतापुर सांसद राजेश वर्मा करेंगे। बैठक एक बजे से प्रारंभ होगी, जिसमें सभी विभाग के अधिकारी शामिल रहेंगे। यह जानकारी देते हुए मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा ने बताया कि दिशा की बैठक में जिले में चल रही केंद्रीय योजनाओं की भी समीक्षा की जाएगी और इस दौरान सभी जनप्रतिनिधि गढ़ मौजूद रहेंगे।

## परसेण्डी के गौरिया झाल में आयोजित हुई ग्राम चौपाल

**सीतापुर।** विकास खण्ड परसेंडी ग्राम पंचायत गौरिया झाल में ग्राम चौपाल का आयोजन एडीओ कृषि शेर सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान एडीओ कृषि ने मौजूद ग्रामीणों को पीएम किसान सम्मान निधि व सरकार द्वारा कृषि कार्य हेतु में आने वाले यंत्रों पर मिलने वाली सब्सिडी के बारे में सरकार द्वारा उपलध कराए जाने वाले बीज व रसायनिक खाद के बारे में भी विस्तार से बताया। प्रधानाध्यापक चंद्र प्रकाश ने बताया 1 अप्रैल से शिक्षा का नया सत्र की शुरुवात हो रही है इस बार सरकार ने बच्चो को ड्रेस में मिलने वाले शुल्क में बढ़ोतरी की है साथ ही बच्चो को को पुस्तकों के साथ साथ सरकार इस बार कांपी भी उपलब्ध कराएगी। पीएम किसान सम्मान निधि सम्बन्धित 8 शिकायते आई जिनको लेखपाल शैलेन्द्र गुप्ता ने जल्द ही निस्तारित करने की बात कही। इस मौके पर प्रधान मंजीत कौर, सचिव नौशाद अली, मंजीत सिंह, आशुतोष सिंह, अखिलेश दीक्षित, कोटेदार लवकुश बाजपेई, पंचायत सहायक रोशनी सिंह, आंगन बाड़ी स्मिता सिह, आशा बहु पुष्पा गुप्ता, सहायिका सीमा शर्मा ,सफाई कर्मी नीलम देवी, संगिनी पूनम सिंह , माधव मोहन, सुरेन्द् मौर्य, अमित सिंह, रामलखन, राममूर्ति, विजय श्रीवास्तव, गोलू, किशोरी, राम बक्श, आदित्य दीक्षित आदि मौजूद रहे।

# आज इंटरनेट सबकी जरूरत

संवाददाता। शाहजहांपुर



**देश** में मौजूद ब्रॉडबैंड के करोड़ों ग्राहकों कोइंटरनेट के माध्यम से सेवा देने वाली कंपनी जिओ फाइबर ने पूर्वी उत्तर प्रदेश के जनपद शाहजहांपुर की तहसील तिलहर में बृहस्पतिवार को सेवा प्रारंभ की। उद्घाटन कार्यक्रम में जिओ फाइबर के स्टेट हेड अजय भाटिया, जिओ सेंटर मैनेजर प्रमोद यादव व जिओ फाइबर के पार्टनर रवि शर्मा ने जिओ फाइबर की बेहतरीन सेवाओं के बारे में ग्राहकों को जानकारी दी। जिओ फाइबर के पार्टनर रवि शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में इंटरनेट सभी की जरूरत है, इसके लिए जरूरी है कि अच्छी स्पीड मिले। जिओ फाइबर द्वारा नेटवर्क में हाई स्पीड दी जाती है, ताकि ग्राहकों को किसी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े। जिओ फाइबर के स्टेट हेड अजय भाटिया ने कहा कि देश में ब्रॉडबैंड की सेवा देने वाली कंपनियों में ग्राहकों का विश्वास सबसे अधिक जिओ पर है। तिलक क्षेत्र के ग्राहकों के लिए यह उसी का असर है कि जिओ ने यहां अपनी ब्रॉडबैंड की सेवा शुरू की। इस मौके पर मौजूद नगर पालिका तिलहर के पूर्व चेयरमैन इमरान खान ने कहा कि वर्तमान समय में इंटरनेट सबकी जरूरत है। शिक्षा से लेकर व्यापार तक आज सभी कुछ इंटरनेट द्वारा हो रहा है। यह हर्ष का विषय है कि जियो जैसी बड़ी कंपनी ने तिलहर तहसील में अपनी सेवाएं देना शुरू की। जिओ के पार्टनर रवि शर्मा ने बताया अब जिओ फाइबर के जरिए 550 टीवी चैनल 14 से अधिक ओटीटी और अन्य प्रकार की सेवाएं भी जिओ फाइबर द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है। ग्राहकों ने कंपनी के स्टेट हेड अजय भाटिया व जिओ सेंटर मैनेजर प्रमोद यादव सहित जिओ फाइबर के पार्टनर रवि शर्मा से बेहतर सुविधा देने का अनुरोध किया।

# 31 मार्च तक सभी गोवंश को कराएं संरक्षित

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**निराश्रित** गोवंश मुक्त लखीमपुर के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से गुरुवार की देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने गोवंश संरक्षण से संबंधित जिला स्तरीय अनुश्रवण मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक ली, जिसमे निराश्रित गोवंश संरक्षण, सहभागिता योजना की गहन समीक्षा की, जरूरी निर्देश दिए। डीएम ने अफसरों को निर्देश दिए कि 31 मार्च तक बेहतर रणनीति के साथ निराश्रित गोवंश को गो-आश्रय स्थल संरक्षित कराएं। एसडीएम, बीडीओ एवं ईओ आपसी समन्वय से इस महत्वपूर्ण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर कराए। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। डीएम ने ब्लाकवार दिए लक्ष्य के सापेक्ष निर्माणाधीन गो आश्रय स्थलों एवं उनमें संरक्षित गोवंश की प्रगति जानी। पाया कि जिले में 33 नए गो आश्रय स्थल संरक्षण के लिए तैयार हैं, जिनमें गोवंश के संरक्षण की प्रक्रिया प्रगति पर है। डीएम ने ब्लॉक निघासन, बेहजम, लखीमपुर, पलिया ब्लॉक में किए गए प्रयासों को सराहा। वहीं नकहा की खराब प्रगति पर फटकार लगाई। नगरीय निकाय बरबर, मैलानी में निर्मित सरकार की महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट कान्हा गो आश्रय स्थल के अबतक न शुरू न होने का कारण जाना, तत्काल संचालन शुरू करने के निर्देश दिए। सीडीओ ने कहा कि पशु चिकित्सक गो आश्रय स्थलों का नियमित भ्रमण करें। गोवंश का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यकतानुसार ट्रीटमेंट प्रदान करें। इसका सीवीओ नियमित अनुश्रवण, पर्यवेक्षण करे। आश्रय स्थलों के सन्निकट हरे चारे की बुवाई के लिए उपयुक्त जमीनों का चयन कर लें। डीएम ने सरकार से मिल रहे अनुदान की सीवीओ से अद्यतन प्रगति जानी, निर्देशित किया कि सुपुर्दगी में दिए गए गोवंश के लाभार्थियों को समय से धनराशि हस्तांतरित की जाती रहे। बीडीओए डीएसओ एक सप्ताह तक अभियान चलाकर ग्राम प्रधानों, उचित दर विक्रेताओं के जरिए सहभागिता योजना के लिए जनमानस को प्रेरित कर निराश्रित गोवंश को सुपुर्दगी में दिलाए। उन्हें गोपालक के प्रमाण पत्र भेंट किए जाए। गाय पालने पर सरकार से मिल रहे अनुदान का गोपालक लाभ उठाएं। निराश्रित गौवंशों का संरक्षण मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इनके लिए सरकार आवश्यक संसाधन उपलब्ध करा रही है। व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए डीएम ने अधिकारियों के सहयोग से एक अभिनव पहल की शुरुआत करते हुए भूसा दान अभियान संचालित करने का निर्णय लिया और गोवंश संरक्षण, संवर्धन के लिए समाज के संभ्रांत, प्रबुद्ध लोगों से भूसा धान की अपील की। निराश्रित गौवंशों के लिए सर्वाधिक भूसा दान करने वाली ग्राम पंचायतों, प्रधानों, समाज सेवियों, जन प्रतिनिधियों व संस्थाओं को उचित मंच पर सम्मानित किया जाएगा। 50 कुन्तल या उससे अधिक भूसा दान करने वाले दानवीरों को डीएम अंगवस्त्र व प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित करेंगे। 30 कुन्तल भूसा दान करने वाले दानवीरों को सीडीओ एवम 20 कुन्तल वालों को तहसील के एसडीएमए व बीडीओ ग्राम पंचायत में जाकर प्रधान व सम्बन्धित को सम्मानित करेंगे।

## क्विक न्यूज

### लाखों की चोरी का खुलासा दो गिरफ्तार

**बरेली।** लाखों की नकदी जेवर और लाइसेंसी रिवाल्वर चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार करते हुए चोरी किया गया माल,नकदी रिवाल्वर बरामद कर लिया गिरफ्तार चोरों को पुलिस ने जेल भेजा। प्रेम नगर थाना क्षेत्र थाने से कुछ ही दूरी पर रहने वाले बृजेश कुमार गुप्ता के निवास पर 8 मार्च को हुई चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने आज सुभाष नगर थाना क्षेत्र के पटेल विहार करगेना निवासी अमन उर्फ विकास पुत्र ओमप्रकाश और उसके साथी सुभाषनगर में ही राधा कृष्ण मंदिर करगेना के पास बीडीए कॉलोनी निवासी आर्यन पुत्र प्रमोद कुमार को पुलिस से कुदेशिया अंडर पास आरपीएस लाइन के पास बैरियर लगाकर वाहन चेकिंग करते हुए गिरफ्तार कर लिया । एसपीसी एसपी सिटी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए चोरों ने बृजेश कुमार गुप्ता के मकान में 8 मार्च को चोरी की घटना को अंजाम दिया था जिसमें लाइसेंसी रिवाल्वर और लाखों के जेवर नकदी भी थे पुलिस ने गिरफ्तार चोरों की निशानदेही पर चोरी किए गए 300000 से अधिक के सोने चांदी के जेवर और 204520 रुपए नगद एक लाइसेंसी रिवाल्वर 14 जिंदा कारतूस 30 खोखा कारतूस बरामद किए।

### शहर के पाश इलाके में नाले से महिला का शव बरामद

**शाहजहांपुर।** भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में एक नाले से महिला का शव मिला है। महिला की उम्र लगभग 32 साल बताई जा रही है। उसके शरीर पर किसी तरह के चोट के निशान नही मिले हैं। महिला की अभी तक शिनाख्त नही हो सकी है। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद महिला की मौत का कारण साफ हो पाएगा। थाना सदर बाजार क्षेत्र में स्थित दुर्गा होटल के पास एक नाले में एक महिला का शव मिला है। महिला साड़ी पहने है। पुलिस ने महिला के शव को नाले से बाहर निकालकर आसपास मौजूद लोगों से उसकी पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन कामयाबी नही मिल सकी। महिला के शरीर पर किसी तरह के चोट के निशान नही मिले हैं। शव की हालत देखकर लग रहा है कि एक दिन पहले शव को नाले में फेंका गया। फिलहाल पुलिस ने महिला के शव के फोटो लेने के बाद उसको पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अब महिला की पहचान के लिए उसके फोटो सोशल मीडिया पर साझा कर रही है ताकि जल्द उसकी पहचान हो सके।

### भूसा दान के लिए आगे आएं, पाएं सम्मान

**लखीमपुर-खीरी।** निराश्रित गौवंशों का संरक्षण मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इनके लिए सरकार आवश्यक संसाधन उपलब्ध करा रही है। व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने जिले के अधिकारियों के सहयोग से एक अभिनव पहल की शुरुआत करते हुए भूसा दान अभियान संचालित करने का निर्णय लिया है। डीएम ने गोवंश संरक्षणए संवर्धन के लिए समाज के संभ्रांतए प्रबुद्ध लोगों से भूसा धान की अपील की। निराश्रित गौवंशों के लिए सर्वाधिक भूसा दान करने वाली ग्राम पंचायतोंए प्रधानोंए समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों व संस्थाओं को उचित मंच पर सम्मानित किया जाएगा। 50 कुन्तल या उससे अधिक भूसा दान करने वाले दानवीरों को डीएम अंगवस्त्र व प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित करेंगे। 30 कुन्तल भूसा दान करने वाले दानवीरों को सीडीओ एवम 20 कुन्तल वालों को तहसील के एसडीएमए व बीडीओ ग्राम पंचायत में जाकर प्रधान व सम्बन्धित को सम्मानित करेंगे।

### बेरोजगारी ने बना दिया शातिर चोर

**बरेली।** बेरोजगार नौजवानों को शौक मौज का ऐसा चस्का लगा कि वह इसे पूरा करने के लिए शातिर चोर बन गए। जिसके बाद पुलिस नें दोनों आरोपियों कों गिरफ्तार कर लिया हैं। थाना प्रेम नगर में बीते 8 मार्च बृजेश कुमार गुप्ता के घर में चोरी हुई थी जिसके बाद पुलिस ने चोरी का खुलासा किया है। एसपी सिटी राहुल भाटी नें बताया कि शहर में बढ़ती चोरी की घटनाओं के मद्देनजर कार्रवाई को अंजाम दिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के नेतृत्व में थाना प्रेम नगर की अगुवाई में विशेष टीम गठित कर चोरी की घटना का पता लगाने की शुरुआत की गई। जिसमें पुलिस ने कुदेशिया अंडरपास के पास चेकिंग के दौरान दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जिसमें पुलिस नें आरोपियों के पास से 3 लाख रुपए के सोने चांदी के आभूषण व दो लाख 4 हजार रुपए नकद एक रिवाल्वर बरामद की गई है । वही पकड़े गए आरोपी थाना सुभाष नगर के पटेल बिहार करगैना निवासी अमन उर्फविकास तों वही दूसरा आरोपी थाना सुभाष नगर के बीडीए कॉलोनी आर्यन पुत्र प्रमोद कुमार बताया जा रहा। वही पुलिस ने आरोपियों के पास से लाइसेंसी रिवाल्वर 32 व 14 जिंदा कारतूस व 30 खोखा कारतूस भी बरामद किए हैं।

### 250 नागरिकों का जांचा गया स्वास्थ्य

सीतापुर। सीतापुर आयुर्वेद चिकित्सा के क्षेत्र में कार्य कर रही डॉ नयनिका पाण्डेय ने अपने चिकित्सालय में शिविर का आयोजन किया। शिविर में 250 से अधिक नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, डॉ जे पी पाण्डेय, डॉ शांति स्वरुप रस्तोगी, डॉ विकास जैन, आकाश राय, सुधांशु मिश्रा, अशोक प्रजापति, लक्ष्मीकांत बाजपाई, विजय कुमार प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव, बबिता गुप्ता, अदि मौजूद रहे।

### ‘कोटेदारों ने सीखे सीएचसी संचालन के गुर

लखीमपुर खीरी। उप्र के खीरी जिले में सरकारी राशन की दुकान को हाईटेक किया जाएगा। राशन दुकान पर अब सहज जन सेवा केंद्र की सारी सुविधाएं मिलेगीए जहां पर अब ग्रामीणों को खतौनी सहित आयए जाति निवास प्रमाण पत्र भी बनवा सकेंगे। शासन राशन की दुकान को विकसित करने के लिए लगातार कवायद कर रहा है। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में शुकवार को उचित दर विक्रेताओ की सीएससी कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में डीएम ने सभी उचित दर विक्रेताओं को सीएससी आईडी बनवाकर उपरोक्तानुसार सभी सेवाओं का उपयोग करते हुए अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार की बात कही। कार्यशाला में उचित दर विक्रेताओं की सीएससी बनाने के लिए तहसील स्तर पर कैम्प कराने के लिए सीएससी प्रतिनिधियों को निर्देशित किया। कार्यशाला में सीएससी के वरिष्ठ प्रबन्धक विनय मिश्र ने कार्यशाला में उपस्थित समस्त उचित दर विक्रेताओं को सीएससी से प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। बैकिंग मैनेजर शशिकान्त शुक्ला ने सीएससी से बैंक मित्र बनने के बारे में जानकारी दी। जोनल प्रबन्धक ने सीएससी आईडी को लाभ बताए। ग्रामीण ई.स्टोर प्रबन्धक अवधेश कुशवाहा ने सीएससी आईडी के जरिए ग्रामीण ई.स्टोर खोले जाने की लाभो पर चर्चा की।

### पहला ऑफलाइन गेट सेंटर खुला

लखनऊ। अनएकेडमीए जो कि भारत के सबसे बड़े लर्निंग प्लेटफॉर्म में से एक हैए ने दिल्ली में गेट एस्पिरेंट्स के लिए अपना पहला अनएकेडमी सेंटर खोलने की घोषणा की, जिसका उद्देश्य प्रीमियम ऑफ़लाइन लर्निंग एक्सपीरियंस के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। गेट अनएकेडमी सेंटर के इस उद्घाटन के साथ हीए कंपनी इंटरपर्सनल लर्निंग के बेनिफिट्स का भी विस्तार कर रही है जो कि लर्नर्स के लिए इस तरह की अत्यधिक प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की समग्र तैयारी में वृद्धि करेगी। चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर विवेक सिन्हा ने कहाएष्हमें राजधानी दिल्ली में अपने पहले गेट सेंटर की घोषणा करते हुए बेहद खुशी महसूस हो रही है।

# सांसद खेल स्पर्धा में खिलाड़ियों ने मनवाया अपने हुनर का लोहा

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**शुक्रवार** को खीरी संसदीय क्षेत्र में तय शेड्यूल के अनुसार ब्लॉक स्तर पर ब्लॉक रमियाबेहड़ के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अमृत स्टेडियम रामनगर बगहा में सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन हुआ, जिसमें एथलेटिक्स 100 मी., 400मी., 1500 मी, ऊँची कूद, गोला फेंक,कबड्डी, वॉलीबॉल (पुरुष) जैसी विभिन्न विधाओं में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। सांसद खेल स्पर्धा प्रतियोगिता की शुरुआत सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय ने विधायक धौराहरा के प्रतिनिधि के साथ फीता काट कर की। उन्होंने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका परिचय प्राप्त किया और खिलाड़ियों की हौसला अफ्जाई करते नजर आए। सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय ने कहा कि आज के परिवेश में खेल व शिक्षा दोनों ही मनुष्य के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है, खेलों में प्रतिभाग करने से खेल भावना को बढ़ावा मिलता है, व स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना जाग्रत होती है। प्रतियोगिता में ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं ने अपनी चमक बिखेरी है। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने बताया कि आज के समय में मोबाईल पर ज्यादा समय देने की वजह से बच्चों की शारीरिक क्षमता और विकास दोनों प्रभावित हुए है। ऐसे में खेल प्रतियोगिताएं बच्चों के सर्वांगीण विकास में काफी सहायक साबित हो रही है। जरूरी है कि स्थानीय स्तर पर निरंतर प्रतियोगिताओं का आयोजन होता रहे। इससे खेल प्रतिभाओं में निखार आता है। उनका मनोबल मजबूत होता है। कार्यक्रम में बीडीओ रमियाबेहड़ प्रीति तिवारी, जनप्रतिनिधि, बड़ी संख्या में प्रधान, सचिव, लेखपाल मौजूद रहे।

# डीएम ने एम्बुलेंस वैन को दिखाई झंडी

संवाददाता। बरेली



**कॉर्पोरेट** सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) कार्यक्रम के अन्तर्गत इंडस टॉवर्स लिमिटेड ने नगर निगम को 'एम्बुलेंस वैन' दान की है। इस सीएसआर अभियान से समाज की सेहत और सुरक्षा की ओर इंडस टावर्स की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है, जो कंपनी के सिद्धांत का मुख्य हिस्सा है। इन वैन का उद्घाटन जिलाधिकारी शिवाकान्त द्विवेदी ने कलेक्ट्रेट प्रांगण से किया। उन्होंने कहा कि इंडस टावर्स की यह पहल जनपद बरेली में स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे का समर्थन करने में सराहनीय भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि एम्बुलेंस वैन के माध्यम से स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर वंचित समुदायों तक चिकित्सा सेवाएं पहुंचाएंगे और इस तरह कई लोगों की जान बचायेंगे। उन्होंने कहा कि हमें इंडस टावर्स जैसे अग्रणी संगठन को सीएसआर पहल डिजाइन करते हुए देखकर खुशी हुई, जिसका इतने सारे समुदायों पर प्रभाव पड़ा है। इंडस टावर्स के सर्किल सीईओ शिव प्रकाश राव ने कहा कि इंडस टावर्स की सीएसआर पहल समुदायों की सेवा करने और जीवन में सुधार लाने में कंपनी के दर्शन के साथ जुड़ी हुई है। कहा कि यह एम्बुलेंस बरेली नगर निगम क्षेत्र में रहने वालों के जीवन में सुधार लाऐगी, इसलिए इस सर्वसुविधायुक्त एम्बुलेंस को सौंपते हुए मुझे बेहद खुशी हो रही है। इस वैन से बरेली नगर निगम के जरूरतमंद इलाकों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में मदद मिलेगी। यह वैन स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत जरूरतमंद समुदायों और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों/अस्पतालों को प्रदान की गई है। यह सीएसआर अभियान इसके क्रियान्वयन पार्टनर, इंपैक्ट गुरु फाउंडेशन द्वारा चलाया जा रहा है। मरीज परिवहन सेवाएं प्रदान करने के अलावा इस वैन का उपयोग स्वास्थ्य की बेसिक जांच और टीकाकरण सुविधाओं के लिए भी किया जा सकता है। इस वैन में आवश्यक इलेक्ट्रॉनिक (मरीज के कंपार्टमेंट में एलईडी लाइट , रूफ लाइट बीकन, सायरन के साथ सार्वजनिक संबोधन प्रणाली/ पीए प्रणाली) एक ऑटो लोडर स्ट्रेचर और नौ स्क्रैच बेंच लगे हैं। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी श्री जग प्रवेश, नगर आयुक्त श्रीमती निधि गुप्ता वत्स, अपर जिलाधिकरी नगर डॉ0 आर0डी0 पाण्डेय, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 बलवीर सिंह सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सायमा बी बनी शालिनी, हिंदू लड़के से किया प्रेमविवाह

**बरेली।** एक मुस्लिम लड़की ने धर्म परिवर्तन कर हिंदू लड़के से शादी कर ली और अपने परिवार से जान मान का खतरा बताकर डीएम से न्याय की गुहार लगाई। सायमा बी से बनी शालिनी ने बताया में थाना देवरनिया के क्षेत्र के ग्राम रहपुरा गनीमत की रहने बाली हूं। मैं 6 साल से गांव के ही रहने बाले विपिन कुमार उर्फ शरद से प्यार करती हूं मेरे पिता नसीर अहमद को मेरे प्यार के बारे में पता चल गया उसके बाद मेरे पिता मेरे साथ मारपीट करते और धमकाते थे। मेरा लगाव हिंदू धर्म से होने लगा मेरी आस्था हिंदू धर्म में देवी देवताओं को मानती रही। मैंने थाना देवरिया में एक शिकायती पत्र दिया कि मैं विपिन कुमार से प्यार करती हूं उससे शादी करना चाहती हूं पुलिस ने फोन करके विपिन कुमार को बुलाया और मैं विपिन गंगवार के साथ बरेली आ गई मेरे पिता और भाई ने मुझे और मेरे पति को जान से मारने की धमकी दी है। मैंने बरेली के एसएसपी और डीएम को शिकायती पत्र की रजिस्ट्री की है और सुरक्षा की गुहार लगाई है।

# मशहूर ब्रांड के डुप्लीकेट फैब्रिक बरामद

## बच्चन क्लॉथ हाउस, जन्नत फैब्रिक गुडविल फैब्रिक के मालिकों के खिलाफ हुआ मुकदमा दर्ज

संवाददाता। शाहजहांपुर



**ईद** पर नामी कंपनियों के कपड़ों की खरीदारी करने से पहले जांच लें कि दुकानदार आपको असली दे रहा है या उसी नाम पर डुप्लीकेट ब्रांड देकर आपको धोखा दे रहा है देश के मशहूर ब्रांड रेमंड्स के जांच अधिकारी अब्दुल गफूर मेमन ? सदर बाजार पुलिस की मौजूदगी में शहर के मशहूर क्लॉथ हाउस बच्चन क्लॉथ हाउस, गुडविल फैब्रिक व जन्नत फैब्रिक की दुकानों से रेमंड्स ब्रांड के डुप्लीकेट ? फैब्रिक बड़ी मात्रा में बरामद किया । पुलिस की मौजूदगी में कंपनी के जांच अधिकारी ने दुकानदारों से कॉपीराइट से संबंधित कई सवाल भी किए । रेमंड कंपनी के जांच अधिकारी ने थाना सदर बाजार में तहरीर देकर बच्चन क्लॉथ , हाउस जन्नत फैब्रिक व गुडविल फैब्रिक के स्वामियों के विरुद्ध ट्रेडमार्क कॉपीराइट एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया। सदर बाजार थाना प्रभारी अमित पांडे ने जानकारी देते हुए बताया बृहस्पतिवार को रेमंड्स ब्रांड के जांच अधिकारी अब्दुल गफूर की तहरीर पर तीन दुकानदारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है इस संबंध में वैधानिक कार्रवाई कर इन्वेस्टिगेशन को आगे बढ़ाया जाएगा । रेमंड्स ब्रांड की डुप्लीकेट फैब्रिक की बिक्री किए जाने के तहत बच्चन क्लॉथ हाउस, जन्नत फैब्रिक व गुडविल फैब्रिक लाल इमली चौराहा के विरुद्ध ट्रेडमार्क कॉपीराइट का मामला दर्ज किया गया है। विवेचना के उपरांत पुलिस वैधानिक कार्रवाई कर दोषियों को दंड दिलाने का प्रयास करेगी।

## कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**बरेली।** पत्नी और बच्चे के साथ मोटरसाइकिल पर जा रहे एक युवक की रास्ते में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई बच्चे को मामूली चोट आई पत्नी बाल-बाल बच गई इलाज के लिए जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर कार चालक के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव परेवा सादात निवासी 30 वर्षीय लोकेश पुत्र जसवंत की बीती रात हाफिज गंज थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई जिला अस्पताल में मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि लोकेश ट्रैक्टर चालक था और कल शाम अपनी पत्नी लक्ष्मी और बेटे अंश के साथ मोटरसाइकिल से हाफिज गंज थाने के गांव राजघाट निवासी एक रिश्तेदार के घर आयोजित प्रीतिभोज में शामिल होने के लिए अपने घर से चला था लेकिन राजघाट गांव से कुछ पहले ही सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी।

# सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ जनता को मिले

संवाददाता। शाहजहांपुर



**जनपद** के दो दिवसीय दौरे पर आए राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कार्यालय खंड विकास अधिकारी भावलखेड़ा एवं थाना आर. सी. मिशन का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने सभी पटलों का गहनतापूर्वक निरीक्षण करते हुए निर्देश दिए कि शासन द्वारा संचालित समस्त लाभार्थीपरक योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ जनता को मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी पात्रों को शीघ्र लाभान्वित किया जाए। लाभार्थीपरक परियोजनाओं से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण में कोई भी विलम्ब न हो, यह भी सुनिश्चित किए जाने के निर्देश मा प्रभारी मंत्री ने दिए। थाना आरसी मिशन के निरीक्षण के दौरान मंत्री ने महिला हेल्प डेस्क, सी.सी.टी.एन.एस., थाना प्रभारी कक्ष एवं अन्य पटलों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि थाने में आने वाले शिकायतकर्ताओ से बेहतर व्यवहार किया जाए तथा उनकी शिकायतों का समय से निस्तारण किया जाए। अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए उन्हें दंडित कराया जाए। कहा कि शासन की मंशा है कि अपराधियों के भीतर कानून का भय व्याप्त हो और पीड़ित बिना किसी भय के थाने आकर अपनी शिकायत दर्ज करा सके। उन्होंने थाने में तैनात कार्मिकों से वार्ता का उन्हे जनता की बेहतर सेवा करने हेतु प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्याम बहादुर सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# राजापुर में अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत चला बुल्डोजर

**●प्रशासन की सख्ती से अतिक्रमण करने वालों में दहशत**




**संवाददाता।** राजापुर, चित्रकूट

**तुलसी** जन्मस्थली राजापुर के सौन्दरीकरण के उद्देश्य से तुलसी चौक में नोटिसदारों व अतिक्रमणकारियों की दुकानों में प्रशासन के दो बुल्डोजरों ने अतिक्रमणकारियों के मकानों, टीन टप्पर को ध्वस्त कर सरकारी जमीन खाली करा ली गई है। जिसका नेतृत्व उपजिलाधिकारी राजापुर प्रमोद झा ने किया।

आपको बता दें कि बीती 4 मार्च को राष्ट्रीय राजमार्ग के लोक निर्माण विभाग प्रयागराज ने 11अतिक्रमणकारियों को नोटिस दी थी, इसके बावजूद सरकारी जमीन खाली नहीं हुई तो शुक्रवार की सुबह 11बजे से प्रशासन के दो बुल्डोजर तुलसी चौक में सरकारी जमीन को खाली कराने के लिए प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी रामसिंह, चौकी इंचार्ज गनींवा जनार्दन प्रताप सिंह सहित भारी पुलिस बल की मौजूदगी में लगा दिया।

उपजिलाधिकारी प्रमोद झां की अगुआई में तहसीलदार संजय अग्रहरि, अधिशाषी अधिकारी बीएन कुशवाहा की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के अंत में उपजिलाधिकारी प्रमोद झाँ ने बताया कि तुलसी नगरी के सौन्दरीकरण के लिए केन्द्र सरकार द्वारा एनएच 731 ए0 का निर्माण प्रस्तावित है।जिसमें सरकारी जमीन को खाली कराने के लिए 4मार्च को 23 लोगों को सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी की गई थी, लेकिन 20 दिन बीत जाने के बावजूद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया। जिसके चलते प्रशासनिक अमले के साथ भारी पुलिस बल लेकर बुल्डोजरों के माध्यम से अवैध कब्जे ढहा दिए गए। उधर राष्ट्रीय राजमार्ग के सहायक अभियंता अनुज कुमार व अवर अभियंता विजय सिंह ने बताया है कि लोक निर्माण विभाग प्रयागराज से 10 लोगों की टीम आई हुई है और अभी तो केवल सरकारी जमीन चिन्हित करके अतिक्रमण को हटाया जा रहा है। जब एनएच 731, जो प्रस्तावित है उसके मानक के अनुरूप पैमाइश कराकर जमीन खाली कराई जाएगी।

# विंध्याचल से फतेहपुर आई मिशन शक्ति महिला पुलिस बाइक रैली



**संवाददाता।** फतेहपुर

**मिशन** शक्ति योजना के तहत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के तहत महिला सशक्तिकरण के माध्यम से महिलाओं को पुलिस हेल्पलाइन, महिला हेल्पलाइन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पूर्व से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण के लिए नवरात्रि के प्रथम दिवस पर देवीपाटन और विंध्याचल से निकाली गई महिला पुलिस बाइक रैली शुक्रवार को फतेहपुर स्थित लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन पहुंची। खागा विधायक कृष्णा पासवान, डीएम श्रुति व पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में महिला सिपाहियों का स्वागत किया। महिला बाइक जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि नारी सम्मान और सुरक्षा के प्रति सरकार द्वारा अनेक हेल्पलाइन जारी की गई है जिनके माध्यम से महिला की सुरक्षा और सम्मान की रक्षा की जा रही है। उन्होने कहा कि महिलाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से ही यह महिला बाइक रैली का आयोजन किया गया है जो 29 मार्च को गौतमबद्धपुर नगर पहुंचकर समाप्त होगी। जनप्रतिनिधि व अधिकारियों ने कबूतर, गुबारा छोड़कर व हरी झंडी दिखाकर क्षेत्राधिकारी थरियांव प्रगति यादव के नेतृत्व में जनपद कानपुर नगर के लिए रैली को रवाना किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक विजय मिश्र, पुलिस उपाधीक्षक नगर वीर सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मौजूद रहे।

# डीएम के निर्देश पर प्रारम्भ की गई मंदाकिनी को स्वच्छ बनाने की मुहिम

**●मंदाकिनी को स्वच्छ और निर्मल बनाना प्रशासन का लक्ष्य- राकेश केशरवानी**

**संवाददाता।** चित्रकूट

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनंद के निर्देश पर गंदगी से बजबजा रही मन्दाकिनी घाटों की सफाई का नगर पालिका ने अभियान शुरु किया है। शुक्रवार को एडीएम, एसडीएम, पर्यटन अधिकारी, सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता आशुतोष कुमार, ईओ नगर पालिका लालजी यादव समेत तमाम अधिकारी रामघाट पहुंचे।

शुक्रवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने जिलाधिकारी की पहल का स्वागत करते हुए बताया कि नयागांव रपटा से लेकर बूढ़े हनुमान मंदिर तक मन्दाकिनी नदी गंदगी से कराह रही थी। शुक्रवार को तमाम प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और घाटों में गंदगी देखी। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद के निर्देश पर नगर पालिका ईओ लालजी यादव की अगुवाई में पालिका के एसआई कमलाकांत शुक्ला की सफाई टीम ने नदी मे सफाई का अभियान छेड़ा। डीएम ने सिंचाई विभाग को निर्देश दिए हैं कि पोकलैण्ड मशीन मंगाकर नदी के बीच में बने टीले को हटाने का और खुदाई कराने का काम प्रारम्भ करें। नयागांव रपटा से लेकर बूढ़े हनुमानजी के बीच बने नए घाट गंदगी की वजह से बेकार रहते हैं। अब जिलाधिकारी ने इस घाट को नहाने लायक बनाने की मुहिम छेड़ दी है। शुक्रवार को एडीएम कुवर बहादुर सिंह, एसडीएम राजबहादुर, पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव, ईओ नगर पालिका लालजी यादव, पालिका एसआई कमलाकांत शुक्ला, आरआई राहुल पांडेय मौके पर पहुंचे। इसके अलावा मौके पर समाजसेवी अरुण गुप्ता, राकेश केशरवानी और बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह समेत तमाम अन्य स्थानीय लोग मौजूद रहे।



अधिशाषी अभियंता का अभिनंदन करते ब्रांड एम्बेसडर

# दबंगों से परेशान शिक्षक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**●सुसाइड नोट में मिले गांव के पांच दबंगों के नाम**

**फर्रुखाबाद।** काफी दिनों से दबंगों के जुल्मो से खफा चल रहे शिक्षक नें काफी गुहार लगायी लेकिन हर तरफ से उसे निराशा ही हाथ लगी। खाकी भी उसकी उम्मीदों पर खरी नही उतरी। दबंग अपने जुल्म बढ़ाते जा रहे थे। जिससे क्षुब्ध होकर शिक्षक नें फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पंहुची पुलिस नें शव को फंदे से नीचे उतारा। शव के पास एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ जिसमे गांव के ही पांच आरोपियों के नाम लिखे थे। आरोप है कि दबंग ने पूर्व में घर में घुसकर महिला के साथ दुष्कर्म भी किया था जिसकी काफी शिकायत के बाद पुलिस के नाक.कान नही खुले जिससे तंग आकर शिक्षक नें फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस नें शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। थाना मऊदरवाजा के ग्राम सलेमपुर रत्न निवासी 55 वर्षीय रामआसरे एमएए बीएड तक पढ़ाई कर चुका था। वह शिक्षक का कार्य कर रहा था। उसे व उसके परिवार को गांव के ही दबंग परेशान करते थे। दबंगों के भय से परेशान होकर रामआसरे के पुत्र और पुत्रवधू गांव छोड़कर भी चले गये थे। दबंगों की शिकायत उसने पुलिस से भी की लेकर कोई ठोस कार्यवाही नही हुई जिसके बाद उसने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का फैसला लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस छानबीन कर रही है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया

# नर्स पर चलाई गोली हमलावर हुए फ़रार

**हमीरपुर।** शहर की जिला अस्पताल कालोनी में आज स्टाफनर्स को अज्ञात लोगों ने दरवाजा खुलवाने के बाद अवैध तमंचे से गोली मार दी जिससे छर्रे उसके पैर में लगे हैं। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरु कर दी है। मामले को अस्पताल के लैब टेक्नीशियन से पहले हुये विवाद से देखा जा रहा है। हमीरपुर सीओ सदर राजेश कमल ने बताया कि आज शाम जिला अस्पताल से डियूटी से अपने आवास लौटी स्टाफ नर्स गरिमा सचान का किसी ने दरवाजा खटखटाया जैसे ही नर्स ने दरवाजा खोला, वैसे ही किसी अज्ञात व्यक्ति ने अवैध असलहे से पैर में फायर झोंक दिया जिससे वह गिर गयी। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गये घायस नर्स को अस्पताल पहुंचाया गया जानकारी होते ही पुलिस मौके पर जाकर सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

# टीबी का उपचार जल्द प्रारम्भ करना आवश्यक : डॉ. द्विजेंद्र



**संवाददाता।** उरई, जालौन

**गुरुवार** को राजकीय मेडिकल कालेज उरई के केन्द्रीय पुस्तकालय में प्रधानाचार्य डा. द्विजेन्द्र नाथ एवं समस्त चिकित्सकीय टीम की उपस्थिति में विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें दर्जन भर से ज्यादा टीबी मरीजों के किट दी गयी ताकि वह भी नियमित दवाओं का सेवन कर जल्द स्वस्थ्य हो सके। प्रधानाचार्य ने कहा कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार का ध्येय है कि विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर लोगों को इस बीमारी के विषय में जागरूक किया जाये और क्षय रोग की रोकथाम के लिए कदम उठाये जाये। विश्व टीबी दिवस को विश्व स्वास्थ्य संगठन जैसे संस्थानों से समर्थन मिला है। भारत में टीबी के फैलने का एक मुख्य कारण इस बीमारी के लिए लोगों सचेत न होना और इसे शुरूआती दौर में गंभीरता से ना लेना। उन्होंने बताया कि बच्चों में यह 20 फीसदी से ज्यादा संक्रमण होने का जोखिम कम करता है। सक्रिय मामलों के पता लगने पर उनका उचित उपचार किया जाना चाहिए। टीबी रोग का उपचार जितना जल्दी शुरू होगा, उतनी जल्दी ही रोग से निदान मिलेगा।

## विश्व टीबी दिवस पर कार्यक्रमों में लोगों को किया जागरूक

**फतेहपुर।** जनपद में शुक्रवार को विश्व टीबी दिवस मनाया गया। इस दिवस पर सभी स्वास्थ्य केंद्रों और उपकेन्द्रों पर तपेदिक यानि क्षय रोग के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। जिला मुख्यालय पर और स्कूलों में प्रभात फेरी निकली गई। अधिकतर शैक्षणिक संस्थानों में इस बीमारी के लक्षण और इलाज के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मु.चि.अ. डॉ. सुनील भारतीय ने कहा कि वर्ष 2025 तक जनपद समेत पूरे देश से क्षय रोग समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित है। इसी क्रम में शहरी और ग्रामीण दोनों इलाकों में जागरूकता संबंधी विविध गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। आज टीबी इकाइयों, डेजिग्नेटेड माइक्रोस्कोपिक सेंटर और गांवों में सामुदायिक स्तर पर जनप्रतिनिधियों की अध्यक्षता में मैजिक शो, नुक्कड़ नाटक व अन्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

# क्विक न्यूज

## स्वर्ण पदक पाकर रोहित ने किया विद्यालय का नाम रौशन

**रसूलाबाद, कानपुर देहात।** कस्बे के स्नेहलता डिग्री कॉलेज के छात्र को शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक पाकर विद्यालय कस्बे सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रसूलाबाद तहसील क्षेत्र के अंतर्गत कानपुर रोड पर स्थित स्नेहलता गुप्ता मेमोरियल डिग्री कॉलेज एमएससी 2022 के छात्र रोहित यादव पुत्र अरविंद कुमार यादव ने छत्रपति साहू जी महाराज विश्वविद्यालय में संपन्न हुए दीक्षांत समारोह में महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के द्वारा स्वर्ण पदक प्राप्त कर महाविद्यालय तथा तहसील क्षेत्र का नाम रोशन करने पर महाविद्यालय के प्रबंधक विनीत कुमार गुप्ता ने छात्र के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहां लगन हो तो उसके लिए कोई काम कठिन नहीं होता है। छात्र रोहित यादव की लगन व मेहनत के लिए अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा है।

## एनएसएस स्वयंसेवकों ने किया गांव का सामाजिक सर्वेक्षण

**कोंच, जालौन।** सूरज ज्ञान महाविद्यालय की एनएसएस इकाई प्रथम व द्वितीय द्वारा क्षेत्र के ग्राम पनयारा में आयोजित किये जा रहे 7 दिवसीय शिविर के चतुर्थ दिन शुक्रवार को स्वयंसेवकों ने गांव का सामाजिक सर्वेक्षण किया। महापुरुषों के नाम से गठित की गयीं अलग-अलग टीमों में शामिल स्वयंसेवकों ने सर्वेक्षण के तहत गांव में व्याप्त मूलभूत समस्याएं जानी और सामाजिक रूप से जानकारी जुटाकर गांव की जमीनी हकीकत परखी। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ आशुतोष मिश्रा, रोहित राठौर, हरिओम तिवारी आदि प्रवक्तागण मौजूद रहे। उधर सेठ बद्री प्रसाद महाविद्यालय द्वारा समीपवर्ती गांव जुझारपुरा और अशोक शुक्ला महिला महाविद्यालय द्वारा समीपवर्ती गांव लौना में आयोजित 7 दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिन स्वयंसेवकों ने रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों को जीवन सुधार हेतु और सामाजिक सरोकार से जुड़े मसलों पर जागरूक किया।

## मंत्री ने गोबर से लकड़ी बनाने की मशीन खरीदने के दिये निर्देश

**कोंच, जालौन।** शासन की महत्वाकांक्षी योजना में शामिल गौशाला योजना को लेकर जनपद के प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने नगर के महंत नगर इलाके में नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित कान्हा गौशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांची। प्रभारी मंत्री ने गौशाला में एकत्रित 246 गौवंशों हेतु भूसा, चारा व पानी की उपलब्धता जांची। उन्होंने साफसफाई पर विशेष ध्यान बरतने और बीमार होने पर गौवंशों का तत्काल इलाज किये जाने के सख्त निर्देश दिए। गर्मी के मौसम में गौवंशों को कड़ी धूप से बचाने के लिए समुचित प्रबंध किए जाने और गोबर से लकड़ी बनाने के लिए मशीन खरीदने हेतु ईओ पवन मौर्य को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौशाला की व्यवस्था में लापरवाही बरतने पर संबंधित अधिकारी कर्मचारी के खिलाफकड़ी कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

## सेल्समैन ने फर्म के साढ़े 17 लाख हड़पे, मालिक को मिली धमकी

**फतेहपुर।** कर्मचारी पर फर्म का साढ़े 17 लाख रुपये हड़पने का मुकदमा दर्ज किया गया है। रुपये मांगने पर कर्मी के पिता ने फर्म मालिक से गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के हरिहरगंज नप्पी का हाता निवासी हरमंगल सिंह ने बताया कि उसकी ज्वालागंज में फर्म बसंत इंटरप्राइजेज है। फर्म में बांदा जिले के छोटी बाजार निवासी अंकित गुप्ता करीब दो साल से सेल्समैन और कमीशन एजेंट के रूप में काम करता था। वह फर्म से सामान की सप्लाई करता था। उसके बड़े भाई सरदार दर्शन सिंह की बीमारी के चलते पांच नवंबर 2022 को मौत हो गई। इसी वजह से फर्म की देखभाल नहीं कर सका। सारा काम अंकित के भरोसे में था। इस दौरान अंकित गुप्ता ने 17 लाख 50 हजार रुपये फर्म में जमा नहीं किया। हिसाब के समय 22 फरवरी 2023 को अंकित ने बकाया रकम की दो चेक दी। चेक 27 फरवरी 2023 को खाते में लगाई। चेक बाउंस हो गई।

## कस्टमर कनेक्ट कैंपेन का समापन

**लखनऊ।** ऑटोमेटिक आइडेन्टिफिकेशन एण्ड डेटा कैप्चर सेगमेन्ट में अग्रणी प्लेयर इम्पैक्ट बाय हनीवैल ने अपने होली स्पेशल कस्टमर कनेक्ट कैंपेन ष्लैट्स मेक एन इम्पैक्ट टुगेदर का सफलतापूर्वक समापन किया। इस कैंपेन के माध्यम से कंपनी ने अपने अंतिम उपयोगकर्ताओं और साझेदारों के साथ मिलकर होली के अवसर पर अपनी सामुहिक सफलता का जश्न मनाया।हनीवैल ने 5 स्थानों.मुंबई में लैमिंगटन और अंधेरी आईटी मार्केटए नई दिल्ली में नेहरू प्लेस और जनकपुरी आईटी मार्केटए लखनऊ में नाज़ा आईटी मार्केटए पुणे में पीसीएमसी आईटी मार्केट और लुधियाना में कोचर आईटी मार्केट में इस अभियान का संचालन किया।

# अमखेड़ा मंदिर के महंत की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



**जालौन,** उरई। अमखेड़ा में गांव के बाहर स्थित भोले बाबा मंदिर के महंत की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई। मंदिर के बाहर तख्त पर महंत का शरीर उल्टा पड़ा मिला। मुंह पर खून के निशान थे साथ ही उनका मोबाइल व अन्य सामान गायब था। सूचना पर मौके पर एसपी, सीओ व कोतवाल समेत फोरेंसिक टीम भी पहुंची। मामले में परिजन महंत की हत्या का आरोप लगा रहे हैं।

कोतवाली क्षेत्र क ग्राम अमखेड़ा में गांव के बाहर भोले बाबा का मंदिर स्थित है। इसी मंदिर पर बाल बिहारी बाबा (60) महंत थे। वह मंदिर में ही रहकर बाबा भोलेनाथ ही सेवा करते थे। शुक्रवार की सुबह जब गांव के लोग मंदिर पर दर्शन के लिए पहुंचे तो महंतजी का शरीर तख्त पर उल्टा पड़ा था। जब लोगों ने गौर से देखा तो उनकी सांस नहीं चल रही थी। साथ ही उनके मुंह पर खून के निशान थे। यह देखते ही गांव में हड़कंप मच गया। मौके पर लोगों की भीड जुट गई। इसकी सूचना लोगों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही एसपी डॉ. ईराज राजा, सीओ उमेश पांडेय, कोतवाल कुलदीप तिवारी, फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। जहां फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए। मामले को लेकर महंत के परिजनों में भाई लाखन, सिंह, जयकरन, मलखान, महेश आदि ने बताया कि महंत का मोबाइल व झोला गायब है। रात्रि करीब 11 बजे वह गांव में स्थापित एक देवी मंदिर पर से लौटे तब वह बिल्कुल स्वस्थ थे। उनके गले की माला भी टूटी पड़ी थी। परिजनों ने महंत की हत्या का आरोप भी लगाया है। वहीं, उक्त संदर्भ में सीओ उमेश पांडेय ने बताया कि मृतक के शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं हैं।

# स्वास्थ्य के लिए प्रकृति का अनुपम उपहार है मोटा अनाजः अशोक जाटव

**●मोटे अनाजों के प्रोत्साहन को जनसेवा इंटर कालेज में हुआ मेले का आयोजन**



**संवाददाता।** चित्रकूट

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द के निर्देश एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने मोटे अनाजों के प्रोत्साहन को जनसेवा इंटर कालेज में मेले का शुभारम्भ जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव व मानिकपुर विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने किया।

शुक्रवार को मोटे अनाजों के प्रोत्साहन को जनसेवा इंटर कालेज में लगे मेला में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि व्यक्ति के जीवन और अच्छे स्वास्थ्य के लिए मोटे अनाज का प्रयोग बहुत जरूरी है। मोटे अनाज खाने से बीमारियां नहीं होती। आधुनिकता में लोग मोटे अनाज को खाना भूल गये हैं। इसीलिए बीमारियों से ग्रसित हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2023 को श्री अन्न वर्ष घोषित कर सभी को बीमारियों से बचाने को मोटे अनाज खाने का आवाहन किया है। मानिकपुर विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी ने कहा कि मोटे अनाज खाने से पेट साफ रहता है। भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने कहा कि मोटे अनाज को छोड़कर गेंहू, चावल पैदा करने के क्षेत्र में रासायनिक खाद्य का प्रयोग पूरे विश्व में किया जाता है। इससे कैंसर के रोगी बढते जा रहे हैं। मोटे अनाजों का प्रयोग स्वास्थ्य के लिए वरदान है।

एडीएम कुंवर बहादुर सिंह ने अतिथियों का स्वागत कर कहा कि मोटे अनाजों के प्रयोग से बीमारियां नहीं होती। नगर पालिका चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने मोटे अनाज खाने का आवाहन किया है। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने कहा कि एक समय था कि गेंहू की जगह बाजरा की रोटी बनती थी। सब लोग सांवा, कोदो, काकुन खाते थे और हस्ट-पुष्ट रहते है। इस मौके पर भाजपा नेता पंकज अग्रवाल, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष ओम केशरवानी, ओमप्रकाश साहू, गुलाब गुप्ता, शिवपूजन गुप्ता, अनिल गुप्ता, जुगराज केशरवानी, सतीश मिश्रा, भरतलाल जायसवाल, प्रमोद केशरवानी, सोनू, बच्चा, दुर्गा, मिलन सोनकर आदि मौजूद रहे। गनीवा कृषि फार्म से आये वैज्ञानिक ममता पाण्डेय, अश्वनी दुग्गल, डॉ शिवशंकर सिंह, जिला खाद्य औषधि प्रशासन के अधिकारी डॉ सीआर प्रजापति, खाद्य सुरक्षा अधिकारी राहुल सिंह, आदि मौजूद रहे।

# वीरांगना दुर्गावती प्रतिमा स्थल बनेगा शक्ति केंद

**चित्रकूट।** दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा वीरांगना रानी दुर्गावती जी की प्रतिमा अनावरण समारोह 1 अप्रैल की तैयारियों हेतु व्यवस्था से जुड़े प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन की उपस्थिति में महर्षि वाल्मीकि परिसर कृषि विज्ञान केंद्र मझगवां सतना में आयोजित की गई। इस दौरान अभय महाजन संगठन सचिव ने कहा कि वीरांगना दुर्गावती जी की प्रतिमा अनावरण का कार्यक्रम जनता की पहल एवं पुरुषार्थ से किया जा रहा है। सभी को यह स्मरण रखना है कि यह कार्यक्रम सामूहिक प्रयत्न का परिणाम है सभी इसमें सहभागी बनें और यह कार्यक्रम सीमाओं में न बधें। 2 लाख परिवारों तक समय से आमन्त्रण देने का कार्य पूर्ण किया जाना है जिसमें लगभग 75 हजार परिवारों तक आमन्त्रण पहुंचाया जा चुका है। इसे शक्ति केंद्र के रूप में सभी के सहयोग से विकसित किया जाएगा। समाज के सभी वर्गों के सहयोग से शक्ति केंद्र के रूप में वीरांगना दुर्गावती जी की प्रतिमा अनावरण का गौरवपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न किया जाएगा।

# भाजपा नेत्री संध्या वर्मा समेत 24 महिलाओं को किया सम्मानित



**हमीरपुर।** आज स्थानीय नगर पालिका परिषद हाल में स्वच्छ भारत मिशन का कार्यक्रम के तहत नव देवी सम्मान समारोह में भाजपा नेत्री संध्या वर्मा समेत 24 महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रमेश चंद्र ने महिलाओं की प्रशंसा की उन्होंने कहा सभी महिलाएं एक देवी का रुप होती है इसलिये सभी को महिलाओं का सम्मान करना चाहिये। देश व समाज में नारी शक्ति का एक अलग स्थान है। इसलिये सभी महिलाएं कार्यक्रमों में अवश्य भाग ले। स्वच्छ भारत मिशन के तहत जो कार्यक्रम चलाया जा रहा है उसमें जनता को जागरूक करे और साफ सफाई पर विशेष योगदान दे, इस कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इसी मौके पर निबर्तमान चेयरमैन कुलदीप निषाद, रोहन सिंह जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन, डा सुरेश कुमार के अलावा मौदहा सुमेरपुर राठ कुरारा के अधिशाषी अधिकारी उपस्थित रहे।

# खराब हैंडपंप जल्द न सुधरे तो नपेंगे अधिकारी : मंत्री

**संवाददाता।** कोंच, जालौन






**●कारागार मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने दिरावटी गांव में लगाई जन चौपाल**

**●उपस्थित ग्रामीणों की जानीं समस्याएं**

**●कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में कंप्यूटर कक्ष का किया उद्घाटन**

**●सीएचसी निरीक्षण में मरीजों का लिया हालचाल**

**शुक्रवार** को जनपद के प्रभारी और सूबे के कारागार व होमगार्ड मंत्री धर्मवीर प्रजापति अपने एक दिवसीय जनपद दौरे के तहत कोंच विकास खंड की ग्राम पंचायत दिरावटी में स्थित पंचायत भवन परिसर में जन चौपाल लगाई। जहां उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि यदि खराब हैंडपंप न सुधरे तो जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई करने में कोई हिचक नहीं दिखायी जायेगी। इस दौरान विधायक मूलचंद्र निरंजन व जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी सहित आलाधिकारी एवं भारी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे। जन चौपाल में मंत्री धर्मवीर ने सबसे पहले उपस्थित ग्रामीणों की समस्याएं जानी। गर्मी के मौसम को देखते हुए गांव में सरकारी तालाब, हैंडपंप व कूप की वर्तमान स्थिति के बाबत भी उन्होंने जानकारी ली। गांव में स्थित 5 तालाब, 1 कूप और 76 हैंडपंपों को लेकर मंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए शीघ्र ही तालाबों में शुद्ध पानी भरवाएं और खराब पड़े हैंडपंप दुरुस्त कराएं। उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का हर एक पात्र व्यक्ति को लाभ दिलाये जाने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने एक स्वयं सहायता समूह को स्वरोजगार हेतु 47 लाख रुपये की चौक भी सौंपी, साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को आवास की चाबी और प्रशस्ति पत्र सौंपे।

प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन के साथ शाम करीब 5 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं परखीं। प्रभारी मंत्री ने स्वास्थ्य केन्द्र के कक्षों में जाकर साफसफाई और बेड पर बिछे कपड़े देखे। उन्होंने ऑक्सीजन प्लांट सहित केन्द्र में उपलब्ध मशीनों के रखरखाव को परखा, साथ ही पर्चा और दवा काउंटर की व्यवस्था देखी।

धर्मवीर प्रजापति ने विधायक मूलचंद्र निरंजन के साथ कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय पहुंचकर निरीक्षण किया और कम्प्यूटर कक्ष का उद्घाटन किया। प्रभारी मंत्री ने विद्यालय में साफ सफाई, भोजन व्यवस्था, बिजली, पानी व्यवस्था को लेकर मौजूद छात्राओं से जानकारी ली।

# मंडलायुक्त ने ली विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

**संवाददाता।** बांदा



**आयुक्त** चित्रकूट धाम मण्डल बांदा आरपी सिंह की अध्यक्षता में मयूर भवन सभागार में मासिक विकास कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के द्वारा नई सड़कों का निर्माण/चौड़ीकरण की समीक्षा करते हुए पीडब्लूडी के अधिशाषी अभियंता को निर्देशित किया कि मण्डल में जिन सड़कों का कार्य प्रगति पर है, उन्हें अभियान चलाकर शीघ्र पूर्ण कराया जाए। बैठक में बताया गया कि 150 सड़कों का निर्माण कार्य हो गया है। आयुक्त ने सेतुओं के निर्माण की समीक्षा की। उन्होंने परिवहन विभाग के द्वारा करों की वसूली की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप करों की वसूली किये जाने के निर्देश परिवहन विभाग के अधिकारी को दिये।

आयुक्त ने गर्मी मौसम को दृष्टिगत रखते हुए पेयजल सम्बन्धी व्यवस्थाओं को दुरुस्त किये जाने, शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु हैण्डपम्पों को रीबोर कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने नगर पालिका, नगर पंचायतों से पानी के टैंकरों एवं जल संस्थान में उपलब्ध पानी के टैंकरों से आवश्यकतानुसार पेयजल आपूर्ति किये जाने हेतु कार्ययोजना बनाकर तैयारी किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। निराश्रित गौवंशो को संरक्षित एवं टीकाकरण तथा मुख्यमंत्री निराश्रित गौवंश सहभागिता योजना गौवंशीय एवं महिषवंशीय पशुओं की ईयर टैगिंग की समीक्षा करते हुए अपर निदेशक पशुपालन को निर्देशित किया कि गौशालाओं में भूसा-चारे को पर्याप्त मात्रा में एकत्र करायें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री निराश्रित गौवंश सहभागिता योजना के अन्तर्गत लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति लायें। उन्होंने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यर्क्रम एवं मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार की समीक्षा करते हुए योजना के अन्तर्गत लक्ष्य के अनुरूप लाभार्थियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये।

उन्होंने चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की समीक्षा करते हुए, जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थियों का समय से भुगतान कराये जाने, मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं टीकाकरण तथा संस्थागत प्रशव की समीक्षा करते हुए सभी बच्चों का टीकाकरण कराये जाने के निर्देश भी दिये।

# अमेरिका ने सीरिया पर किया जवाबी हमला

## सीरिया में ड्रोन हमले में अपने नागरिक की मौत के बाद की जवाबी कार्रवाई

**भाषा।** वाशिंगटन



**उत्तरपूर्वी सीरिया** में गठबंधन सेना के एक अड्डे पर बृहस्पतिवार को संदिग्ध रूप से ईरान के ड्रोन हमले में एक अमेरिकी ठेकेदार की मौत हो गई तथा अमेरिकी सेना के पांच सदस्य तथा एक अन्य ठेकेदार घायल हो गया। पेंटागन ने यह जानकारी दी। अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने बृहस्पतिवार देर रात जारी एक बयान में कहा कि यूएस सेंट्रल कमांड बलों ने जवाबी कार्रवाई के तौर पर ईरान के रेवोल्यूशनरी गार्ड से संबद्ध समूहों द्वारा पूर्वी सीरिया में इस्तेमाल किए जाने वाले अड्डों पर सटीक हवाई हमले किए। रक्षा विभाग ने कहा कि खुफिया समुदाय ने पता लगाया है कि मानवरहित ड्रोन ईरानी मूल का था। ऑस्टिन ने कहा, सीरिया में रेवोल्यूशनरी गार्ड से संबद्ध समूहों द्वारा गठबंधन सेना के खिलाफ हाल के हमलों के साथ ही आज के हमले के जवाब में हवाई हमले किए गए। पेंटागन ने बताया कि सेना के दो घायल सदस्यों का घटनास्थल पर ही इलाज किया गया जबकि तीन अन्य और घायल ठेकेदार को इराक में चिकित्सा केंद्र में ले जाया गया। सोशल मीडिया पर उपलब्ध वीडियो में सीरिया के देर अल-जोर में विस्फोट होते हुए देखा जा सकता है। रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस प्रांत की सीमा इराक से लगती है और यहां तेल क्षेत्र स्थित हैं। गौरतलब है कि ईरान के अर्द्धसैन्य बल रेवोल्यूशनरी गार्ड पर पश्चिम एशिया में बमवर्षक ड्रोन हमले करने का संदेह है। हाल के महीनों में रूस ने यूक्रेन पर युद्ध के तौर पर कई स्थानों पर अपने हमलों में ईरान के ड्रोन का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। ईरान ने इन हमलों की जिम्मेदारी से इनकार किया है। हालांकि, पश्चिमी देश और विशेषज्ञ इन ड्रोन को ईरान का बताते हैं। सीरिया की सरकारी सना समाचार एजेंसी ने अभी किसी हमले की पुष्टि नहीं की है। ईरान की ओर से भी इन हमलों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। युद्ध पर नजर रखने वाले सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमैन राइट्स ने बताया कि देर अल-जोर शहर में एक शस्त्र डिपो पर अमेरिका के हमले में ईरान के समर्थन वाले छह लड़ाकों की मौत हो गई।

### हमलों में चार मरे : कार्यकर्ता समूह

**वाशिंगटन।** सीरिया में ईरान-समर्थित लड़ाकों को निशाना बनाकर किए गए अमेरिका के हवाई हमलों में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई है। कार्यकर्ता समूहों ने यह दावा किया है। दीर एजोर 24 और सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स जैसे संगठनों ने शुक्रवार को हमलों में मारे गए लोगों की संख्या अलग-अलग बताई दीर एजोर 24 ने चार लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है, जबकि ऑब्जर्वेटरी ने कहा कि 11 लोग मारे गए है। एसोसिएटेड प्रेस तुरंत स्वतंत्र रूप से खबरों की पुष्टि नहीं कर सका है।

# यूक्रेन में रूस के हमले में 10 नागरिकों की मौत, 20 से अधिक घायल

**भाषा।** कीव



**यूक्रेन** के विभिन्न इलाकों में शुक्रवार को रूस के हमले में कम से कम 10 आम नागरिकों की मौत हो गई और 20 से अधिक लोग घायल हो गए। यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय ने यह जानकारी दी। वहीं रूस के एक अधिकारी ने चेतावनी दी कि रूसी सेना आगामी हफ्तों में यूक्रेन के संभावित जवाबी हमलों के लिए तैयार है। यूक्रेन के पूर्वी दोनेत्स्क प्रांत में कोस्तियंतिनिवका में एक सहायता केंद्र पर रूसी मिसाइल के हमले के बाद पांच लोगों की मौत हो गई। यूक्रेन के अधिकारियों ने पिछले साल कई ऐसे केंद्र बनाए थे जहां लोग आश्रय ले सकते हैं, अपने मोबाइल फोन चार्ज कर सकते हैं और भोजन प्राप्त कर सकते हैं। दोनेत्स्क के गवर्नर पावलो किरिलेंको के अनुसार, स्थानीय अभियोजक ने कहा कि रूस ने कोस्तियंतिनिवका पर 300 एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल से हमला किया। जो नागरिक वहां मारे गए वे शरणार्थी थे। सुमी प्रांत के बिलोपिल्लई शहर में रात के समय रॉकेट हमले और गोलाबारी में दो लोग मारे गए और नौ लोग घायल हुए। दक्षिणी खेरसॉन क्षेत्र में रूसी गोलाबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और बिलोजेरका शहर में एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई तथा चार अन्य घायल हो गए। अमेरिका और ब्रिटेन समेत कई देशों ने सैन्य मदद के तौर पर यूक्रेन को हेलीकॉप्टर भेजने का वादा किया है और उनमें से कई मदद भेज चुके हैं।

### यूक्रेन के पुराने हेलीकॉप्टर रूसी ठिकानों को बना रहे निशाना

**दोनेत्स्क ( यूक्रेन )।** रूसी सैनिकों के खिलाफ यूक्रेन अपने अभियान में सोवियत काल के तीन हमलावर हेलीकॉप्टर का भी इस्तेमाल कर रहा है। हेलीकॉप्टर के कमांडर ने कहा कि हर दिन, वे तीन या चार उड़ानें भर सकते हैं। चालक दल के दो सदस्ईय दल वाले एमआई-24 हेलीकॉप्टर लगभग 40 साल पहले बनाए गए थे। पहचान जाहिर नहीं करने की शर्त पर कमांडर ने कहा, हम दुश्मनों के वाहनों, दुश्मनों को बर्बाद करने के लिए हमलावर अभियान में हिस्सा ले रहे हैं। हम कुछ दूरी बनाकर हमले करते हैं जिससे हम उनकी वायु रक्षा प्रणाली की पकड़ में नहीं आ पाते। यूक्रेन में लड़ाई में मुख्य रूप से मिसाइल, तोपों का इस्तेमाल हो रहा है। यूक्रेन की 12वीं आर्मी एविएशन ब्रिग्रेड के कमांडर ने कहा, हेलीकॉप्टर की बहुत अहमियत है।

### सर्बिया में ट्रक में छिपे मिले नौ प्रवासी

**बेलग्रेड (सर्बिया)।** सर्बिया के सीमा शुल्क प्राधिकारियो ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने यूनान से पोलैंड जा रहे एक ट्रक में छिपे नौ प्रवासियों को पकड़ा है। सर्बिया सीमा पर मौजूद सीमा शुल्क अधिकारियों ने बुधवार को एल्युमीनियम ले जा रहे ट्रक की तलाशी के दौरान इन प्रवासियों को पकड़ा। एक बयान के अनुसार, ए शरणार्थी अफ्गानिस्तान, पाकिस्तान और सीरिया के युवा है। सर्बिया तथाकथित बाल्कन भूमि मार्ग के केंद्र मे स्थित है जिसका शरणार्थी और प्रवासी पश्चिमी यूरोप पहुंचने तथा वहां नई जिंदगी शुरू करने की कोशिश के लिए अक्सर इस्तेमाल करते है।

### हांगकांग में सड़क हादसे में करीब 70 लोग घायल

**हांगकांग।** हांगकांग में एक सड़क सुरंग के पास शुक्रवार को चार यात्री बसों और एक ट्रक की टक्कर हो गई, जिसमे बच्चों समेत करीब 70 लोग घायल हो गए। अधिकतर लोगों को मामूली चोटें आई है। पुलिस ने बताया कि हादसा कॉव्लून के एक आवासीय क्षेत्र लैम टिन में त्सुंग क्वान ओ रोड पर एक सुरंग के प्रवेश द्वार के पास दोपहर के बाद हुआ। करीब 60 लोगों को मामूली चोटें आई है और करीब नौ अन्य को कुछ गंभीर चोटें पहुंची है। हादसे की वजह अभी तक पता नही चल पाई है। हादसे की सूचना मिलने के बाद बड़ी संख्या में दमकल कर्मी, चिकित्सकीय कर्मी और पुलिस मौके पर पहुंची। बुजुर्ग सहित कुछ घायलो का घटनास्थल पर ही चिकित्सकों ने इलाज किया। उन्होने बताया कि हादसे के समय प्राथमिक विद्यालय के छात्रों का एक समूह सड़क पर बैठा था और उनमें से भी कुछ के हाथ मे चोटें आई है।

### अमेरिका पर आरोप लगाया और अब उसी से मदद मांग रहे इमरान : ख्वाजा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने पहले अमेरिका पर आरोप लगाने और अब उससे मदद मांगने के लिए शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर निशाना साधा। आसिफ ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख खान के सहयोगी ने अमेरिका को पत्र लिखकर मदद मांगी है, जबकि पिछले साल उन्होंने सत्ता से हटाने की कथित साजिश रचने के लिए एक शीर्ष अमेरिकी राजनयिक का नाम लिया था। आसिफ ने कहा, "उनकी राजनीतिक यात्रा शून्य से शुरू हुई। उन्होने अमेरिका पर पीटीआई सरकार के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया था। और आज, शिरीन मजारी (पूर्व मानवाधिकार मंत्री) ने उनकी तरफ से अमेरिका को एक पत्र लिखा है...जिस देश पर कभी उन्होंने साजिश रचने का आरोप लगाया था,

# फ्रांस में विरोध प्रदर्शन जारी, ब्रिटेन के महाराजा की यात्रा स्थगित

**भाषा।** पेरिस



**फ्रांस में** सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने के खिलाफ शुक्रवार को भी अलग-अलग स्थानों पर प्रदर्शन जारी रहा, जिसके कारण ट्रेन यातायात मंद पड़ गया और मार्सिले के वाणिज्यिक बंदरगाह तक ट्रकों की कतारें लग गईं। प्रदर्शनों के मद्देनजर अधिकारियों ने ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय की प्रस्तावित राजकीय यात्रा स्थगित कर दी। वहीं, बृहस्पतिवार को देश में हुए व्यापक प्रदर्शन के कारण मची तबाही सड़कों पर आज भी नजर आई। पेरिस में और आसपास से बृहस्पतिवार को 450 से अधिक प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया। फ्रांस के गृह मंत्री गेराल्ड डारमैनिन ने शुक्रवार को बताया कि कुछ मार्च के दौरान हिंसा होने से करीब 441 पुलिस कर्मी व अन्य अधिकारी घायल हो गए। उन्होंने बताया कि एक दिन पहले हुए प्रदर्शन में फ्रांस की राजधानी में।,000 कूड़ेदान में आग लगा दी गई थी। एक सप्ताह से जारी कूड़ा उठाने वालों की हड़ताल के बीच कूड़ेदान विरोध का प्रतीक बन गए हैं। मैक्रों के कार्यालय ने घोषणा की कि ब्रिटेन के महाराजा की राजकीय यात्रा स्थगित कर दी गई है। महाराजा बनने के बाद चार्ल्स तृतीय पहली विदेश यात्रा पर रविवार को फ्रांस आने वाले थे। इसके बाद बुधवार को उन्हें जर्मनी जाना था। जर्मनी की उनकी यात्रा का कार्यक्रम तय है। फ्रांस के ऊर्जा पारगमन मंत्री एग्नेस पेन्नर रंचर के अनुसार, पुलिस के हस्तक्षेप के बाद नॉरमंडी स्थित रिफाइनरी में तेल की आपूर्ति शुक्रवार को बहाल हुई। हालांकि, प्रदर्शनकारी आगे रिफाइनरी में आपूर्ति को बाधित करने को लेकर बैठकें कर रहे हैं। गौरतलब है कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बोर्न को विशेष संवैधानिक शक्ति का उपयोग करने का आदेश दिया था। उनके इस आदेश के बाद संसद को सेवानिवृत्ति की आयु 62 से बढ़ाकर 64 करने के अति विवादित विधेयक को बिना मतदान के मंजूरी देने के लिए विवश किया गया था।

# चीन ने अमेरिकी युद्धपोत के कदमों को लेकर गंभीर परिणाम की धमकी दी

**भाषा।** बैंकॉक

**अमेरिकी नौसेना** द्वारा लगातार दूसरे दिन दक्षिण चीन सागर में विवादित पारासेल द्वीप समूह के पास एक विध्वंसक पोत भेजे जाने के बाद चीन ने इसके गंभीर परिणाम होने की शुक्रवार को धमकी दी और इस कदम को अपनी सुरक्षा एवं संप्रभुता का उल्लंघन बताया। चीन और अमेरिका के बीच क्षेत्र में पहले से ही तनाव बढ़ा हुआ है। चीन दक्षिण चीन सागर के लगभग पूरे हिस्से पर अपना दावा करता है, जबकि अमेरिका इसका विरोध करता है। अमेरिका ने पारासेल द्वीप के पास निर्देशित मिसाइल विध्वंसक यूएसएस मिलियस भेजा था। इसके बाद चीन ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसकी नौसेना और वायु सेना ने अमेरिकी पोत को पीछे धकेल दिया। अमेरिका सेना ने चीन के इस दावे का विरोध किया। इसके बाद अमेरिका ने शुक्रवार को फिर से इस द्वीप के पास एक पोत भेजा। इस द्वीप पर चीन का कब्जा है, लेकिन ताइवान और वियतनाम भी इस पर अपना-अपना दावा करते हैं। अमेरिका की सेवंथ फ्लीट के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जे.जी. (जूनियर ग्रेड) लुका बेकिस ने ईमेल के जरिए एक बयान में कहा कि दक्षिण चीन सागर में अवैध और व्यापक दावे समुद्र में नौवहन, उसके ऊपर उड़ान भरने, मुक्त व्यापार, निर्बाध वाणिज्य और आर्थिक अवसर की स्वतंत्रता को गंभीर खतरा पैदा करते हैं। बाकिक ने कहा, दावा करने वाला कोई भी हो, अमेरिका दुनिया में हर जगह अत्यधिक समुद्री दावों को चुनौती देता है। चीन के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने इसका जवाब देते हुए अमेरिका पर दक्षिण चीन सागर की शांति और स्थिरता को कमजोर करने का आरोप लगाया। मंत्रालय के प्रवक्ता तान केफेई ने कहा, हम अनुरोध करते हैं कि अमेरिका उकसावे की ऐसी हरकतों को तत्काल बंद करें, अन्यथा उसे इससे होने वाली अप्रत्याशित घटनाओं के कारण गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

### दक्षिण चीन सागर विवाद को लेकर चीन के राजनयिकों से उलझे फिलीपीन के राजनयिक

**मनीला।** फिलीपीन ने दक्षिण चीन सागर में चीन के आक्रामक रवैए को लेकर शुक्रवार को विरोध दर्ज कराया। एक अधिकारी ने बताया कि फिलीपीन के राजनयिकों ने चीनी अधिकारियों से मुलाकात के दौरान विरोध जताया। दक्षिण चीन सागर को लेकर एशिया में लंबे समय से विवाद रहा है। चीन और अमेरिका के बीच बढ़ती प्रतिद्वंद्वता के चलते इस विवाद को हवा मिली है। अमेरिका इस क्षेत्र पर कोई दावा नहीं करता है। हालांकि वह क्षेत्र में युद्धपोत और लड़ाकू विमान तैनात करने को लेकर चीन को चेतावनी देता रहा है। अमेरिका समय-समय पर कहता रहा है कि यदि उसके सहयोगी फिलीपीन के बलों, जहाजों और विमानों पर हमला किया गया तो वह उसकी रक्षा करेगा। दक्षिण चीन सागर पर वियतनाम, मलेशिया, ब्रुनेई और ताइवान भी अपना दावा जताते रहे हैं ।

### भारत जल क्षेत्र में 240 अरब डॉलर से अधिक का निवेश करने को प्रतिबद्धः शेखावत

**संयुक्त राष्ट्र।** जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने संयुक्त राष्ट्र में भारत के जल क्षेत्र में 240 अरब डॉलर से अधिक का निवेश करने और दुनिया में सबसे बड़े बांध पुनर्वास कार्यक्रम को लागू करने के साथ ही भूजल स्तर को बढ़ाने के प्रयास करने को लेकर प्रतिबद्धता जताई। शेखावत ने बृहस्पतिवार को संयुक्त राष्ट्र जल सम्मेलन 2023 को संबोधित करते हुए जल सुरक्षा सुनिश्चित करने, सभी के लिए स्वच्छ जल मुहैया कराने तथा स्वच्छता के सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी)-6 को प्राप्त करने की दिशा में भारत में किए जा रहे महत्वाकांक्षी कार्यक्रमों तथा प्रयासों को रेखांकित किया। संयुक्त राष्ट्र महासभा में शेखावत ने कहा, हम निजी नवप्रवर्तक, स्टार्ट-अप्स और जल-उपयोगकर्ता संघों के साथ साझेदारी में सरकारी संसाधनों के माध्यम से जल क्षेत्र में 240 अरब डॉलर से अधिक का निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### भारत से जवाब मिलने के बाद तीस्ता नदी मुद्दे पर आगे की कार्रवाई का फैसला लेंगे : बांग्लादेश

**ढाका।** बांग्लादेश ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह तीस्ता नदी पर पश्चिम बंगाल सरकार की प्रस्तावित परियोजनाओं पर पिछले सप्ताह भारत को भेजे गए कूटनीतिक संदेश पर उसके जवाब का इंतजार कर रहा है। पश्चिम बंगाल सरकार ने जलपाईगुड़ी और कूच बिहार जिलों में सिंचाई के लिए तीस्ता नदी के जल मार्ग को मोड़ने के उद्देश्य से दो नई नहरें बनाने का फैसला किया है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता सेहेली सबरीन ने पत्रकारों से कहा, हमें मौखिक संदेश पर अभी कोई जवाब नहीं मिला है। नई दिल्ली से जवाब मिलने के बाद ही हमारी भविष्य की कार्वाई पर फैसला लिया जाएगा। बांग्लादेश के विदेश कार्यालय ने कहा कि नई दिल्ली से जवाब मिलने के बाद ढाका इस मुद्दे को हल करने के लिए अपनी भविष्य की कार्वाई पर फैसला करेगा। सबरीन ने कहा कि ढाका बहु प्रतीक्षित तीस्ता जल-बंटवारे पर संधि पर हस्ताक्षर के लिए लंबे समय से भारत से बातचीत कर रहा है।

### संरा राहुल गांधी को सुनाई गई दो साल की सजा की खबरों से अवगतः संरा प्रमुख के उप-प्रवक्ता

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सुनाई गई दो साल की जेल की सजा संबंधी खबरों से और इस बात से अगवत है कि उनकी पार्टी इस निर्णय को चुनौती देने की योजना बना रही है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनिया गुतारेस के उप-प्रवक्ता ने यह बात कही। उप-प्रवक्ता फरहान हक से बृहस्पतिवार को संवाददाता सम्मेलन में पूछा गया था कि क्या गुतारेस भारत में लोकतंत्र को लेकर चिंतित हैं? हक ने कहा, मैं कह सकता हूं कि हमें राहुल गांधी के मामले से जुड़ी खबरों की जानकारी है। हम पता है कि उनकी पार्टी फैसले के खिलाफ अपील करने की योजना बना रही है। इस समय मैं इतना ही कह सकता हूं।

# विशेषज्ञों की सलाह की अनदेखी और अचानक कोविड पाबंदियां हटाना चीन को पड़ा भारी

**भाषा।** बीजिंग

**चीन ने जब** पिछले साल दिसंबर में अचानक अपनी जीरो कोविड नीति समाप्त की तब देश संक्रमण के मामलों में उछाल की रोकथाम के लिए तैयार नहीं था, लिहाजा उसे इसका खामियाजा भुगतना पड़ा। देखते ही देखते अस्पतालों में एंबुलेंस की कतारें लग गईं, दिन भर शवों का अंतिम संस्कार होने लगा और जगह की कमी के कारण लोग गोदामों में अपने प्रियजनों के शवों का निपटान करने लगे। चीन की सरकारी मीडिया ने दावा किया था कि यह फैसला वैज्ञानिक विश्लेषण और काफी विचार विमर्श के आधार पर लिया गया है और इसमें किसी भी तरह की जल्दबाजी नहीं की गई। हालांकि एसोसिएटेड प्रेस ने पाया कि वास्तविकता यह है कि चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने चरणबद्ध तरीके से पाबंदियां हटाने की देश के शीर्ष चिकित्सा विशेषज्ञों की योजना को ठंडे बस्ते में डाले रखा और जब उस योजना पर अमल शुरू किया तब तक काफी देर हो चुकी थी। चीन में सर्दी के दस्तक देने पर अचानक पाबंदियां हटाने का फैसला लिया गया जबकि उस समय वायरस काफी आसानी से फैलता है। एसोसिएटेड प्रेस को मिलीं आंतरिक रिपोर्ट, दिशानिर्देशों, विभिन्न दस्तावेज और साक्षात्कारों के अनुसार अनेक बुजुर्ग लोगों का टीकाकरण नहीं होने, एंटी वायरल दवाओं की कमी, अस्पतालों में पर्याप्त प्रबंध नहीं होने के कारण लाखों लोगों की मौत हुई।

# उत्तर कोरिया ने रेडियोधर्मी सुनामी लाने वाले हथियार के परीक्षण का दावा किया

**भाषा।** सियोल



**उत्तर कोरिया ने** बड़े पैमाने पर रेडियोधर्मी सुनामी उत्पन्न करने के लिए समुद्र में मार करने में सक्षम परमाणु संपन्न ड्रोन का परीक्षण करने का शुक्रवार को दावा किया। बहरहाल, विश्लेषकों को आशंका है कि यह हथियार कोई नया बड़ा खतरा हो सकता है लेकिन यह परीक्षण परमाणु धमकियां देने की उत्तर कोरिया की प्रतिबद्धता को दिखाता है। यह परीक्षण ऐसे समय में किया गया है जब अमेरिका कोरियाई प्रायद्वीप पर समुद्र में विमानवाहक स्ट्राइक ग्रुप और अन्य आधुनिक हथियार तैनात करने की कथित योजना बना रहा है। हाल फिलहाल में जिस तरीके से उत्तर कोरिया द्वारा हथियारों का परीक्षण किया जा रहा है और अमेरिका-दक्षिण कोरिया संयुक्त सैन्य अभ्यास की गति भी बढ़ गई है उसे देखते हुए सैन्य तनाव चरम पर है। प्योंगयांग की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने कहा कि तट से तैनात किया जाने वाला नया हथियार नौसैन्य स्ट्राइक ग्रुप और दुश्मन के प्रमुख संचालनात्मक बंदरगाहों को नष्ट करने के लिए समुद्र के भीतर विस्फोट करके बड़े पैमाने पर रेडियोधर्मी सुनामी लाने और समुद्र में छिपकर वार करने के लिए बनाया गया है। यह खबर तब आई है जब कुछ घंटे पहले दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति यून सुक यियोल ने उत्तर कोरिया द्वारा उसके बेतुके उकसावे की भरपाई करने का संकल्प जताया। समुद्र के भीतर परमाणु हमला करने में सक्षम ड्रोन का परीक्षण तीन दिवसीय अभ्यास का हिस्सा है जिसमें अज्ञात दक्षिण कोरियाई ठिकानों पर परमाणु हमला करने का अभ्यास किया गया।

### अमेरिका के मिनियापोलिस परमाणु संयंत्र में दूसरी बार रेडियोधर्मी पदार्थ युक्त पानी का रिसाव हुआ

**मोंटिसेलो ( अमेरिका )।** अमेरिका में मिनियापोलिस के पास एक परमाणु संयंत्र से रेडियोधर्मी पदार्थ युक्त पानी का दूसरी बार रिसाव हुआ है जिसके बाद संयंत्र को बंद कर दिया गया। संयंत्र के मालिक ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हालांकि रिसाव से आम लोगों को कोई खतरा नहीं है। एक्ससेल एनर्जी कंपनी ने बृहस्पतिवार को एक बयान में बताया कि इस सप्ताह मोंटिसेलो परमाणु बिजली घर में रेडियोधर्मी ट्रीटियम युक्त सैकड़ों लीटर पानी के रिसाव का पता लगा और उसे अस्थाई रूप से ठीक कर दिया गया। इसी संयंत्र में पिछले साल नवंबर महीने में 400,000 गैलन (15 लाख लीटर) पानी का रिसाव हुआ था। कंपनी ने बताया कि शुक्रवार को संयंत्र को पूरी तरह से बंद कर इसकी मरम्मत शुरू की जा सकती है। उन्होंने बताया कि इस बार रिसाव सैकड़ों गैलन में होने का अनुमान है।

# चंद्रमा पर इंसान की फिर होगी वापसी

**भाषा।** वाशिंगटन

## अमेरिका और चीन की स्थाई मानव केन्द्र स्थापित करने की योजना



**नासा अमेरिकी** अंतरिक्ष यात्रियों को 2024 के अंत तक चंद्रमा की सतह पर वापस भेजने की योजना बना रहा है। यह आने वाले दशकों में अंतरिक्ष के अन्वेषण की व्यापक योजना की शुरूआत भर होगी क्योंकि अमेरिका और चीन दोनों की चंद्रमा पर स्थाई मानव उपस्थिति स्थापित करने की योजना है।

आपका पहला सवाल हो सकता है: अभी क्यों? संक्षिप्त उत्तर चंद्रमा पर पानी की अपेक्षाकृत हाल की खोज है। लेकिन गहरा और शायद अधिक महत्वपूर्ण सवाल यह है कि प्रतिस्पर्धी अंतरिक्ष एजेंसियां पृथ्वी के उपग्रह पर सीमित संसाधनों को देखते हुए इस उपलब्धि को कैसे हासिल करेंगी। द कन्वरसेशन वीकली की इस कड़ी में, हम दो लोगों से चंद्रमा पर स्थाई मानव उपस्थिति के रास्ते में विभिन्न देशों के सामने आने वाली चुनौतियों पर बात करते हैं। इन लोगों में एक ग्रह वैज्ञानिक है जो चंद्रमा के भूविज्ञान का अध्ययन करते हैं, और एक अंतरिक्ष कानून के जानकार वकील जो अंतरिक्ष नीति और भू-राजनीति का अध्ययन करते हैं। जब अपोलो अंतरिक्ष यात्री 1960 के दशक के अंत और 1970 के दशक की शुरूआत में पहली बार चंद्रमा की चट्टानों को मिट्टी लाए थे, तो वैज्ञानिकों को नमूनों में पानी या किसी भी उपयोगी चीज का कोई संकेत नहीं मिलने से निराशा हुई। चाँद बंजर जगह लग रहा था। कुछ दशकों में इस दिशा में तेजी से प्रगति हुई और दो संयोगी घटनाओं ने चंद्रमा के भविष्य को बदल दिया - निजी अंतरिक्ष क्षेत्र में अचानक उछाल और चंद्रमा की सतह पर गड्ढों में जमे हुए पानी की खोज। अचानक, चंद्रमा पर एक आधार स्थापित करना न केवल वांछनीय था, बल्कि संभव भी था।

यदि आप मनुष्यों के साथ अंतरिक्ष की खोज करना चाहते हैं, तो पानी सबसे महत्वपूर्ण वस्तुओं में से एक बन जाता है, यूके में ओपन यूनिवर्सिटी में ग्रह विज्ञान और अन्वेषण के प्रोफेसर महेश आनंद बताते हैं, हमें जीवित रहने के लिए पानी की आवश्यकता है, लेकिन पानी इसके अलग-अलग घटकों में विभाजित हो सकता है, जैसे ऑक्सीजन, जिसकी हमें सांस लेने के लिए आवश्यकता होती है। लेकिन चंद्रमा पर कई अन्य संसाधन हैं, और जैसा कि आनंद बताते हैं, पानी वह जगह है जहां से कहानी शुरू होती है, लेकिन यह वहां खत्म नहीं होती है। आप जहां हैं, वहीं संसाधनों का उपयोग वास्तव में चंद्र अन्वेषण के क्षेत्र को खोल रहा है। यूएस आर्टेमिस कार्यक्रम, जिसने 2022 में अपना पहला लॉन्च किया था, चंद्रमा की सतह के साथ-साथ इसके चारों ओर कक्षा में एक अंतरिक्ष स्टेशन बनाने की योजना की शुरुआत है। इन चंद्र महत्वाकांक्षाओं में अमेरिका और उसके सहयोगी अकेले नहीं हैं - चीन की भी 2030 से पहले चंद्रमा पर स्थाई उपस्थिति स्थापित करने की योजना है। और दोनों समूह स्पष्ट रूप से इन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए चंद्र संसाधनों का उपयोग करने की योजना बना रहे हैं। यह सब कानूनी रूप से कैसे काम करता है यह एक खुला प्रश्न है जिस पर अभी संयुक्त राष्ट्र जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बहस हो रही है, लेकिन किताबों पर कुछ समझौते पहले से ही हैं। अंतरिक्ष के बारे में बिना किसी नियम के वाइल्ड वेस्ट के रूप में सोचना मजेदार है। लेकिन ऐसा नहीं है।

### अमेरिका में बाल यौन उत्पीड़न सामग्री वितरण के जुर्म में भारतीय को 15 साल की कैद

**वाशिंगटन।** अमेरिका के न्याय विभाग ने बताया कि क्रूज़ पोत पर काम करने वाले भारतीय मूल के 34 वर्षीय एक व्यक्ति को बाल यौन उत्पीड़न की सामग्री वितरित करने के जुर्म में संघीय जिला अदालत ने 15 साल जेल की सज़ा सुनाई है। विभाग ने बृहस्पतिवार को बताया कि गोवा के रहने वाले एंजेलो विक्टर फर्नांडीस ने 2022 में संदेश भेजने वाले एक ऐप से डेनियल स्कॉट क्रो को बच्चों से जुड़े 13 अश्लील वीडियो भेजे थे। फर्नांडीस ने बच्चों का यौन उत्पीड़न करने को लेकर क्रो से बातचीत भी की थी। संघीय अभियोजक ने आरोप लगाया कि इसके अलावा एक अज्ञात शख्स से बात करते हुए फर्नांडिस ने बच्चों के उत्पीड़न का जिक्र किया था। क्रो ने एक नाबालिग को फुसलाने और बाल अश्लील फिल्म बनाने का गुनाह स्वीकार किया था।

### सऊदी अरब और सीरिया के बीच राजनयिक रिश्तों को बहाल करने पर चर्चा जारी

बेरूत। सऊदी अरब सीरिया में अपने दूतावास को फिर से खोलने के लिए युद्धग्रस्त देश के साथ बातचीत कर रहा है और यदि ऐसा होता है तो दोनों देशों के बीच एक दशक बाद राजनयिक संबंध बहाल होंगे। सऊदी अरब के सरकारी अल-अखबारिया टीवी ने बृहस्पतिवार देर शाम अपने देश के विदेश मंत्रालय के एक अनाम अधिकारी के हवाले से खबर प्रसारित की और माना कि सऊदी अरब और दमिश्क के बीच बातचीत जारी है। चैनल के एंकर ने कहा कि राजनयिक सेवाओं के प्रावधानों को बहाल करने के लिए दोनों देशों के अधिकारियों के बीच वार्ता जारी है। वहीं अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल ने बाद में गुमनाम सऊदी और सीरियाई अधिकारियों के हवाले से कहा कि रूस की मध्यस्थता से दोनों देश एक दूसरे के यहां दूतावास फिर से खोलने पर बातचीत कर रहे हैं। सऊदी और सीरिया के अधिकारियों से टिप्पणी के लिए तत्काल संपर्क नहीं हो सका। गौरतलब है कि सऊदी अरब ने सीरियाई गृह युद्ध में सरकार विरोधी तत्वों का समर्थन किया था।

# राहुल मामले में ऊपरी अदालत का दरवाजा न खटखटाना कांग्रेस का आंतरिक साजिश

**नई दिल्ली।** भाजपा ने शुक्रवार को कहा कि सूरत की अदालत के फैसले के बाद राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त होनी तय थी, लेकिन इसके बावजूद कांग्रेस ने निचली अदालत के फैसले पर रोक के लिए ऊपरी अदालत का रुख क्यों नहीं किया, जबकि पवन खेड़ा के मामले में असम पुलिस द्वारा उन्हें गिरफ्तार किए जाने के कुछ ही घंटों के भीतर ऐसा किया गया था। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और अनुराग ठाकुर ने भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में यह सवाल भी उठाया कि राहुल गांधी को निपटाने के लिए कांग्रेस में सुनियोजित षड्यंत्र किसने रची, इसका पता लगाने के लिए पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष को इसकी जड़ तक जाना होगा। भाजपा नेताओं ने गांधी को दोषी ठहराने के अदालत के फैसले की आलोचना करने को लेकर भी कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि नेहरू-गांधी परिवार सामंती मानसिकता और अपने पास विशेषाधिकार होने की भावना से ग्रस्त है, क्योंकि इसके सदस्य अपने लिए अलग कानूनों और लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास करते हैं।



प्रधान ने कहा, कानून सभी के लिए बराबर है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी उपनाम वालों को चोर कहकर गांधी ने पिछड़ी जातियों को गाली देने का काम किया है। सजा के बाद सांसद के रूप में राहुल गांधी की छुट्टी होनी थी, यह स्पष्ट था। यह सुनियोजित षड्यंत्र, सोची समझी साजिश... कांग्रेस में किसने रची, राहुल जी आपको यह समझना पड़ेगा...इसकी जड़ तक जाना ही पड़ेगा। उन्होंने सवाल किया कि (कांग्रेस में) कौन हैं, जो उनसे छुटकारा पाना चाहते थे ?ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के पास तो कानून के जानकार वकीलों की फौज है, नामी गिरामी वकील हैं, जो लोकसभा में भी हैं और राज्यसभा में भी। उन्होंने पूछा, क्या एक भी सही राय देने वाला कांग्रेस में नहीं बचा या मिला अथवा उन्हें जानबूझकर गलत रास्ते पर डाला गया। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने पीएम के खिलाफ अपमानजक टिप्पणी के सिलसिले में पवन खेड़ा की गिरफ्तारी मामले का भी जिक्र किया और कहा कि इसी तरह राहुल गांधी के मामले में राहत के लिए अदालत जाने से कांग्रेस को किसने मना किया था। अपनी ही पार्टी का अध्यादेश फाड़कर फेंक दिया था और अपनी पार्टी को अपनी औकात दिखा दी थी कि कांग्रेस पार्टी की सोच को वह कुछ नहीं मानते। आज उसी पार्टी के अंदर किसने खेल खेल दिया, आज कांग्रेस नेता को पता नहीं चल पा रहा है। राहुल गांधी जी को निपटाने वाले कौन हैं? कांग्रेस के अंदर यह सोची समझी साजिश रचने वाले कौन हैं? अगर पवन खेड़ा के लिए चंद घंटों में वकील पहुंच सकते थे, तो श्रीमान् राहुल गांधी जी के लिए क्यों नहीं? एक बड़ा सवाल खड़ा होता है। पवन खेड़ा की गिरफ्तारी के खिलाफ कांग्रेस ने उच्चतम न्यायालय का का रुख किया था। कांग्रेस नेता और वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने शीर्ष अदालत में इस बारे में एक याचिका दाखिल की थी। कांग्रेस की याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने खेड़ा को अंतरिम जमानत दे दी थी। गांधी परिवार पर निशाना साधते हुए प्रधान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी चाहती है।

## पंजाब में फिरोजपुर-फाजिल्का मार्ग पर दो वाहनों की टक्कर, तीन शिक्षकों समेत चार लोगों की मौत

**फिरोजपुर (पंजाब)।** पंजाब में फिरोजपुर-फाजिल्का मार्ग पर शुक्रवार को दो वाहनों की टक्कर में तीन शिक्षकों समेत चार लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, खाई फेमे गांव के पास जलालाबाद की ओर से आ रहे एक बहुउपयोगी वाहन (एमयूवी) की बस से आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे के वक्त एमयूवी में कुल 14 लोग सवार थे। पुलिस के मुताबिक, इस टक्कर में एमयूवी के चालक अशोक, शिक्षक प्रिंस कंबोज (29), कंचन (38) और मनिंदर कौर की मौत हो गई। चारों लोग फाजिल्का जिले के रहने वाले थे। अशोक, प्रिंस और कंचन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल मनिंदर कौर ने बाद में दम तोड़ दिया।

# महागठबंधन के विधायकों ने विधानसभा परिसर में किया मार्च, जदयू ने बनाई दूरी

● राहुल मानहानि मामला

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जदयू) को छोड़कर सत्तारूढ़ महागठबंधन में शामिल अन्य घटकों के विधायकों ने शुक्रवार को गुजरात की एक अदालत द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मानहानि मामले में दोषी ठहराए जाने के विरोध में राज्य विधानसभा परिसर में मार्च किया। बिहार विधानसभा की आज की कार्यवाही शुरू होने के पूर्व राष्ट्रीय जनता दल (राजद), कांग्रेस, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी- मार्क्सवादी लेनिनवादी (भाकपा माले), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के विधायक अपने वाहनों से सबसे बाहरी गेट पर उतरे और हाथों में बैनर एवं तख्तियां लिए कुछ सौ मीटर दूर विधानसभा हॉल की ओर मार्च किया तथा मोदी हटाओ, देश बचाओ के नारे लगाए। विधानसभा की ओर मार्च करते हुए मांझी ने पत्रकारों से कहा, अदालत को अपने फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए। राहुल गांधी ने अपने तीखे बयानों से किसी का अपमान नहीं किया। मैं न्यायपालिका पर कोई आक्षेप नहीं करना चाहता लेकिन यह भी सच है कि लोग कब्रिस्तान खोदकर लाशों के बलात्कार की बात करने जैसे भयानक बयान देकर बच जाते हैं। बिहार विधानसभा के भीतर महागठबंधन के विधायकों ने नारे लगाते रहे जिसके बाद अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने भाकपा-माले के विधायक महबूब आलम से गठबंधन की ओर से बयान देने को कहा। हालांकि जैसे ही आलम ने मोदी हटाओ, देश बचाओ का नारा दोहराया, विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्य अपनी सीट से खड़े हो गए और अपना विरोध दर्ज कराया। अध्यक्ष ने इसी बीच मार्शलों से उन सदस्यों से बैनर, पोस्टर और प्लेकार्ड छीनने को कहा जो इन्हें सदन के अंदर लाए थे और प्रश्नकाल की कार्यवाही को आगे बढ़ाया। जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार से उनकी पार्टी के रुख के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह निष्कर्ष निकाला जाना गलत होगा कि हमारे विचार अलग-अलग हैं और इस संबंध में महागठबंधन में कोई समस्या है। मैं बिहार विधान परिषद का सदस्य हूं। मार्च विधानसभा के सदस्यों द्वारा आयोजित किया गया थाअ लेकिन यह निष्कर्ष निकालना बेतुका होगा कि इसका हमारे सर्वोच्च नेता नीतीश कुमार की कथित प्रधानमंत्री पद की महत्वाकांक्षाओं से इसका कोई लेना-देना है।

# केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह पहुंचे छत्तीसगढ़ सीआरपीएफ के कार्यक्रम में होंगे शामिल

**जगदलपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 84वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र में पहली बार सीआरपीएफ का वार्षिक उत्सव आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम सीआरपीएफ कोबरा की 201वीं बटालियन के करनपुर शिविर में शनिवार सुबह आठ बजे आयोजित होगा। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यहां बताया कि शाह शाम पांच बजे के बाद एक विशेष विमान से जगदलपुर विमानतल पर उतरे और हेलीकॉप्टर से यहां से करीब 20 किलोमीटर दूर करनपुर शिविर के लिए रवाना हो गए। राज्य के पूर्व मंत्री केदार कश्यप समेत बस्तर के भाजपा नेताओं और अर्धसैनिक बलों और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने केंद्रीय मंत्री की अगवानी की। शाह शिविर में अर्धसैनिक बलों और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। शनिवार की सुबह वह वहां सीआरपीएफ के 84वें स्थापना दिवस में शामिल होंगे और फिर पड़ोसी सुकमा जिले के पोटकपल्ली गांव में एक सुरक्षा शिविर का दौरा करेंगे।अधिकारियों ने बताया कि शाह के दौरे के मद्देनजर बस्तर क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।सीआरपीएफ देश का सबसे बड़ा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल है। इसमें लगभग 3.25 लाख कर्मी कार्यरत हैं। यह बल वामपंथी उग्रवाद, पूर्वोत्तर में उग्रवाद विरोधी अभियानों और जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद विरोधी अभियान में शामिल है। बस्तर संभाग में सात जिले बस्तर, कांकेर, कोंडागांव, सुकमा, दंतेवाड़ा, नारायणपुर और बीजापुर हैं। यहां पिछले तीन दशक से माओवादी समस्या है। सीआरपीएफ को दक्षिण बस्तर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर तैनात किया गया है, सुकमा, दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले शामिल हैं। यहां सीआरपीएफ के नेतृत्व में सुरक्षा बलों ने माओवादी के खिलाफ कार्वाई की और यहां पर सुरक्षा बलों पर भी कई बड़े हमले हुए हैं। इससे पहले दिन में संवाददाताओं से बात करते हुए सीआरपीएफ के महानिदेशक डॉ. सुजॉय लाल थाउसेन ने दावा किया कि नक्सलवाद धीरे-धीरे अपनी जमीन खो रहा है और बहुत जल्द सुरक्षा बल निर्णायक स्थिति में होंगे। माओवादियों से निपटने के लिए छत्तीसगढ़ में तैनात सीआरपीएफ की बटालियनें माओवादी घटनाओं में उल्लेखनीय कमी लाने में सफ्ल रही हैं। अधिकारी ने कहा कि क्षेत्र में नागरिकों या अधिकारियों की हत्याओं में कमी आई है। आगे कहा कि सीआरपीएफ का काम युद्ध मोर्चों पर तैनात होने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक बेहतरी की दिशा में काम करना भी है। महानिदेशक ने कहा, हमें सामाजिक बुराइयों के खिलाफ भी काम करना है, सुरक्षा प्रदान करना है और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है।



कर्नाटक में गृहमंत्री को स्मृति चिन्ह देते कर्नाटक बीजेपी के नेता

## क्विक न्यूज

### बागेश्वर धाम के प्रमुख धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के खिलाफ उदयपुर में कथित भड़काऊ भाषण देने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज

**उदयपुर।** बागेश्वर धाम के प्रमुख धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के खिलाफ राजस्थान के उदयपुर में उनके द्वारा कथित तौर पर भड़काऊभाषण देने और भावनाओं को आहत करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। उदयपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रशील ठाकुर ने बताया कि उदयपुर के गांधी मैदान में बृहस्पतिवार को आयोजित एक धर्म सभा कार्यक्रम के दौरान उनके कथित भड़काऊभाषण को लेकर हाथीपोल थाने में मामला दर्ज किया गया है। कार्यक्रम में शास्त्री ने कथित तौर पर कहा था,कुंभलगढ़ में 100 हरे झंडे हैं, जिन्हें भगवा से बदला जाना है। यह भगवा का देश है न कि हरा का। उदयपुर पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए धर्म के आधार पर द्वेष को बढ़ावा देने आरोप में शास्त्री के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 153-ए के तहत मामला दर्ज किया। इस बीच, उदयपुर के केलवाड़ा इलाके में पांच लोगों को उस समय गिरफ्तार किया गया जब उन्होंने कुंभलगढ़ में एक धार्मिक स्थान पर झंडे हटाने और उनकी जगह भगवा झंडे लगाने की कोशिश की।

### शिक्षा विभाग बंगाल में वाम मोर्चा शासन के दौरान हुई भर्ती में विसंगतियों के सबूत जुटा रहा हैः मंत्री

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु ने शुक्रवार को कहा कि वाम मोर्चे के शासन के दौरान एक कॉलेज में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नेता के रिश्तेदार की नियुक्ति के संबंध में उनके विभाग को कुछ विसंगतियां मिली है, जिसके बाद विभाग सरकारी विद्यालयों और महाविद्यालयों में इस तरह के और भी मामलों के खिलाफ सबूत इकट्ठा करने की तैयारी में है। बसु ने एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी-नीत सरकार के 12 वर्षों के शासन के दौरान ऐसा नही किया गया था, लेकिन चूंकि पूरे तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है, इसलिए अब समय आ गया है कि इन मामलों को उजागर किया जाए। उन्होंने कहा, मैं 1987 मे एक माकपा नेता की पत्नी की हुई नियुक्ति की विसंगतियो और संबंधित सबूतों का ब्योरा मुख्यमंत्री को सौपूंगा।

### सीबीआई ने राजकोट में विदेश व्यापार संयुक्त महानिदेशक को रिश्वत मामले में गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** वर्तमान में राजकोट में नियुक्त विदेश व्यापार संयुक्त महानिदेशक जवरी मल बिश्नोई को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पांच लाख रुपए रिश्वत लेने के आरोप में शुक्रवार को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बिश्नोई ने एक कारोबारी को फूड कैन आयात करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी करने के बदले कथित रूप से नौ लाख रुपए मांगे थे जिससे उन्हें 50 लाख रुपए की बैंक गारंटी वापस लेने की अनुमति मिली थी।

### दूध की गुणवत्ता की जानकारी देगा एनालाइजर

**अहमदाबाद।** डेयरी टेकनोलाजी सोलुशन के अग्रणी प्रदाता एवरेस्ट इंस्ट्रूमेंट्स ने अपना नवीन उत्पाद फैटस्कैन मिल्क एनालाइजर लॉन्च किया। फैटस्कैन मिल्क एनालाइजर दूध की गुणवत्ता का सटीक और कुशल विश्लेषण प्रदान करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग करता है। यह लागत प्रभावी उपकरण 30 सेकंड से भी कम समय में फैट, अतिरिक्त पानी, घनत्वए प्रोटीन और लैक्टोज के प्रतिशत को माप सकता है।फैटस्कैन मिल्क एनालाइजर को नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के अध्यक्ष मीनेश शाह इंडियन डेयरी एसोसिएशन के अध्यक्ष आरएसण् सोढ़ी अमूल डेयरी के अमित व्यास, इंटरनेशनल डेयरी फेडरेशन के अध्यक्ष पियरक्रिस्टियानो ब्राजालेए प्रतिष्ठित टेक्नोक्रेट्स सदस्यों और डेयरी उद्योग के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में लॉन्च किया गया।

### साझे की सवारी से होगा लाभ

**नई दिल्ली।** अब लोग साझे के साथ सवारी करके अपना पैसा बचा सकते हैं। दुनिया भर में दो बिलियन से अधिक राइड पूरी होने के साथ अंतरराष्ट्रीय राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म इनड्राइव यात्रियों और ड्राइवरों को आपस में उचित किराए पर बातचीत करने की अनुमति देकर उत्तर प्रदेश में राइड-शेयरिंगमें क्रांतिकारी परिवर्तन ला रहा है। इनड्राइव ने 2019 में लखनऊ में अपनी सेवाएं शुरू की और तब से ग्राहकों को अपनी इंट्रासिटी और इनड्राइव सिटी टू सिटी राइड के लिए मूल्य निर्धारित करने की स्वतंत्रता दे रहा है। इनड्राइव के राइड-हेलिंग (एपीएसी) डायरेक्टर रोमन एर्मोशिन ने कहा हमने शहर में सभी लोगों के लिए आवागमन को अधिक सुलभ बनाने के इनड्राइव लॉन्च किया, क्योंकि हम मानते हैं कि सभी को सुलभ और सस्ती सेवाएं प्राप्त करने का अधिकार है। हम 2023 में अपने इसी लक्ष्य को पूरा करने के लिए कार्यरत रहेंगे और लखनऊ के साथ ही उत्तर प्रदेश के अन्य शहरों में अपनी सेवाओं का विस्तार करने के लिए तैयार हैं।

# अमृतपाल ने अपने भाषणों के जरिए सिखों को भड़काने की कोशिश की : अधिकारी

**भाषा।** चंडीगढ़

**खालिस्तान** समर्थक अमृतपाल सिंह अपने और समर्थकों के खिलाफ पंजाब पुलिस की बड़ी कार्वाई शुरू किए जाने से पूर्व 10 दिन में पांच कार्यक्रमों में शामिल हुआ और इनमें उसने सिखों को कट्टरपंथी बनाने की कोशिश की तथा 800-1000 लोगों को कुर्बानी देने के लिए तैयार रहने को कहा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने दावा किया कि कट्टरपंथी उपदेशक की भड़काऊगतिविधियों ने समाज के ताने-बाने को कमजोर करने के उसके सुनियोजित प्रयासों को प्रदर्शित किया। अधिकारियों ने कहा कि अमृतपाल ने अपने भाषणों और धर्मोपदेशों के दौरान आरोप लगाया कि सरकार सिखों को उनके हथियारों के लाइसेंस को रद्द कर निहत्था करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। पिछले साल वारिस पंजाब दे के संस्थापक अभिनेता-कार्यकर्ता दीप सिद्धू की मृत्यु के बाद अमृतपाल संगठन का प्रमुख बना था। राज्य में 18 मार्च को पुलिस द्वारा अमृतपाल के खिलाफ बड़ी कार्वाई शुरू करने और उसके कई समर्थकों को गिरफ्तार किए जाने के बाद से उपदेशक फरार है। उपदेशक और उसके समर्थकों द्वारा गिरफ्तार एक सहयोगी की रिहाई के लिए 23 फरवरी को अमृतसर के पास अजनाला थाना पर धावा बोलने के कुछ हफ्तों बाद यह कार्वाई शुरू की गई। अजनाला प्रकरण से पाकिस्तान की सीमा से लगे पंजाब में खालिस्तानी उग्रवाद की वापसी की आशंका जताई गई। अधिकारियों ने कहा कि उपदेशक ने कथित तौर पर पंजाब की आने वाली पीढ़ियों के लिए खालसा शासन हासिल करने को लेकर युवाओं को एकजुट होने के लिए उकसाया। उन्होंने कहा कि अजनाला की घटना ने राज्य में खालिस्तानी उग्रवाद के फिर से जड़ें जमाने की आशंकाओं को जगा दिया। अमृतपाल सिंह का इरादा पंजाब के शांतिपूर्ण माहौल को खराब करना था और यह बरिंदर सिंह के अपहरण और हमले से स्पष्ट है। बरिंदर सिंह ने अपनी शिकायत में पुलिस से कहा था कि अमृतपाल के सहयोगियों ने अजनाला से उनका अपहरण कर लिया था और अज्ञात जगह ले जाकर उनसे मारपीट की गई। दुबई में रह चुके अमृतपाल के समर्थकों ने आरोपी तूफान सिंह की रिहाई के लिए थाने पर धावा बोला था। अधिकारियों के अनुसार, अजनाला की घटना के दौरान, उसने खुले तौर पर अधिकारियों को चुनौती दी। घटना में कुछ पुलिसकर्मी भी घायल हुए थे। अधिकारियों ने कहा कि कि अमृतपाल ने अन्य धर्मों को निशाना बनाने वाले भड़काऊ भाषण देकर सांप्रदायिक तनाव फैलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि अमृतपाल ने हिंसा और हथियार की संस्कृति को भी बढ़ावा दिया, तथा अपने घातक एजेंडे के लिए युवाओं का शोषण किया एवं अपना निजी मिलिशिया आनंदपुर खालसा फौज बनाया। इससे पहले, अधिकारियों ने कहा था कि भगोड़ा उपदेशक नशा करने वालों और असंतुष्ट पूर्व सैनिकों का गिरोह बनाना चाहता था, जिसे आसानी से आतंकवादी संगठन में बदला जा सकता था। अधिकारियों ने जोर दिया कि अगर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत कार्वाई नहीं की गई होती, तो वारिस पंजाब दे के सदस्य बच जाते।

# अगर राहुल माफी मांग लेते तो अयोग्य घोषित किए जाने की नौबत नहीं आतीः आठवले

**भाषा।** जम्मू

**केंद्रीय मंत्री** रामदास आठवले ने शुक्रवार को दावा किया कि राहुल गांधी लोकसभा से अयोग्य घोषित नहीं किए जाते अगर वह भारतीय लोकतंत्र के बारे में अपनी कथित आलोचनात्मक टिप्पणी के लिए माफी मांग लेते। आठवले ने यहां पत्रकारों से कहा कि गांधी कांग्रेस के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। उन्हें यह पता होना चाहिए कि उन्हें विदेश यात्रा के दौरान देश के खिलाफ नहीं बोलना चाहिए। उन्होंने कहा, अगर राहुल गांधी ने माफी मांग ली होती तो उनके अयोग्य घोषित किए जाने की नौबत नहीं आती। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री ने यह भी कहा कि गांधी ने यह कहकर कि आखिर सारे चोरों का उपनाम मोदी कैसे है , लोगों के एक बड़े समूह को अपमानित किया था।

उन्होंने कहा, ऐसे में किसी ने अदालत का रुख किया, जिसने उन्हें (गांधी को) दो साल की सजा सुनाई। आठवले ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने गांधी की टिप्पणी का विरोध किया था लेकिन राहुल गांधी पर इसका कोई असर नहीं हुआ था। सूरत की एक अदालत ने 2019 के मानहानि के मामले में कांग्रेस नेता को दोषी ठहराया और उन्हें दो साल जेल की सजा सुनाई। गांधी को जमानत दे दी गई और उन्हें इस फैसले के खिलाफ ऊपरी अदालत में अपील के लिए 30 दिन का समय दिया गया है। कांग्रेस ने कहा है कि वह मामले में कानूनी और राजनीतिक लड़ाई लड़ेगी।

## राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त करके भाजपा ये न समझे कि जनता की आवाज़ उठाने से उनको रोक देगी : पायलट

**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त करके भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ए न समझे कि जनता की आवाज उठाने से उनको रोक देगी। पायलट ने ट्वीट किया, भारतीय लोकतंत्र के लिए आज शर्मनाक दिन है। राहुल गांधी जी की सदस्यता समाप्त करके भाजपा ए न समझे कि जनता की आवाज़ उठाने से उनको रोक देगी। उन्होंने कहा, हम जनता के लिए, सच के लिए आवाज उठाते रहेंगे।

# मदरसों के आधुनिकीकरण के लिए विशेष कोष मांगने के संकल्प को राज्यसभा ने अस्वीकार किया

**नई दिल्ली।** राज्यसभा ने शुक्रवार को एक निजी संकल्प को अस्वीकार कर दिया, जिसमें मुसलमानों खासकर महिलाओं की शैक्षणिक एवं सामाजिक पिछड़ेपन को ध्यान में रखते हुए मदरसों के अधुनिकीकरण के लिए विशेष कोष सृजित करने की मांग की गई थी। अल्पसंख्यक कार्य मंत्री स्मृति ईरानी ने शुक्रवार को राज्यसभा में एक निजी संकल्प का विरोध करते हुए कहा कि देश में धर्म के आधार पर लोगों के बीच विभाजन नहीं होना चाहिए और मौजूदा सरकार सभी तबकों को साथ लेकर न्यू इंडिया की दिशा में काम कर रही है, जो समावेशी और समता पर आधारित है। स्मृति ईरानी उच्च सदन में इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के अब्दुल वहाब के एक निजी संकल्प पर हुई चर्चा में हस्तक्षेप कर रही थीं। वहाब द्वारा लाया गया संकल्प सच्चर समिति की रिपोर्ट के क्रियान्वयन से संबंधित था। वहाब ने इस संकल्प के जरिए मुसलमानों की स्थिति में सुधार के लिए सरकार से विभिन्न कदम उठाने का आग्रह किया था। स्मृति ईरानी ने इस संकल्प का विरोध करते हुए कहा कि इसमें नागरिकों और संविधान पर आक्षेप का प्रयास किया गया है। उन्होंने समाज के सभी तबकों के समावेश पर बल देते हुए कहा कि यह सरकार तीन दशकों के बाद नई शिक्षा नीति लेकर आई है, जिसे गहन विचार-विमर्श के बाद तैयार किया गया है। नई शिक्षा नीति को समावेशी बताते हुए कहा कि अंतिम रूप देने से पहले विभिन्न स्तरों पर एवं विभिन्न पक्षों के साथ गहन विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार ने लोगों के कौशल विकास को संस्थागत रूप दिया है और न्यू इंडिया के निर्माण की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि न्यू इंडिया को धर्म के आधार पर नहीं तोड़ना चाहिए। इससे पहले, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्य अजय प्रताप सिंह ने भी वहाब के संकल्प का विरोध किया और कहा कि सच्चर समिति के गठन को अदालत में चुनौती दी गई है। ऐसे में उस समिति की रिपोर्ट मानने योग्य नहीं है। संकल्प पर चर्चा 10 फरवरी को शुरु हुई थी। ईरानी के संबोधन के बाद सभापति जगदीप धनखड़ ने चर्चा का जबाव देने के लिए अब्दुल वहाब का नाम पुकारा, लेकिन उस समय वहाब सहित विभिन्न विपक्षी दलों के सदस्य सदन में उपस्थित नहीं थे। बाद में उच्च सदन ने ध्वनि मत से वहाब के संकल्प को नामंजूर कर दिया। इसके बाद सभापति ने अपने निजी संकल्प पेश करने के लिए कांग्रेस सदस्यों शक्ति सिंह गोहिल व विवेक तन्खा, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के ए ए रहीम और वी शिवदासन तथा भाजपा के सुशील कुमार मोदी के नाम पुकारे, लेकिन ए सभी सदस्य सदन में मौजूद नहीं थे, जिसके कारण उनके संकल्प पेश नहीं हो सके। इस वजह से सदन की कार्यवाही निर्धारित समय से पहले ही अपराह्न करीब तीन बजकर 50 मिनट पर दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई।

# राहुल से पहले भी कई लोगों को दोषी ठहराए जाने के बाद अयोग्य करार दिया जा चुका है

**नई दिल्ली।** आपराधिक मानहानि के एक मामले में सूरत की एक अदालत द्वारा दोषी ठहराए जाने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता के लिए अयोग्य करार दिया गया है और उनका नाम इस तरह की कार्रवाई का सामना कर चुके जनप्रतिनिधियों की सूची में शामिल हो गया है। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के अनुसार, यदि किसी जनप्रतिनिधि को किसी मामले में दो साल या उससे अधिक कारावास की सजा सुनाई जाती है, तो वह दोषी करार दिए जाने की तारीख से सदन की सदस्यता से अयोग्य हो जाएगा और सजा की अवधि पूरी करने के बाद छह और साल के लिए अयोग्य रहेगा। यहां कुछ जनप्रतिनिधियों की सूची है, जिन्हें आपराधिक मामलों में दोषी ठहराए जाने एवं सजा सुनाए जाने के बाद संसद और विधानसभाओं की सदस्यता छोड़नी पड़ी।

लालू प्रसाद: राजद के अध्यक्ष को सितंबर 2013 में चारा घोटाला के एक मामले में दोषी करार दिए जाने के बाद लोकसभा की सदस्यता के लिए अयोग्य घोषित किया गया था। उस समय वह बिहार के सारण से सांसद थे।

रशीद मसूद : कांग्रेस के उप्र से रास सांसद मसूद को सितंबर 2013 में एमबीबीएस सीट घोटाला मामले में चार वर्ष कारावास की सजा सुनाए जाने के मद्देनजर उच्च सदन की सदस्यता के लिए अयोग्य ठहराया गया था।

जे. जयललिता: अन्नाद्रमुक की तत्कालीन प्रमुख जयललिता को आय से अधिक संपत्ति रखने के मामले में चार साल के कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद सितंबर 2014 में तमिलनाडु विधानसभा की सदस्यता के लिए अयोग्य करार दिया गया था।

पीपी मोहम्मद फैजल: लक्षद्वीप से राकांपा के सांसद पीपी मोहम्मद फैजल को जनवरी 2023 में हत्या के प्रयास के एक मामले में 10 साल के कारावास की सजा सुनाई गई थी, जिसके बाद वह स्वत: ही संसद सदस्यता के लिए अयोग्य हो गए। हालांकि, केरल उच्च न्यायालय ने बाद में फैजल की दोषसिद्धि और सजा को निलंबित कर दिया। सांसद के अनुसार लोकसभा सचिवालय ने अब तक उनकी अयोग्यता को वापस लेने के संबंध में अधिसूचना जारी नहीं की है।

आजम खां: सपा के नेता आजम खां को 2019 के नफरत भरे भाषण के एक मामले में एक अदालत ने तीन साल कैद की सजा सुनाई थी, जिसके बाद उन्हें अक्टूबर 2022 में उत्तर प्रदेश विधानसभा के लिए अयोग्य करार दिया गया था। वह रामपुर सदर विधानसभा का प्रतिनिधित्व कर रहे थे।

अनिल कुमार सहनी: राजद विधायक सहनी को धोखाधड़ी के एक मामले में तीन साल कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद अक्टूबर 2022 में बिहार विधानसभा की सदस्यता के लिए अयोग्य घोषित किया गया था।

विक्रम सिंह सैनी: भाजपा विधायक सैनी को उत्तर प्रदेश विधानसभा के लिए अक्टूबर 2022 में अयोग्य करार दिया गया था। उन्हें 2013 के मुजफ्फरनगर दंगों के एक मामले में दो साल के कारावास की सजा सुनाई गई थी। सैनी खतौली सीट से विधायक थे।

प्रदीप चौधरी: कांग्रेस विधायक चौधरी को जनवरी 2021 में हरियाणा विधानसभा के लिए अयोग्य करार दिया गया था। उन्हें हमले के एक मामले में तीन साल जेल की सजा सुनाई गई थी। वह कालका से विधायक थे।

कुलदीप सिंह सेंगर: सेंगर को बलात्कार के एक मामले में दोषी करार दिए जाने के बाद फरवरी 2020 में उत्तर प्रदेश विधानसभा की सदस्यता खोनी पड़ी थी।

अब्दुल्ला आजम खां: सपा विधायक अब्दुल्ला आजम खां को फरवरी 2023 में उप्र विस के लिए अयोग्य करार दिया गया था। कुछ दिन पहले ही एक अदालत ने 15 साल पुराने एक मामले में उन्हें दो साल कारावास की सजा सुनाई थी। अब्दुल्ला रामपुर की स्वार विधानसभा से सदस्य थे।

अनंत सिंह: राजद विधायक अनंत सिंह की विधानसभा सदस्यता जुलाई 2022 में चली गई थी। उन्हें उनके आवास से हथियार और गोला-बारूद जब्त होने से जुड़े मामले में दोषी करार दिया गया था। सिंह पटना जिले की मोकामा सीट से विधायक थे।

जगदीश शर्मा : बिहार के जहानाबाद सीट से जद(यू) के लोकसभा सांसद शर्मा को चारा घोटाला मामले में सितंबर 2013 में चार वर्ष कारावास की सजा सुनाई गई थी और इसके बाद उन्हें लोकसभा की सदस्यता के अयोग्य करार दिया गया था।

आशा रानी : भाजपा विधायक आशा रानी को मप्र के बैजावर विस सीट की सदस्यता के लिए अयोग्य करार दिया गया था। उन्हें घरेलू सहायिका (मेड) को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में दोषी करार दिया गया था।

एनोस एक्का: झारखंड के कोलेबिरा सीट से झारखंड पार्टी के विधायक एक्का के 2014 में सजा सुनाई गई थी, जिसके बाद उन्हें विस की सदस्यता के अयोग्य ठहराया गया था।

बबनराव घोलप : महाराष्ट्र के देवलाली से शिवसेना विधायक घोलप को आय के ज्ञात स्रोत से अधिक सम्पत्ति मामले में मार्च 2014 में तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाए जाने के मद्देनजर विधानसभा की सदस्यता से हाथ धोना पड़ा था।

# यूपी वारियर्स को हराकर मुंबई इंडियंस फाइनल में

## वोंग ने लगाई डब्ल्यूपीएल की पहली हैट्रिक

भाषा। नवी मुंबई



**मुंबई इंडियंस ने** नैटली सिवर ब्रंट (नाबाद 72 रन) की शानदार बल्लेबाजी के बाद तेज गेंदबाज इस्सी वोंग (15 रन देकर चार विकेट) की शुरूआती महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की पहली हैट्रिक से शुक्रवार को यहां एलिमिनेटर में यूपी वारियर्स को 72 रन से हराकर टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया जिसमें उसका सामना दिल्ली कैपिटल्स से होगा। मुंबई इंडियंस ने सिवर ब्रंट की नौ चौके और दो छक्के जड़ति अर्धशतकीय पारी से बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद चार विकेट पर 182 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। इस लक्ष्य के जवाब में यूपी वारियर्स की टीम 17.4 ओवर में 110 रन पर सिमट गई। टीम को क्षेत्ररक्षण और बल्लेबाजों के शॉट चयन में खराब प्रदर्शन का खामियाजा भुगतना पड़ा। उसके लिए किरण नवगिरे ही मुंबई इंडियंस की गेंदबाजों का डटकर सामना कर पाईं। उन्होंने 27 गेंद में चार चौके और तीन छक्के से 43 रन की तेज तार पारी खेली। लेकिन कोई अन्य बल्लेबाज 20 रन से ज्यादा का स्कोर नहीं बना सकी। मुंबई इंडियंस के लिए वोंग ने अपने तीसरे और टीम के 13वें ओवर में लगातार तीन गेंद पर नवगिरे, सिमरन शेख और सोफी एक्लेस्टन के विकेट झटककर टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक लेकर इतिहास रच दिया। उनके अलावा साइका इशाक ने 24 रन देकर दो विकेट हासिल किए जबकि सिवर ब्रंट, हेली मैथ्यूज और जिंतिमणी कलिता को एक एक विकेट मिला। इससे पहले सिवर ब्रंट ने अपनी 38 गेंद की पारी के दौरान मिले जीवनदान का पूरा फायदा उठाया। वह जब छह रन पर थीं तो राजेश्वरी गायकवाड़ की गेंद पर एक्लेस्टन (39 रन देकर दो विकेट) मिड ऑफ पर उनका कैच टपका दिया था। यूपी वारियर्स की टीम अपनी स्पिन गेंदबाजों की बदौलत डीवाई पाटिल स्टेडियम में पहले 10 ओवर तक नियंत्रण में दिख रही थी जिससे सिवर ब्रंट के अलावा मुंबई की कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सकीं। दाएं हाथ की बल्लेबाज सिवर ब्रंट एक छोर पर डटी रहीं, उन्होंने पारी के अंत में अमेलिया केर (19 गेंद में पांच चौके से 29 रन) के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 60 रन जोड़कर पारी बढ़ाने में मदद की। मुंबई इंडियंस ने पांच से 15 ओवर तक 78 और फिर अंतिम पांच ओवर में 66 रन जोड़कर चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। यास्तिका भाटिया (21), हेली मैथ्यूज (26) और हरमनप्रीत कौर (14) जैसी खिलाड़ी शुरूआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सकीं जिससे यूपी वारियर्स ने दबदबा बनाया। भाटिया ने मैच की पहली गेंद पर चौका जड़ा, वह अच्छी फॉर्म में दिख रही थीं लेकिन अंजलि सरवनी (17 रन देकर एक विकेट) ने पांचवें ओवर में उन्हें आउट किया। मुंबई की विकेटकीपर बल्लेबाज ने मैथ्यूज के साथ पहले विकेट के लिए 31 रन जोड़े। मैथ्यूज ने मैच का पहला छक्का ग्रेस हैरिस की गेंद को डीप स्क्वायर लेग में पहुंचाकर लगाया। पावरप्ले में मुंबई इंडियंस ने एक विकेट पर 46 रन बना लिए थे। मैथ्यूज और सिवर ब्रंट पारी आगे बढ़ा रही थीं। यूपी वारियर्स की उप कप्तान दीप्ति शर्मा ने नौंवे ओवर में यह भागीदारी तोड़ ही दी थी जब सरवनी ने डीप स्क्वायर लेग में एक नीचा कैच लपक लिया था लेकिन तीसरे अंपायर ने मैथ्यूज के पक्ष में फैसला दिया क्योंकि रिप्ले में लग रहा था कि गेंद ने मैदान को छू लिया था। पर यूपी वारियर्स को दूसरे विकेट के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ा और 16 साल की पार्श्वी चोपड़ा ने मैथ्यूज (26 गेंद, दो चौके, एक छक्का) को 10वें ओवर में अपनी पहली ही गेंद पर लांग ऑन में कैच आउट कराया। सिवर ब्रंट ने प्रतिद्वंद्वी टीम पर आक्रमण तेज करते हुए 12वें ओवर में चोपड़ा पर दो चौके और एक छक्का जड़ा। मुंबई ने अगले ओवर में अपने 100 रन पूरे किए और कप्तान हरमनप्रीत (14 रन) का विकेट गंवा दिया। एक्लेस्टन ने उन्हें बोल्ड किया। यूपी वारियर्स पर लक्ष्य का दबाव शुरू से ही दिखा और उसकी शुरूआत अच्छी नहीं रही। टीम ने 21 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे। श्वेता सेहरावत आउट होने वाली पहली खिलाड़ी रहीं। कप्तान एलिसा हीली छह गेंद ही खेल पाई थीं कि वोंग की गेंद पर हरमनप्रीत को कैच दे बैठी। तहलिया मैकग्रा (07) का रन आउट होना टीम के लिए काफी निराशाजनक रहा।

**मुंबई इंडियंस** : भाटिया का नवगिरे बो अंजलि सरवनी 21, मैथ्यूज का नवगिरे बो पार्श्वी 26, सिवर ब्रंट नाबाद 72, कौर बो एक्लेस्टन 14, केर का अंजलि सरवनी बो एक्लेस्टन 29, वस्त्राकर नाबाद 11, **अतिरिक्त** : 09, **कुल योग** : 20 ओवर में चार विकेट पर 182 रन, **विकेट पतन** : I-31, 2-69, 3-104, 4-164, गेंदबाजी : हैरिस 3-0-20-0, अंजलि 3-0-17-I, गायकवाड़ 4-0-36-0, एक्लेस्टन 4-0-39-2, शर्मा 4-0-39-0, चोपड़ा 2-0-25-I

**यूपी वारियर्स** : हीली का हरमनप्रीत बो वोंग 11, सेहरावत का मैथ्यूज बो इशाक 01, मैकग्रा रन आउट 07, नवगिरे का सिवर ब्रंट बो वोंग 43, हैरिस का वोंग बो सिवर ब्रंट 14, शर्मा का कलिता बो मैथ्यूज 16, शेख बो वोंग 00, एक्लेस्टन बो वोंग 00, सरवनी बो कलिता 05, गायकवाड़ पगबाधा बो इशाक 05, चोपड़ा नाबाद 00, **अतिरिक्त** : 08, **कुल योग** : 17.4 ओवर में 110 रन पर सभी आउट, विकेट पतन : I-8, 2-12, 3-21, 4-56, 5-84, 6-84, 7-84, 8-94, 9-104, गेंदबाजी : सिवर ब्रंट 3-0-21-I, इशाक 2.4-I-24-2, वोंग 4-0-15-4, केर 3-0-25-0, मैथ्यूज 3-0-21-I, कौर I-0-2-0, कलिता I-0-2-I

# पंत की जगह नहीं भरी जा सकती, वॉर्नर करेंगे पारी का आगाज : पोंटिंग

भाषा। नई दिल्ली



**दिल्ली** कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने शुक्रवार को यहां कहा कि चोटिल ऋषभ पंत की जगह को नहीं भरा जा सकता है और कोई भी ऐसा खिलाड़ी नहीं है जो उनके जैसा प्रभाव छोड़ सके। पिछले साल दिसंबर में कार दुर्घटना में घायल होने वाले पंत अनिश्चित काल के लिए बाहर हैं और पोंटिंग चाहते हैं कि उनका यह पसंदीदा खिलाड़ी घरेलू मैचों के दौरान दिल्ली कैपिटल्स के डग आउट में मौजूद रहे। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने यहां मीडियाकर्मियों से कहा, पंत का बाहर होना बहुत बड़ा झटका है और यह मायने नहीं रखता कि हमने उनकी जगह किसे रखा है क्योंकि हमें तब भी ऋषभ की कमी खलेगी। मैं कोई मजाक नहीं कर रहा हूं या इस तथ्य को नहीं छुपा रहा हूं कि वह खेल के तीनों प्रारूपों में विश्व के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक है। उन्होंने कहा, वह (पंत) टेस्ट बल्लेबाजों में विश्व रैंकिंग में चोटी के पांच बल्लेबाजों में शामिल है तथा हमारा कप्तान मध्यक्रम में हमारा चौथे नंबर का बल्लेबाज है। वह हमारे लिए फिनिशर है और उनकी जगह भरना असंभव है। मुंबई के युवा ऑलराउंडर अमन हाकिम खान ने हालांकि पोंटिंग का ध्यान खींचा है और फिरोज शाह कोटला में दो अभ्यास सत्र के बाद वह उनसे काफी प्रभावित लगते हैं। अमन खान वह खिलाड़ी है जिसने हमें काफी प्रभावित किया है और हमने उसे पाने के लिए शार्दुल ठाकुर को केकेआर (कोलकाता नाइट राइडर्स) को दिया।

### मेरा काम भारत के युवा खिलाड़ियों को अच्छा क्रिकेटर ही नहीं अच्छा इंसान बनाना भी है

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि मैदान पर अनुशासित प्रदर्शन करने के लिए मैदान के बाहर अनुशासित जीवन जीना महत्वपूर्ण है और वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान युवा खिलाड़ियों को अच्छा क्रिकेटर बनाने के साथ अच्छा इंसान बनाना भी अपनी जिम्मेदारी समझते हैं। दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच पोंटिंग ने शुक्रवार को यहां एक कार्यक्रम के दौरान कहा, आप जितना अच्छा इंसान होंगे आपको उतना बेहतर खिलाड़ी बनने मे आसानी होगी।

### चिक्करंगप्पा संयुक्त छठे स्थान पर, आठ भारतीय गोल्फरों ने कट हासिल किया

**हांगकांग।** भारतीय गोल्फर एस चिक्करंगप्पा ने शुक्रवार को यहां 10 लाख डॉलर पुरस्कार राशि के वर्ल्ड सिटी चैम्पियनशिप के दूसरे दौर मे एक अंडर 69 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त चौथे से संयुक्त छठे स्थान पर खिसक गए। टूर्नामेंट मे नौ भारतीय गोल्फर हिस्सा ले रहे है जिसमे से आठ ने कट मे जगह बनाई। चिक्करंगप्पा का कुल स्कोर पांच अंडर है।

### भवानी देवी राष्ट्रीय तलवारबाजी चैम्पियनशिप में होंगी आकर्षण का केंद्र

**पुणे।** ओलंपियन भवानी देवी शनिवार से यहां शुरु होने वाली 33वी सीनियर राष्ट्रीय तलवारबाजी चैम्पियनशिप मे आकर्षण का केंद्र होंगी जिसमे 30 टीमो के प्रतिभागी पहला स्थान हासिल करने की कोशिश करेंगे। भारतीय तलवारबाजी संघ महाराष्ट्र तलवारबजी संघ और डीवाई पाटिल अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय के साथ मिलकर इस चैम्पियनशिप का आयोजन कर रहा है जो 28 मार्च को खत्म होगी। चैम्पियनशिप पुरुष और महिला दोनों वर्गो के लिए तीन स्पर्धाओं - फ्वाइल, एपी और सेबर - मे खेली जाएगी।

### 2022 में खेले गए क्रिकेट मैचों में 13 संदेह के दायरे में: स्पोर्टरडार रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** दुनिया भर मे 2022 मे खेले गए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट मैचों मे से 13 ऐसे थे जो संदेह के दायरे मे आए। स्पोर्टरडार इंटीग्रिटी सर्विसेज द्वारा प्रकाशित समीक्षा रिपोर्ट मे यह जानकारी मिली। स्पोर्टरडार इंटीग्रिटी सर्विसेज इकाई इंटीग्रिटी विशेषज्ञो की एक ऐसी अंतरराष्ट्रीय टीम है जो अनियमित सट्टेबाजी, मैच फिक्सिंग और खेलो मे अन्य तरह के भ्रष्टाचार का विश्लेषण करती है। सट्टेबाजी, भ्रष्टाचार और मैच फिक्सिंग के शीर्षक वाली 28 पन्नो की रिपोर्ट मे कहा गया है कि कैलेंडर वर्ष 2022 मे 92 देशो मे 12 खेल स्पर्धाओ मे 1212 मैच ऐसे थे जिन पर संदेह था

### कोलकाता में महिला मैच अधिकारियों की कार्यशाला शुरू

**कोलकाता।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) और रिलायंस फाउंडेशन यूथ स्पोर्ट्स (आरएफवाईएस) के आपस मे करार के बाद शुक्रवार से यहां महिला मैच अधिकारियो के लिए दो दिवसीय कार्यशाला शुरू की गई।महिला मैच अधिकारियो के लिए यह अपनी तरह की पहली कार्यशाला है जिसमे 30 महिला अधिकारी भाग ले रही है। यह महिला अधिकारी एआईएफएफ के अधिकारियो से प्रशिक्षण ले रहे है। कार्यशाला मे भाग लेने वाले रेफरी एआईएफएफ के तहत छह अलग-अलग केंद्रो शिलांग, कोलकाता, जमशेदपुर, आइजोल, हैदराबाद और खड़गपुर से पंजीकृत है।

### सलीमा को वर्ष की उदीयमान खिलाड़ी का पुरस्कार

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की मिडफील्डर सलीमा टेटे को 2022 मे शानदार प्रदर्शन के लिए एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) ने वर्ष की उदीयमान खिलाड़ी के पुरस्कार से सम्मानित किया है।कोरिया के मुंगयोग मे एशियाई हॉकी महासंघ की वार्षिक आम बैठक मे इस 20 वर्षीय खिलाड़ी को यह पुरस्कार प्रदान किया गया। सलीमा ने हॉकी इंडिया के बयान मे कहा, मै पिछले कई वर्षो की मेरी कड़ी मेहनत को पहचान देने के लिए एशियाई हॉकी महासंघ का आभार व्यक्त करती हूं।

# राजस्थान रॉयल्स के लिए अहम होगी सलामी जोड़ी और स्पिनर



भाषा। नई दिल्ली

**राजस्थान रॉयल्स** (आरआर) की टीम पिछले साल अपना दूसरा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) खिताब जीतने के करीब पहुंची थी लेकिन गुजरात टाइटन्स ने पदार्पण वर्ष में ट्राफी हथियाकर उनके लिए इसे निराशाजनक बना दिया था।

अब राजस्थान की टीम अपने मैच विजेता खिलाड़ियों के साथ 31 मार्च से शुरु हो रहे आगामी सत्र में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए बेताब होगी। टीम ने हालांकि कुछ खिलाड़ियों के चोटिल होने के बावजूद अपनी कोर टीम बरकरार रखी है। राजस्थान रॉयल्स का स्वोट ( स्ट्रेंथ, वीकनेस, ऑपोरच्यूनिटीज, थ्रेट - मजबूती, कमजोरी, मौके और खतरा) विश्लेषण इस प्रकार है।

**मजबूती:** टीम की मजबूती इसका बल्लेबाजी लाइन-अप है जिसमें यशस्वी जायसवाल और जोस बटलर की सलामी जोड़ी खतरनाक और यह सबसे ताकतवर दिखती है। टूर्नामेंट की अन्य टीमें इस जोड़ी से सतर्क रहेंगी। इंग्लैंड टी20 कप्तान बटलर 2023 सत्र तक लगातार रन बना रहे हैं। जायसवाल भी शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने विजय हजारे ट्राफी में लगभग 80 की औसत से 396 रन बनाए, वहीं सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 141.48 के शानदार स्ट्राइक रेट से 266 रन बनाए। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने बांग्लादेश ए के खिलाफ भारत ए के लिए शतक भी लगाया। टीम के मध्य क्रम में जो रूट और देवदत्त पडिक्कल, शिमरोन हेटमायर और प्रतिभाशाली रियान पराग के साथ कप्तान संजू सैमसन शामिल हैं। रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल की अनुभवी जोड़ी के साथ आस्ट्रेलियाई एडम जम्पा की मौजूदगी से स्पिन विभाग मजबूत दिखता है।

**कमज़ोरी:** सीमित ओवरों के क्रिकेट में एक हरफनमौला की भूमिका बहुत अहम होती है, जिसमें टीम कमजोर हो सकती है। वेस्टइंडीज के जेसन होल्डर के तौर पर टीम के पास एक ही बेहतरीन आलराउंडर है, लेकिन दक्षिण अफ्रीका के डोनोवन फेरेरा और घरेलू क्रिकेटर अब्दुल बासिथ और आकाश वशिष्ठ को अभी इस स्तर पर परखा नहीं जा सका है। लेकिन इम्पैक्ट प्लेयर नियम टीम के लिए बचाव का रास्ता बन सकता है क्योंकि इससे एक आलराउंडर की जरूरत कम हो जाती है। जयपुर की टीम के लिए गेंदबाजी चिंता का कारण हो सकती है। ट्रेंट बोल्ट को छोड़कर तेज गेंदबाजी आक्रमण सामान्य दिखता है। पीठ में फ्रैक्चर के कारण प्रसिद्ध कृष्णा आईपीएल में नहीं खेल पाएंगे जिससे राजस्थान रॉयल्स के लिए चीजें खराब हो गईं। अब जिम्मेदारी नवदीप सैनी, कुलदीप सेन और वेस्टइंडीज के ओबेद मैकॉय पर होगी। तेज गेंदबाजी जहां चिंता का विषय है तो स्पिन आक्रमण अश्विन, चहल और जम्पा के सुरक्षित हाथों में है जो टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ में से एक है।

**मौके :** तेज गेंदबाजी विभाग कमजोर दिख रहा है लेकिन सैनी, सेन, केएम आसिफ और दिल्ली के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज कुलदीप यादव के लिए आगामी सत्र अपनी छाप छोड़ने और अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का एक बड़ा मौका हो सकता है। साथ ही आगामी सत्र होल्डर और जम्पा को भी मौके प्रदान करेगा।

**खतरा :** पिछले रिकॉर्ड को देखें तो टूर्नामेंट राजस्थान रॉयल्स के लिए इतना अच्छा नहीं रहा है क्योंकि उनके नाम असफलताओं का इतिहास रहा है। टीम ने 2008 में दिवंगत शेन वार्न की कप्तानी में शुरुआती चरण का खिताब जीता था लेकिन इसके बाद पिछले साल तक यह सफर निराशाजनक रहा। पिछले साल टीम उपविजेता रही। टूर्नामेंट के इतिहास में टीम ने केवल तीन बार प्लेऑफ में जगह बनाई और दो साल के लिए निलंबित भी रही। लेकिन आगामी सत्र में कोच कुमार संगकारा की टीम निरंतर अच्छे प्रदर्शन से सफलता हासिल करना चाहेगी।

### तेज गेंदबाजी विभाग होगा चिंता का विषय

# गावस्कर ने धोनी की तारीफ की, सीएसके की 2018 में जीत उनकी नेतृत्व क्षमता के बारे में बताती है

भाषा। नई दिल्ली



**महान बल्लेबाज** सुनील गावस्कर ने दो साल के प्रतिबंध के बाद चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शानदार वापसी में खिताबी जीत को याद करते हुए टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की तारीफ की और कहा कि अपने खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराने की उनकी क्षमता ही उन्हें सबसे अलग बनाती है।आईपीएल का आगामी चरण 31 मार्च से शुरू हो रहा है। स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क से बात करते हुए गावस्कर ने कैप्टन कूल धोनी के आईपीएल करियर को याद करते हुए कहा कि उन्होंने किस तरह से अपनी टीम के खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाया था।

### हार्दिक पंड्या कप्तान के तौर पर एमएस धोनी की तरह : गुजरात टाइटन्स के स्पिनर आर साई किशोर

**मुंबई, 24 मार्च (भाषा) गुजरात टाइटन्स** के स्पिनर आर साई किशोर को लगता है कि उनकी फ्रेंचाइजी के कप्तान हार्दिक पंड्या नेतृत्व क्षमता के मामले में महान क्रिकेटर एमएस धोनी की तरह ही है। साई किशोर गुजरात की टीम से जुड़ने से पहले कुछ वर्षो तक चेन्नई सुपर किंग्स के साथ थे। इस तरह वह दोनों खिलाड़ियों को कप्तान के तौर पर करीब से देख चुके है। साई किशोर ने शुक्रवार को यहां वर्चुअल सत्र के दौरान मीडिया से कहा, हार्दिक और माही भाई जिस तरह से चीजों को करते है, उनका तरीका लगभग समान ही है, साथ दोनो बहुत ही शांत रहते है। उन्होने कहा, मै हार्दिक की एक काबिलियत का कायल हूं कि वह सफलता और विफलता दोनो को अच्छी तरह संभालता है, यह बहुत ही अनूठी चीज है।

### एनसीए ने भारतीय खिलाड़ियों पर निगरानी रिपोर्ट साझा नहीं की: सीईओ

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई और भारतीय टीम प्रबंधन राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों के कार्यभार प्रबंधन पर नजर रखे हैं लेकिन दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी धीरज मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीमों को अभी तक कोई भी विशेष निर्देश नहीं मिले हैं। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के साथ महाप्रबंधक के तौर पर काम कर चुके मल्होत्रा ने कहा कि राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमीने संबंधित फ्रेंचाइजी से जुड़े सभी भारतीय खिलाड़ियों की एक विस्तृत कार्यभार निगरानी रिपोर्ट साझा की है। इससे निश्चित रूप से आईपीएल टीम की चिकित्सा इकाई को देश की मूल संस्था के साथ मिलकर काम करने में मदद मिलती है। यह पूछने पर कि विश्व कप संभावित खिलाड़ियों के कार्यभार प्रबंधन के लिए कोई विशेष निर्देश मिला है तो उन्होंने पीटीआई से कहा, अभी तक नही।

# रुद्राक्ष को कांस्य पदक, चीन का स्वर्णिम अभियान जारी

## निशानेबाजी विश्व कप

भाषा। भोपाल



मौजूदा विश्व चैम्पियन रुद्राक्ष पाटिल ने यहां आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्वकप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में कांस्य पदक जीता जबकि चीन ने लगातार दूसरे दिन दांव पर लगे दोनों स्वर्ण पदक हासिल किए। तोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाले चीन के निशानेबाज शेंग लिहाओ ने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीता, जबकि उनकी हमवतन और पिछले साल काहिरा विश्व चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली हुआंग युटिंग ने महिलाओं की स्पर्धा में सोने का तमगा हासिल किया। चीन ने प्रतियोगिता के तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद पांच स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य के साथ पदक तालिका में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा। भारत एक स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदक के साथ दूसरे स्थान पर है। रुद्राक्ष क्वालिफिकेशन में 631 अंक बनाकर चौथे स्थान पर रहे थे। फाइनल में एक समय पदक की दौड़ से बाहर लग रहे थे लेकिन चौथी सीरीज में उन्होंने सर्वाधिक 53.5 अंक बनाए जिससे वह कांस्य पदक जीतने में सफल रहे। रमिता ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल के क्वालिफिकेशन में 632.3 अंक बनाकर फाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने फाइनल में 261.2 अंक बनाए और आखिर में चौथे स्थान पर रही। कजाखस्तान की एलेक्जेंड्रा ले ने उन्हें कांस्य पदक की दौड़ में पीछे छोड़ा। चीन की हुआंग युटिंग ने अमेरिका की मैरी टकर को 16-4 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। यह चीन का प्रतियोगिता में पांचवां स्वर्ण पदक था।

### आईपीएल में खुद को साबित करना चाहेंगे डेविड वॉर्नर : शेन वाटसन

**मुंबई।** पूर्व आस्ट्रेलियाई आल राउंडर और दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच शेन वाटसन ने कहा कि टीम के नए कप्तान डेविड वॉर्नर 31 मार्च से शुरु हो रही इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र में खुद को साबित करना चाहेंगे। ऋषभ पंत पिछले साल दिसंबर में कार दुर्घटना में घायल होने कारण आईपीएल 2023 सत्र में नहीं खेल पाएंगे जिससे वॉर्नर को दिल्ली कैपिटल्स का कप्तान नियुक्त किया गया। वार्नर पहले भी दिल्ली की फ्रेंचाइजी की कप्तानी कर चुके हैं तब इसका नाम दिल्ली डेयरडेविल्स था और आईपीएल में कप्तान के तौर पर उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद के साथ सफलता मिली जब उनकी अगुआई में टीम ने 2016 चरण का खिताब जीता था। पर बल्ले से खराब फॉर्म और फिर टीम प्रबंधन से कुछ मनमुटाव के कारण 2021 सत्र में उन्हें बाहर कर दिया गया। वह 2022 सत्र में दिल्ली कैपिटल्स से जुड़े थे। वह विदेशी खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा रन जुटाने वाले खिलाड़ी हैं और उनके नाम 5,881 रन हैं।

# सिंधू बाहर, सात्विक-चिराग की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में

भाषा। बासेल



**ओलंपिक में** दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधू महिला एकल के दूसरे दौर में इंडोनेशिया की गैर वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वारदानी से तीन गेम तक चले रोमांचक मैच में हार कर बाहर हो गई जिससे उनका स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपने खिताब का बचाव करने का सपना भी चकनाचूर हो गया। विश्व में नौवें नंबर की खिलाड़ी और यहां चौथी वरीयता प्राप्त सिंधू को 38वीं रैंकिंग की वारदानी से 15-21, 21-12, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। यह इन दोनों खिलाड़ियों के बीच पहला मुकाबला था। लेकिन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दूसरी वरीयता प्राप्त पुरुष जोड़ी ने कड़े मुकाबले में ताइवान की फेंग चीह ली और फेंग जेन ली की जोड़ी पर 12-21, 21-17, 28-26 से जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करके भारत की उम्मीदें बरकरार रखी। विश्व में छठे नंबर की इस भारतीय जोड़ी का अगला मुकाबला डेनमार्क के जेपी बे और लासे मोल्हेडे की जोड़ी से होगा। इससे पहले गुरुवार को दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी और पांचवें वरीय एचएस प्रणय दूसरे दौर में फ्रांस के गैरवरीय क्रिस्टो पोपोव से सीधे गेम में 8-21, 8-21 से हारकर बाहर हो गए। एक अन्य भारतीय खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत को हांगकांग के चेउक यिउ ली से 22-20, 21-17 के हार का सामना करना पड़ा। राष्ट्रीय चैंपियन मिथुन मंजूनाथ भी दूसरे दौर में चीनी ताइपे के चिया हाओ ली से 19-21, 10-21 से हारकर बाहर हो गए।

### भारत को सैफ अंडर-17 महिला चैम्पियनशिप में बांग्लादेश से हार मिली

भाषा। ढाका

**भारत को** शुक्रवार को यहां सैफ अंडर-17 महिला फुटबॉल चैम्पियनशिप में मेजबान बांग्लादेश से 0-। से हार का सामना करना पड़ा जो टूर्नामेंट में उसकी पहली शिकस्त थी। भारत ने गोल करने के कई मौके गंवाए। बांग्लादेश के लिए अखिला ने 73वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को जीत दिलाई।


### रोनाल्डो व केन के नए रिकॉर्ड, अपनी टीमों को दिलाई जीत

**लंदन।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो और हैरी केन ने 2024 में होने वाली यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वालीफाइंग मैचों में गुरुवार को नए रिकॉर्ड बनाए और अपनी टीम को जीत दिलाई। पुर्तगाल के रोनाल्डो पहले ही पुरुष फुटबॉल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं और अब उनके नाम पर सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय मैचों में खेलने का नया रिकॉर्ड भी दर्ज हो गया है।

# निकहत, लवलीना, नीतू और स्वीटी की निगाहें स्वर्ण पदक पर

भाषा। नई दिल्ली



**निकहत** जरीन, लवलीना बोरगोहेन, नीतू गंघास और स्वीटी बूरा महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के फाइनल में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए घरेलू प्रशंसकों के सामने अपने पदकों का रंग बदलने के लिए बेताब होंगी। चारों भारतीयों ने गुरुवार को यहां अपने सेमीफाइनल जीतकर कम से कम रजत पदक पक्का कर लिया है। निकहत के पास महान मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम के बाद एक से ज्यादा बार यह प्रतिष्ठित खिताब अपनी झोली में डालने वाली दूसरी भारतीय बनने का मौका होगा। मैरीकॉम छह बार की विश्व चैम्पियन हैं। निकहत पेरिस ओलंपिक से 52 किग्रा को हटाए जाने के बाद इससे कम 50 किग्रा वर्ग में खेल रही हैं। लाइट फ्लाईवेट वर्ग में इस 26 साल की निकहत का फाइनल तक का सफर सभी भारतीय मुक्केबाजों में सबसे कठिन रहा जो सभी पांचों मुकाबलों में मजबूत प्रतिद्वंद्वियों से भिड़कर यहां तक पहुंची। वह अब दो बार की एशियाई चैम्पियन वियतनाम की एनगुएन थि ताम से भिड़ेंगी। निकहत ने तीन मुकाबले लगातर लड़े और उन्होंने स्वीकार भी किया वह थक गई थीं लेकिन फाइनल से पहले उन्हें दो दिन का ब्रेक मिला जो उबरने के लिए अहम रहेगा। निगाहें लवलीना पर भी लगी होंगी जो कांस्य पदक के फेर से निकलकर राहत महसूस कर रही होंगी। उन्होंने पहली बार विश्व चैम्पियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। असम की मुक्केबाज ने 2018 और 2019 चरण में कांस्य पदक जीते थे। तोक्यो ओलंपिक की पदक विजेता भी नए वजन वर्ग में खेल रही हैं।

### आईटीएफवर्ल्ड टूर में भारत के शशिकुमार मुकंद सेमीफाइनल में

**लखनऊ।** राजधानी में चल रहे अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट आईटीएफ 25 हजार डालर वर्ल्ड टूर के मुख्य दौर के एकल मुकाबलों में अब सिर्फ एक भारतीय खिलाड़ी ही खिताब की दौड़ में बचे हैं। क्वार्टर फाइनल मुकाबले में भारत के एकमात्र खिलाड़ी पांचवी वरीयता प्राप्त शशिकुमार मुकुंद ने उलटफेर करते हुए दूसरी वरियता प्राप्त अमरीका के ओलिवर क्रॉफोर्ड को सीधे सेटों में 7-6 3, 6-2 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। पहले सेल में क्रोफेर्ड ने संघर्ष किया पर मुकंद के ग्राउंड स्ट्रोक्स का जवाब नहीं दे पाए। दूसरे सेट में तो मुकुंद ने जैसे जीत का मन ही बना लिया था। आज हुए क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में विदेशी खिलाड़ियों की धूम रही। शीर्ष वरीयता प्राप्त वियतनाम के नैम होंग ने टूर्नामेंट में अब तक बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे भारत के सिद्धार्थ विश्वकर्मा को 7-6,4,6-3 से हराकर अंतिम चार में अपनी जगह पक्की कर ली।